पौष शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2080
कानपुर, गुरुवार, 18 जनवरी 2024
वर्ष 2, अंक 148, पृष्ठ 16
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



तारों के निर्माण की नई जानकारी सामने आई 16
इंशाअल्लाह में शाहरुख खान की एंट्री 15

हवा में उड़ रहे जहाज के शौचालय में फंसा यात्री

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ टिकट के पैसे वापस करेगी स्पाइस जेट एयरलाइंस

स्पाइसजेट का एक यात्री दरवाजे का लॉक खराब होने के कारण विमान के शौचालय में करीब एक घंटे तक फंसा रहा। घटना के समय विमान हवा में था। स्पाइसजेट के प्रवक्ता के अनुसार, यह घटना मंगलवार को मुंबई से बेंगलुरु जा रही उड़ान में हुई और एयरलाइन यात्री को टिकट के पूरे पैसे वापस कर रही है। एक अधिकारी ने कहा कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) इस घटना की जांच कर रहा है।

एयरलाइन ने यात्री को हुई असुविधा के लिए माफी भी मांगी है। विमान के बेंगलुरु हवाई अड्डे पर उतरने के तुरंत बाद एक इंजीनियर ने शौचालय का दरवाजा खोला और तब जाकर यात्री बाहर आ पाया। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, '16 जनवरी को मुंबई से बेंगलुरु जा रही स्पाइसजेट की उड़ान में दरवाजे के लॉक में खराबी के कारण एक यात्री दुर्भाग्य से लगभग एक घंटे तक शौचालय के अंदर फंसा रहा। यात्री को टिकट का पूरा पैसा वापस किया जा रहा है।'

भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रामसेवकपुरम से जन्मभूमि में लाया गया विग्रह

मंदिर पहुंचे रामलला, आज सिंहासन पर होंगे विराजमान

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचारः कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुधवार रात रामलला का नूतन विग्रह राम जन्मभूमि परिसर में पहुंच गया, जिसे गुरुवार को गर्भगृह में सिंहासन पर स्थापित कराया जाएगा। रामसेवकपुरम से बंद डीसीएम में विग्रह को रखकर राम जन्मभूमि परिसर के गेट नंबर दो से प्रवेश कराया गया। मूर्तिकार अरुण योगीराज के द्वारा तराशी गई 51 इंच की प्रतिमा श्याम रंग की है। दो टन वजन वाली प्रतिमा फिलहाल अभी ढकी हुई है।

रामसेवकपुरम से पहले विवेक सृष्टि से प्रतिमा लेकर बुधवार शाम कड़ी सुरक्षा के बीच निकला डीसीएम धर्म पथ, रामपथ और भक्ति पथ से होता हुआ हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचा। इसके बाद दशरथ महल के रास्ते रंगमहल से होते हुए जन्मभूमि परिसर के गेट पर पहुंचा। जगह-जगह पर श्रद्धालु स्वागत में जय श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे। यात्रा में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय सहित वैदिक आचार्य की टीम शामिल रही। इस दौरान सुरक्षा के लिए एटीएस, पीएससी, सिविल पुलिस के साथ बख्तर बंद वाहन भी शामिल रहे। विग्रह के परिसर में पहुंचने से पहले ड्रोन से निगरानी कराई गई और जिन-जिन मार्गों से होकर विग्रह गुजरा, उनको पूरी तरह खाली करा दिया गया।

हवन मंडप में स्थापित होगा जल : यजमान डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि दूसरे दिन की पूजा संपन्न हुई। मां सरयू की पूजा-अर्चना की गई। कलश की पूजा अर्चना हुई है। अनुष्ठान संपन्न करा रहे काशी के विद्वान जय कृष्ण दीक्षित ने बताया कि अनुष्ठान में कलश यात्रा का कार्यक्रम था, लेकिन सुरक्षा कारणों और राम भक्तों की सुविधा को देखते हुए यह आयोजन भव्य रूप से न होकर सूक्ष्म किया गया। कलश पूजन और मां सरयू के पूजन के साथ यह जल ले जाकर हवन मंडप में स्थापित किया जाएगा। 18 जनवरी से आगे के सभी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे।

रजत प्रतिमा का कराया भ्रमण, सिंहासन पूजा भी हुई

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत श्रीराम की रजत प्रतिमा को पालकी में विराजमान कर मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्रा ने जन्मभूमि परिसर का भ्रमण कराया। काशी से आई विद्वत मंडली के सदस्य वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए साथ चलते रहे। इस दौरान रजत प्रतिमा पर पुष्प वर्षा की गई। पूरे परिसर में जगह-जगह पर सुंदर सजावट भी की गई थी। गर्भगृह में सिंहासन पूजन भी किया गया।

कलश लेकर पहुंचे मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्रा

महोत्सव के अंतर्गत चल रहे अनुष्ठान में दूसरे दिन बुधवार को सबसे पहले ट्रस्ट के सदस्य और मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्रा ने अपनी पत्नी के साथ सरयू तट के किनारे मां सरयू का पूजन-अर्चन किया। उसके बाद कलश लेकर अनिल मिश्रा सभी वैदिक विद्वानों के साथ राम जन्मभूमि परिसर पहुंचे।

सच यह है कि राम मंदिर आंदोलन की वजह से मैं संन्यासी हूं: योगी

मुख्यमंत्री ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर विपक्षी दलों के आरोपों को किया सिरे से खारिज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का श्रेय लेने के प्रयास के विपक्षी दलों के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि राम मंदिर आंदोलन की वजह से वह संन्यासी हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर में जो भी सेवक बन कर आएगा, उसका स्वागत किया जाएगा। इस प्रतिक्रिया के साथ योगी ने तर्क भी दिया कि अगर वह मुख्यमंत्री नहीं होते तो भी राम मंदिर आंदोलन में जुड़े होते और सबसे पीछे की कुर्सी पर बैठकर भी गौरवान्वित होते। यह समय श्रेय लेने का नहीं है, राम तो हमारे परम पिता परमेश्वर हैं।

राजधानी के एक होटल में बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'मंदिर का आमंत्रण कांग्रेस, सपा समेत सभी दलों को मिला है। उन्हें राम मंदिर में आने से किसी ने रोका नहीं है। वे राम के सेवक बनकर आएं, जो राम का सेवक बनकर आएगा, उसका स्वागत है। राम मंदिर आंदोलन में हम सब बहुत पहले से जुड़े हैं। सच तो यह है कि राम मंदिर आंदोलन की वजह से मैं संन्यासी हूं।' मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि उनके गुरुदेव राम मंदिर के आंदोलन के अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं में से एक थे। उस कालखंड में भी उनके मन में इस आंदोलन का नेतृत्व था और गोरखपीठ उनके साथ थी।

गुरु, आरएसएस और विहिप के नेतृत्व में आंदोलन आगे बढ़ा

योगी के मुताबिक, उनके गुरु, आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में ये आंदोलन आगे बढ़ा था। अब रामलला प्रकट हो रहे हैं, इससे ज्यादा उत्साह की बात और क्या हो सकती है। योगी ने कहा, हम लोग रामभक्त और राम के सेवक के रूप में मंदिर में मौजूद रहेंगे। हमें सौभाग्य मिला है कि हम रामकाज में सहभागी बन गए हैं। जिस काम को दर्जनों पीढ़ियां नहीं देख पाईं, वो समय 500 साल बाद आया है।

▸▸ योगी बोले- मंदिर में जो भी सेवक बन कर आएगा, उसका स्वागत किया जाएगा

मोदी सरकार के बिना असंभव था राम मंदिर का निर्माण

राम मंदिर के लिए तीन लाख से ज्यादा लोग शहीद हुए और 76 से ज्यादा बार संघर्ष हुआ। राम मंदिर आंदोलन से जुड़े लोग गोरखपीठ आते रहते थे। मेरे गुरु और दादा गुरु इस आंदोलन में शामिल रहे। अब मैं इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनूंगा, ये मेरा सौभाग्य है। अगर केंद्र में मोदी सरकार नहीं होती तो अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कार्य असंभव था। हम सब उस अभियान के हिस्से हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और अन्य पार्टियों के चरित्र को जनता जानती है।

एक नजर

ईडी अधिकारियों पर हमलों की जांच के लिए एसआईटी गठित

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में 5 जनवरी को टीएमसी नेता शाहजहां शेख के घर के सामने ईडी के अधिकारियों और केंद्रीय बलों पर हमले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। ईडी अधिकारियों और केंद्रीय बलों पर उस समय हमला किया गया, जब वे पश्चिम बंगाल में राशन घोटाले मामले में छापा मारने गए थे।

महाराष्ट्रः विस अध्यक्ष के फैसले पर 22 को सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट को असली राजनीतिक दल घोषित करने के विधानसभा अध्यक्ष के आदेश के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर सुनवाई 22 जनवरी तक के लिए टाल दी। ठाकरे गुट की ओर से सोमवार को दायर की गई याचिका शीर्ष अदालत रजिस्ट्री द्वारा प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष 19 जनवरी के लिए सूचीबद्ध की गई थी। ठाकरे गुट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि सुनवाई इस शुक्रवार के बजाय अगले सप्ताह सोमवार को की जाए।

सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च का लाइसेंस निरस्त

नई दिल्ली। सरकार ने नियमों के कथित उल्लंघन के लिए प्रमुख थिंक टैंक 'सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च' का विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) पंजीकरण रद कर दिया है। गृह मंत्रालय द्वारा यह कदम एफसीआरए के तहत गैर-लाभकारी संस्था (एनजीओ) के पंजीकरण को निलंबित करने के लगभग एक साल बाद उठाया गया है। आयकर विभाग द्वारा की गई छापेमारी के बाद से थिंक-टैंक जांच के दायरे में है।

खुलासा — एक प्रवक्ता, दो संस्थान और दो वेतनमान

डिग्री कॉलेज व परिषदीय स्कूल में रही तैनाती, दोनों जगहों से उठाया वेतन

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : प्रवक्ता एक, संस्थान दो, जुगाड़ के बल पर दोनों जगहों से वेतनमान लेते रहे। सरकारी सिस्टम का यह गजब खेल उस समय सामने आया, जब आरटीआई से मिले एक जवाब में शिक्षकों ने एक ही समयांतराल के दौरान उच्च और बेसिक शिक्षा दोनों विभागों में ही नौकरी कर डाली। बाकायदा लाखों रुपये वेतन दोनों जगहों से लिया। हड़कंप तब मचा, जब एक शिकायतकर्ता आरटीआई सहित अन्य साक्ष्यों से जुड़े दस्तावेज लेकर खुद संसदीय एवं सद्भावना समिति के सभापति के पास पहुंच गया।

सपा सरकार में हुए इस मामले को देखते हुए सभापति ने उच्च शिक्षा निदेशक को जांच के आदेश दिए। इस मामले में निदेशक द्वारा टीम गठित की गई। शिकायतकर्ता के बयान दर्ज कर दोनों जिलों मैनपुरी और कानपुर के बीएसए से आख्या मांगी गई है।

मामला वर्ष 2006-2014 के बीच नौ बीएड कॉलेजों (स्ववित्त पोषित) से जुड़ा हुआ है। तत्कालीन सपा सरकार द्वारा शिक्षक हित का हवाला देते हुए बीएड पाठ्यक्रम में कार्यरत अर्ह प्रवक्ताओं को वेतन संदाय खाते से भुगतान का निर्णय लिया गया। इस पर ब्रह्मानंद महाविद्यालय राठ हमीरपुर के बीएड प्रवक्ता सलिल कुमार तिवारी ने आरटीआई डाली। जब उत्तर मिला तो घालमेल साफ नजर आया। शासकीय नियम के अनुसार कोई भी व्यक्ति दो पदों पर कार्य करते हुए दोनों विभागों से वेतन नहीं प्राप्त कर सकता है, लेकिन 14 प्रवक्ताओं पर उंगली उठी। इसी को लेकर बीते दिन प्रवक्ता सलिल कुमार तिवारी व उनके साथी संसदीय एवं सद्भावना समिति के सभापति आशुतोष सिन्हा से मिले। आरटीआई व अन्य माध्यमों का हवाला दिया। तूल पकड़ते प्रकरण में उच्च शिक्षा निदेशक प्रोफेसर ब्रह्मदेव ने जांच कमेटी गठित की।

सलिल तिवारी
शिकायतकर्ता

▸▸ संसदीय एवं सद्भावना समिति के सभापति के पास पहुंचा मामला

इस तरह हुआ सरकारी खजाने का दुरुपयोग

शिकायत के बाद सपा कार्यकाल की नियुक्ति और उससे जुड़ा मैनपुरी जनपद फिलहाल चर्चा में है। आरोप है कि डॉ. विकास मिश्रा की बेसिक शिक्षा विभाग में नियुक्ति वर्ष 2003 में मैनपुरी जनपद में हुई थी। शिकायतकर्ता द्वारा प्राप्त की गई आरटीआई और ई सर्विस बुक (मानव संपदा) के रिकार्डों और आरोपों को मानें तो 1 मई वर्ष 2014 से 31 अगस्त 2014 तक डॉ. विकास द्वारा वेतन एरियर के रूप में प्राप्त किया गया। वहीं इन्हीं के द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग मैनपुरी से 1 मई 2014 से 31 अगस्त 2014 का भी वेतन लिया गया। ऐसे में सरकारी खजाने से उच्च शिक्षा और बेसिक शिक्षा विभाग के कोष से अकेले लगभग 10 लाख की धनराशि का आहरण हुआ। कुछ इसी तरह के आरोप डॉ. अभिनव सिंह पर लगे हैं। इनकी नियुक्ति कानपुर नगर के एक प्राइमरी विद्यालय में हुई थी। इसी अवधि में दो विभागों के कोषों से धन आहरण होने का दावा किया गया है।

आईएसआईएस आतंकी फैजान को एटीएस ने अलीगढ़ से दबोचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 25 हजार का था इनाम, एएमयू से कर रहा था एमएसडब्ल्यू

अमृत विचारः आईएसआईएस के फरार आतंकी फैजान बख्तेयार को यूपी एटीएस ने बुधवार को अलीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। एटीएस उसे रिमांड पर लेकर उसके बारे में व पूर्व में गिरफ्तार साथियों के अन्य सहयोगियों के बारे में जानकारी हासिल करेगी। अब्दुल्ला अर्सलान, माज बिन तारिक और वजीहुद्दीन समेत अब तक कुल आठ को एटीएस गिरफ्तार कर चुकी है। 25 हजार का इनामी अब्दुल समद मलिक ने बीते दिनों अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया था।

प्रयागराज के मूल निवासी फैजान बख्तेयार अलीगढ़ के वीएम (वकार उलल मुल्क) हाल, रूम नंबर एम 9 में रहता था। वह अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से एमएसडब्ल्यू (मास्टर इन सोशल वर्क) कर रहा था। एटीएस के मुताबिक, फैजान ने पूछताछ में बताया कि उसने प्रयागराज के रहने वाले रिजवान अशरफ से आईएसआईएस की शपथ ली थी। पूर्व में गिरफ्तार अपने साथियों के साथ मिलकर वह अलीगढ़ में आईएसआईएस का मॉड्यूल तैयार कर अन्य लोगों को भी इसमें जोड़ रहा था। एटीएस के अनुसार अलीगढ़ आईएसआईएस मॉड्यूल का नेटवर्क कई जनपदों में फैला हुआ था। ये सभी कोई बड़ी आतंकी घटना करने की फिराक में थे। आईएसआईएस के अलीगढ़ मॉड्यूल के ध्वस्त होने के बाद से फैजान छिपकर रह रहा था।

आयुष्मान भारत योजना में बीमा कवर होगा दोगुना

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार अपनी महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना के तहत बीमा कवर को दोगुना कर 10 लाख रुपये करने के प्रस्ताव पर काम कर रही है। इससे कैंसर और अंग प्रत्यारोपण जैसे महंगे इलाज में मरीजों की अधिक मदद की जा सकेगी।

सूत्रों ने बताया कि इसकी घोषणा 1 फरवरी को अंतरिम बजट भाषण में की जा सकती है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से किसान सम्मान निधि प्राप्त करने वालों, निर्माण कामगारों और आशा कार्यकर्ताओं को अगले तीन साल में जोड़कर लाभार्थियों की संख्या 100 करोड़ करने की योजना बना रहा है।

सेंसेक्स में बीते 18 महीने की सबसे बड़ी गिरावट

शेयर बाजार धराशायी

▸▸ 1,628 अंक की गिरावट, निफ्टी भी 21600 से फिसला

मुंबई, एजेंसी। लगातार रिकॉर्ड छलांग लगा रहा शेयर बाजार बुधवार को बड़ा गोता लगाकर धराशायी हो गया। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स और निफ्टी दो-दो प्रतिशत से ज्यादा फिसले। भारी बिकवाली के बीच सेंसेक्स 1,628.01 अंकों यानी 2.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,500.76 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर निफ्टी 473.35 अंकों यानी 2.15 प्रतिशत प्रतिशत फिसलकर 21,558.95 के लेवल पर बंद हुआ। इस दौरान बाजार में बैंकिंग और मेटल सेक्टर के शेयरों में भारी बिकवाली दिखी।

प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में यह प्रतिशत के संदर्भ में 13 जून, 2022 के बाद एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट है। हाल में शेयर बाजार में तेजी के बाद यह भारी गिरावट आई है। बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को अब तक के उच्चतम स्तर 73,427.59 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 22,124.15 अंक तक चला गया था।

निवेशकों को एक दिन में 4.59 लाख करोड़ रुपये की चपतः नई बुधवार को शेयर बाजार में भारी गिरावट से निवेशकों को 4.59 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी। बाजार में दो दिनों की गिरावट से निवेशकों की संपत्ति 5,73,576.83 करोड़ रुपये घट गई है।

महुआ मोइत्रा को सरकारी बंगला तत्काल खाली करने का आदेश

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस की निष्कासित सांसद महुआ मोइत्रा को सरकारी बंगला खाली करने का आदेश दिया गया है। निष्कासन के बाद संपत्ति निदेशालय की ओर से उन्हें तीसरी बार सरकारी घर छोड़ने को कहा गया है। मोइत्रा को तुरंत घर खाली करने को कहा गया है।

▸▸ लोकसभा से निष्कासन के बाद संपत्ति निदेशालय ने दिए निर्देश

एक सूत्र ने कहा, ''चूंकि उन्हें (मोइत्रा) मंगलवार को घर खाली करने का नोटिस जारी किया गया तो अब सपंत्ति निदेशालय के अधिकारियों की एक टीम यह सुनिश्चित करने के लिए भेजी जाएगी कि सरकारी बंगला जल्द से जल्द खाली हो जाए।'' महुआ को पिछले साल 8 दिसंबर को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था। इसके बाद 7 जनवरी तक उन्हें सरकारी घर खाली करने के लिए कहा गया। दूसरी बार 12 जनवरी को भी उन्हें घर खाली करने का नोटिस दिया गया था। अब यह तीसरा नोटिस भेजा गया है।

मणिपुर में सुरक्षाबलों पर हमला, एक कमांडो शहीद

इंफाल, एजेंसी

▸▸ उपद्रवियों ने पुलिस चौकी पर बम फेंके, राज्य सरकार ने केंद्र से हेलीकॉप्टर मांगे

मणिपुर के तेंगनोउपल जिले के सीमावर्ती शहर मोरेह में कुकी उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों के एक वाहन पर बुधवार को हमला कर दिया, जिसमें राज्य पुलिस का एक कमांडो शहीद हो गया। पुलिस ने बताया कि शहीद की पहचान मोरेह में राज्य पुलिस कमांडो के रूप में तैनात भारतीय रिजर्व बटालियन के जवान वांगखेम सोमोरजीत के रूप में की गई है। सोमोरजीत इंफाल वेस्ट जिले के मालोम के रहने वाले थे।

इस बीच मणिपुर सरकार ने मोरेह में कानून व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर आपातकालीन जरूरतों को देखते हुए गृह मंत्रालय से हेलीकॉप्टर की मांग की है। मणिपुर सरकार ने गृह मंत्रालय से कम से कम सात दिनों के लिए हेलीकॉप्टर मांगे हैं। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों की बुधवार सुबह मोरेह शहर में तीन अलग-अलग स्थानों पर संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ हुई। उसने बताया कि उग्रवादियों ने एसबीआई मोरेह के पास सुरक्षा बलों की एक चौकी पर बम फेंके और गोलीबारी की, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की।

जमीन घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा से ईडी ने की पूछताछ

नई दिल्ली। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा से बुधवार को ईडी ने धनशोधन मामले में पूछताछ की। वह छह घंटे से अधिक समय तक मध्य दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में रहे। यह पूछताछ गुरुग्राम में एक कथित भूमि घोटाले से जुड़ी धनशोधन जांच से संबंधित थी, जिसमें हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (हुडा) शामिल था। इससे पहले ईडी ने 2004-07 के दौरान गुरुग्राम के मानेसर में भूमि अधिग्रहण में अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के अन्य मामले में और फिर कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रवर्तित एजेएल के खिलाफ एक मामले में उनसे पूछताछ की थी।

गौरव के क्षण — उज्जैन के महाराजा विक्रमादित्य ने खंडहर बन चुकी अयोध्या का पांच कोस में किया था पुनरुद्धार, बनवाए थे 360 मंदिर

विक्रमादित्य से 17 गुना अधिक क्षेत्र में सज रही नव्य अयोध्या

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचारः महाराज विक्रमादित्य के शासनकाल (57 ईसापूर्व-19ई) के बाद से अब सत्रह गुना अधिक क्षेत्र में सज रही मूल अयोध्या, नव्य अयोध्या और 84 कोसी आध्यात्मिक क्षेत्र के रामायणकालीन सवा तीन सौ स्थलों और ऋषि-मुनियों के आश्रम पूरे विश्व को आधुनिक भारत की सांस्कृतिक राजधानी का संदेश दे रहे हैं। ऐसे अवसर पर अयोध्यावासी त्रेतायुग के बाद फिर असीम काल तक होने वाले गौरव की अनुभूति से आह्लादित और भविष्य की जिम्मेदारी भी समझ रहे हैं।

एक समय था, जब खंडहर बन चुकी त्रेतायुग की अयोध्या को उज्जैन के महाराजा विक्रमादित्य ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर सहित पांच कोस में 360 मंदिरों का पुनरुद्धार करके जीवंत किया। पांच सौ साल के संघर्ष व प्रतीक्षा के बाद आज से ठीक पांचवें दिन श्रीराम जन्मभूमि पर बने नव्य मंदिर में रामलला विराजेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की साधना से अयोध्या में चल रहे विकास के महायज्ञ को देख पूरा विश्व चौंधियाया हुआ है। अब मूल अयोध्या की पौराणिकता सजाने के लिए रामकोट स्थित श्रीराम जन्मभूमि से दो किलोमीटर की परिधि में पौने दो सौ जर्जर होकर ढह रहे पौराणिक स्थलों के पुनरुद्धार का जिम्मा केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय समेत प्रदेश के संबंधित विभाग के पास है।

ठुमुक-ठुमुक प्रभु चलई पराई.. की मनोहारी अनुभूति कराने वाले दशरथ महल को करीब तीन करोड़ रुपये खर्च करके सजाया जा रहा है। 40 हजार करोड़ की योजनाओं में पौराणिक नामों से फोर लेन पथ, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, नगर व उपनगर सज रहे हैं।

श्री अयोध्याजी तीर्थ विकास परिषद में आएगा 138 गुना क्षेत्र

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में श्री अयोध्याजी तीर्थ विकास परिषद का गठन किया है। इसके गठन से विकास की असीम संभावनाओं के केंद्र में अयोध्या विकास प्राधिकरण की 6325 .24 हेक्टेयर में बसी कुल 3 लाख 31 हजार 162 की आबादी को बढ़ाकर अब 87 हजार 261 हेक्टेयर में बसी 8 लाख 73 हजार 373 आबादी को जोड़ा जा रहा है। यह प्रस्ताव पहले अयोध्या विकास प्राधिकरण के विस्तार का था, लेकिन तीन जिले की कई कानूनी अड़चनों से अब तीर्थ विकास परिषद के जरिए समन्वित कार्य होगा। इससे सरयू के दोनों तट का सीमाई विस्तार होगा।

अयोध्या से जुड़ेगी स्वामीनारायण की जन्मस्थली

गुजरात में सर्वाधिक पूजनीय भगवान स्वामीनारायण की जन्मस्थली अयोध्या से करीब 40 किमी दूर गोंडा जिले के छपिया में है। अयोध्या उनकी रमण भूमि रही है। गुजरात के श्रद्धालु पहले अयोध्या आकर सरयू स्नान और दर्शन-पूजन करते हैं। फिर स्वामीनारायण का दर्शन पूर्ण माना जाता है। इसको ध्यान में रखते हुए गोंडा के नवाबगंज नगरपालिका समेत 62 गांवों को तीर्थ विकास परिषद में शामिल करके छपिया से अयोध्या तक कारीडोर बनाने के साथ भक्तों की सुख सुविधाएं और रिहायशी कालोनियां विकसित करने की योजना है। यहां उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अडानी निवेश की इच्छा जता चुके हैं।

नाराज अपर सचिव ने कहा, मेरे आने पर ही यहां सफाई की गई

सचिव ने आईआईएस भवन का निरीक्षण किया, अधिकारियों के साथ बैठक भी की

अभिषेक वर्मा, कानपुर

अमृत विचार। पीएम नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट आईआईएस (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल) को जल्द खोलने की तैयारी है। इसको लेकर अधिकारियों का दौरा भी शुरू हो गया है। बुधवार को कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) की अपर सचिव व महानिदेशक (प्रशिक्षण) त्रिशालजीत सेठी और मंत्रालय के वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार नीलांबुज शरण ने एनएसटीआई कैंपस का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां बने नए भवन आईआईएस को भी देखा। इस दौरान वह अचानक हॉस्टल में बने मेस में पहुंची, यहां किचन में गंदगी देखकर वह भड़क गईं और अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि देखकर लग रहा है कि मेरे आने की खबर से पहले ही यहां सफाई हुई है।

अपर सचिव व महानिदेशक (प्रशिक्षण) त्रिशालजीत सेठी दोपहर करीब तीन बजे एनएसटीआई गोविंदनगर पहुंची।

कैंपस के निरीक्षण में गंदगी पर अपर सचिव ने नाराजगी जताई। अमृत विचार

66.13 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट है

12 अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं होंगी इसमें

2018 में इसका निर्माण शुरु हुआ

16251.52 वर्गमीटर में बन रहा है

यहां मुख्य गेट पर गंदगी और टूटी सड़कों को देखकर भी वह खफा दिखीं। हालांकि, अधिकारियों ने उन्हें बताया कि इसको लेकर उन्होंने नगर निगम व संबंधित अधिकारियों से पत्राचार किया है। इस समस्या को जल्द ठीक करा लिया जाएगा। इसके बाद वह कैंपस के अंदर खाली पड़े स्थल पर अधिकारियों के साथ पहुंच गईं। उन्होंने यहां झाड़ियों को देखकर कहा कि गंदगी को साफ कराया जाए। यहां बच्चे पढ़ते हैं। इसको लेकर लापरवाही नहीं बरती जाए। जमीनी हकीकत जानने के बाद त्रिशालजीत सेठी अधिकारियों के साथ कैंपस में बने आरडीएसडीई कार्यालय पहुंची, यहां संस्थान के छात्रों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान डिप्टी डॉयरेक्टर जनरल अनिल कुमार, आरडीएसडीई के क्षेत्रीय निदेशक जेडी मासीलामणि समेत व अन्य अधिकारी रहे।

- हॉस्टल के किचन में गंदगी देख भड़कीं, फटकार
- महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को जल्द खोलने की तैयारी

बहुद्देशीय हॉल और एयर थियेटर बनेगा

यहां भूतल और दो तल बन चुके हैं जिनमें लेबोरेटरी, क्लास रूम, बहुद्देशीय हॉल, स्टाफ रूम, एयर थियेटर, एलीवेटर, सौर ऊर्जा प्रणाली आदि को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

छात्र इसमें भी होंगे पारंगत

ऑटोमोबाइल लैब, सीएनसी लैब, कन्वेंसनल मशीन लैब, इंडस्ट्रीयल ऑटोमेशन लैब, मैक्रोनिक्स लैब, अपेरल सेक्टर, ब्यूटी सेक्टर, लेदर डिजाइन और कैड/कैम, आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस, आईटी, नेटवर्किंग, क्लाउड लैब।

आईआईएस का भवन लगभग बनकर तैयार है। अमृत विचार

पीएम ने दिसम्बर 2016 को रखी थी आधारशिला

कानपुर में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 दिसम्बर 2016 को रखी थी। जनवरी 2017 को इसका कार्य एनबीसीसी इंडिया लिमिटेड को दिया गया था। एनबीसीसी इंडिया लिमिटेड ने मई 2018 में कानपुर में इसका काम शुरू किया था। दो वर्ष में बिल्डिंग का कार्य पूरा करना था। लेकिन, 2023 में यह भवन बनकर तैयार हो पाया है। 16 हजार वर्ग मीटर से ज्यादा क्षेत्र में फैली यह इमारत अब लगभग तैयार है। इस परिसर में चार प्रमुख श्रेणियों मशीनिंग और विनिर्माण, डिजिटल प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी और विशेष प्रयोजन प्रौद्योगिकी के तहत कौशल विकास से संबंधित कम से कम 12 अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं होंगी।

संपर्क मार्ग सही करने के लिए लिखा पत्र

आरडीएसडीई के क्षेत्रीय निदेशक जेडी मासीलामणि ने नगर निगम को पत्र लिखकर कहा है कि संस्थान जाने वाले दादा नगर फ्लाई ओवर से लगे खराब संपर्क मार्ग को तुरंत सही किया जाये। उन्होंने बताया है कि आईआईएस बिल्डिंग में स्थापित करने के लिये मशीनरी और उपकरण को भारी वाहनों के माध्यम से संस्थान में प्रवेश कराना है। लेकिन, संस्थान तक जाने वाला संपर्क मार्ग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त है जिसे बनाया जाना जरूरी है। ताकि, मशीनरी के परिवहन में कोई दिक्कत न आ सके।

दिखाया गया प्रजेंटेशन

अपर सचिव व महानिदेशक (प्रशिक्षण) त्रिशालजीत सेठी ने अधिकारियों के साथ कांफ्रेंस हॉल में बैठक की। इस दौरान अधिकारियों ने उन्हें आईआईएस में चलने वाले कोर्सों व उसके संचालन से संबंधित बना प्रजेंटेशन दिखाया। यहां उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह प्रोजेक्ट पीएम का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है, इसलिए अधिकारी अपना 100 फीसदी योगदान दें। अपर सचिव व महानिदेशक (प्रशिक्षण) व मिनिस्ट्री से जुड़े अधिकारी अभी दो दिन और शहर में रहेंगे। गुरुवार को आईआईटी और शुक्रवार को एचएएल और आईआईटी पांडु नगर में बैठक करेंगे।

पनकी नहर पटरी मार्ग को सैद्धांतिक मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। पनकी नहर से रिंग रोड तक सात किलोमीटर लंबी फोर लेन सड़क बनाने के लिए मुख्य सचिव ने सैद्धांतिक सहमति दे दी है। जल्द ही लोक निर्माण विभाग की ओर से इसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाकर मुख्यालय को भेजी जाएगी। इसमें करीब ढाई से तीन सौ करोड़ रुपये खर्च आने का अनुमान है। पहले यह सड़क विषधन तक 1650 करोड़ की लागत से बननी थी।

पहले प्रस्तावित 62 किमी लंबे फोरलेन मार्ग निर्माण में सिंचाई विभाग के अड़ंगा लगाने के बाद प्रोजेक्ट अधर में लटक गया था। बाद में तय हुआ कि इसे सात किलोमीटर तक बनाकर रिंग रोड से जोड़ दिया जाए। विधायक सुरेंद्र मैथानी ने इस प्रोजेक्ट का प्रस्ताव मुख्य सचिव को दिया तो उन्होंने इस पर सैद्धांतिक सहमति दे दी। अब लोनिवि की ओर से पुनः सर्वे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी ताकि डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की जा सके। इसके बन जाने से दादानगर, पनकी, फजलगंज आदि औद्योगिक क्षेत्रों के उद्यमियों को लाभ मिलेगा। तब उनके वाहन शहर में आने या यहां से जाने के लिए नो इंट्री खत्म होने का इंतजार नहीं करेंगे।

> प्रोजेक्ट को लेकर मुख्य सचिव का सकारात्मक रुख है। उन्होंने सैद्धांतिक सहमति दे दी है। जल्द ही इसकी डीपीआर बनेगी और यह प्रोजेक्ट मंजूर होगा।
>
> – सुरेंद्र मैथानी, विधायक

- पावर प्लांट से रिंग रोड तक बनेगी सड़क, पहले विषधन तक सड़क की योजना थी

फोर लेन मार्ग निर्माण के निर्माण की योजना पांच साल पहले बनी थी, लेकिन यह परवान नहीं चढ़ सकी। हर बार कुछ न कुछ अड़ंगा लगता रहा। हालांकि अब इसे सात किलोमीटर लंबा ही बनाया जाएगा। इसमें करीब ढाई से तीन सौ करोड़ रुपये खर्च आने का अनुमान है। इसके बन जाने से नहर किनारे स्थित गांवों के लोगों को एक नया मार्ग तो मिलेगा ही पनकी, रतनपुर, शताब्दी नगर आदि इलाकों के लोग भी आसानी से रिंग रोड से लखनऊ, प्रयागराज, इटावा, हमीरपुर की ओर आ जा सकेंगे। पनकी, दादानगर, फजलगंज औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों को भी बड़ा लाभ होगा। उद्यमी आसानी से अपना माल आगरा, अलीगढ़, कन्नौज की ओर भेज सकेंगे।

व्हाट्सएप, ईमेल पर अंजान लिंक न खोलें

अतिथियों को पौधा देकर सम्मानित करते विजय कपूर। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। किसी के साथ अपने खातों की जानकारी साझा न करें। व्हाट्सएप और ईमेल पर आए अंजान लिंक को कभी न खोलें और सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय अपना विवरण व और अपनी दिनचर्या पोस्ट न करें। अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज ऑनलाइन डिजिटल रूप में सुरक्षित रखें। अगर ऑनलाइन फ्रॉड हो तो बिना देरी नेशनल साइबर क्राइम रिपोटिंग पोर्टल के टोल फ्री नंबर 1930 या 112 पर सूचना दें। अपने बैंक को जानकारी देते हुए, साइबर सेल या साइबर क्राइम पुलिस से संपर्क करें। कोआपरेटिव इस्टेट सभागार में बुधवार को साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस कार्यक्रम में ये जानकारी साइबर विशेषज्ञों ने दी।

चेयरमैन विजय कपूर की अध्यक्षता में साइबर सेल, एडीआरएफ के सहयोग से साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस पर कार्यक्रम हुआ। जिसमें उद्यमियों, व्यापारियों व श्रमिकों को ऑनलाइन क्राइम से बचाने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए। चेयरमैन विजय कपूर ने औद्योगिक प्रतिष्ठानों को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया। विजय कपूर ने साइबर क्राइम की टीम को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न भेंटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एडीआरएफ के साइबर क्राइम एक्सपर्ट राहुल श्रीवास्तव ने प्रोजेक्टर के माध्यम से ऑनलाइन अपराधों के नए-नए तरीकों की जानकारी दी। सेक्सटार्शन, पोर्नोफिकेशन, आटोमोटिव हैकिंग के साथ अपने वर्क स्पेस को कैसे सुरक्षित करें, इस पर विस्तार से चर्चा हुई। साइबर सेल के पुनीत तोमर ने कहा कि अपनी महत्वपूर्ण जानकारी, खाते आदि की डिटेल किसी के साथ साझा न करें। विजय कपूर ने अपील की कि महत्वपूर्ण जानकारियों को अपने कर्मचारियों, श्रमिकों, मित्रों और रिश्तेदारों तक पहुंचाएं। इस्टेट के उपाध्यक्ष सुरेश पुरी, निदेशक हरीश इसरानी, दिनेश कुशवाहा, विशाल खंडेलवाल, एसीपी क्राइम मोहसिन खान, एसीपी पनकी तेज बहादुर सिंह, साइबर सेल से सुनील, पुनीत तोमर, उद्यमी बलराम नरूला, नरेश पंजाबी, सुशील टकरू आदि थे।

- साइबर सिक्योरिटी जागरुकता अभियान चलाया
- कोआपरेटिव इस्टेट सभागार में हुआ आयोजन

पत्नी से झगड़े के बाद आत्महत्या की

कानपुर। घाटमपुर हथेही के रहने वाले 45 वर्षीय अवधेश ने पत्नी से झगड़े के बाद कीटनाशक दवा पीकर जान दे दी। वह पिछले चार माह से पत्नी के साथ सचेंडी थानाक्षेत्र के उदयपुर ससुराल में रह रहा था।

अवधेश के भाई करन सिंह ने बताया कि मंगलवार को किसी बात को लेकर पत्नी रेखा का उनसे झगड़ा हुआ था। भाभी ने भाई को काम न करने के लिए काफी ताने दिए थे। इसके बाद अवधेश ने कमरे में जाकर कीटनाशक दवा पी ली। हालत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में चीख पुकार मच गई।

बदमाशों ने युवक को लूटकर सड़क पर फेंका, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। रिश्तेदार से मिलने रांची से दिल्ली जा रहे युवक को बदमाशों ने अपना शिकार बना लिया। बदमाशों ने युवक को जमकर मारापीटा इसके बाद नकदी समेत शरीर पर पहने कपड़े तक लूट लिए। अपराधी उसे मरणासन्न हालत में सड़क पर फेंककर भाग निकले। रात भर सड़क किनारे पड़ा होने के कारण उसकी सांसें थम गईं। पुलिस को युवक के सिर पर गहरे और पैर पर चोटों के निशान मिले हैं। पुलिस ने उसके पास से मिली एक पर्ची के आधार पर परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर मृतक की शिनाख्त की।

पोस्टमार्टम हाउस में परिजनों से घटना की जानकारी लेता सिपाही।

झारखंड के जिला खूंटी के कुड़की मुर्हू कोराकेल निवासी फिलिप सोय का 40 वर्षीय पुत्र थॉमस सोय शुक्रवार को रांची से दिल्ली अपने रिश्तेदार से मिलने जा रहा था। थॉमस की पत्नी असरीता ने बताया कि वह उनके भाई के घर दिल्ली जा रहे थे। सोमवार तक उनकी पति से बात हुई। मंगलवार को उनका फोन मिलना बंद हो गया। उन्होंने पास के पुलिस स्टेशन सूचना दी जहां पुलिस ने सर्विलांस की मदद से लोकेशन कानपुर में बताई। वे लोग आने के लिए तैयारी कर ही रहे थे कि मंगलवार को कलक्टरगंज पुलिस ने उन लोगों को फोन कर शव मिलने की जानकारी दी। इसके बाद वह अपने भांजे जूलियस, पिता लोटेंस के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शिनाख्त की।

- सिर और पैर पर चोटों के कई निशान मिले
- परिजन पहुंचे पोस्टमार्टम हाउस, हत्या का आरोप
- रांची से दिल्ली जाने को निकला था घर से
- कलक्टरगंज थाना क्षेत्र के 52 दुकान मोहल्ले में मिला युवक का शव

घंटाघर चौराहे से लग जाते हैं बदमाश और लुटेरे

बस अड्डे और रेल से आने वाले यात्रियों के पीछे घंटाघर चौराहे से अक्सर बदमाश, लुटेरे लग जाते हैं। होटल और खाने की व्यवस्था की बात बताते हुए वह उन्हें अपना शिकार बना लेते हैं। पूर्व में भी कई अपराधी घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं।

1500 रुपये, बैग और कपड़े तक उतार ले गए

थॉमस की पत्नी असरीता ने बताया कि वह घर से जब निकले थे तो उनके पास 1500 रुपये, एक बैग था। सब लूट लिया गया। कपड़े तक उतार लिए। आरोप लगाया कि बदमाशों ने उन्हें किसी भारी चीज से मारापीटा होगा जिससे चोटें आई हैं।

> युवक का शव पड़ा मिला था। वह शराब का लती था, मिर्गी भी आती थी। उसके पास एक पर्ची मिली थी। जिसके बाद परिजनों को जानकारी दी गई। युवक की पत्नी ने शिनाख्त कर ली है। लूटपाट की बात गलत है, उसका सामान ट्रेन में ही छूट गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> –सच्चिदानंद, इंस्पेक्टर कलक्टरगंज

पार्षद बोलीं, अब खुद करूंगी खोदाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मार्ग प्रकाश की लाइटों को ठीक करने खंभे पर चढ़ीं वार्ड 14 की पार्षद शालू कनौजिया ने अब खोदाई कर लीकेज खुद सही करने की चेतावनी दी है। जलकल महाप्रबंधक को पत्र लिखकर पार्षद ने कहा कि कई निवेदन के बाद भी अधिकारी उनके क्षेत्र में लीकेज समस्या को ठीक नहीं कर रहे, इसीलिए 18 जनवरी गुरुवार से वह खुद ही खोदाई कर लीकेज ठीक करने उतरेंगी।

वार्ड 14 सब्जी मंडी किदवई नगर की पार्षद शालू कनौजिया नगर निगम अधिकारियों के विरुद्ध लगातार सांकेतिक प्रदर्शन कर रहीं हैं। शालू ने बताया कि उनके वार्ड में एक दर्जन स्थानों पर पेयजल पाइपों में लीकेज है। दर्जनों जगह सीवर चैंबर क्षतिग्रस्त हैं। जिसकी शिकायत जोन-3 के अधिकारियों से की लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समस्याएं बढ़ती जा रही हैं और अब उन्हें अधिकारियों से कोई उम्मीद भी नहीं बची है। इसलिए वह गुरुवार से स्वयं खोदाई कर वार्ड के लीकेज ठीक करने और चैंबर मरम्मत का कार्य कर विरोध प्रदर्शन करेंगी।

लीकेज पर विरोध जतातीं पार्षद शालू कनौजिया। अमृत विचार

- जलकल जीएम को पत्र लिखकर दी जानकारी
- गुरुवार से खुद लीकेज सही करने की चेतावनी

उत्तर-दक्षिण में गश्त पर निकली पुलिस

कार्यालय संवाददाता कानपुर

अमृत विचार। पुलिस उपायुक्त पूर्वी तेज स्वरूप सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली अर्चना सिंह के नेतृत्व में कोतवाली, मूलगंज, बादशाहीनाका ,कलक्टरगंज ,हरबंशमोहाल और फीलखाना पुलिस ने बाजारों में गश्त की। आम जनमानस व व्यापारियों की कुशलता पूछी और कोई समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने को कहा।

इसी प्रकार गोविंद नगर थानाक्षेत्र में अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण अंकिता शर्मा व एसीपी बाबूपुरवा के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की गई तथा सचान चौराहे से बर्रा बाइपास तक अवैध कब्जों को हटवाया गया। कल ही कमिश्नर ने कब्जे हटाने के लिए 14 प्रवर्तन दस्ते बनाए थे। दूसरी ओर पनकी थाना क्षेत्र में पांच बच्चे भटकते हुए लोगों को मिले। थाने में हेल्प डेस्क की महिला आरक्षी के पूछने पर उन लोगों ने अपना पता सरायमीता इंडस्ट्रियल एरिया बताया। इनकी फोटो के माध्यम से बीट पुलिस अधिकारी ने घरवालों की पहचान की और उन्हें थाने बुलाकर बच्चों को सुपुर्द किया गया।

- सचान चौराहे से बर्रा बाईपास तक हटाए कब्जे
- भटकते बच्चों को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

हेड कांस्टेबल की हार्ट अटैक से मौत

कानपुर। कल्याणपुर थाने में तैनात हेड कांस्टेबल 47 वर्षीय तेज प्रताप सिंह की बुधवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे बैरक में हालत बिगड़ गई। साथी पुलिस कर्मी आनन-फानन उन्हें कार्डियोलाजी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हार्ट अटैक से मौत बताई गई। जिला इटावा के थाना बकेवर के ग्राम अन्दाना कीमडैया अहिरान निवासी तेज प्रताप सिंह के परिवार में पत्नी अनीता, बेटे मंजीत, देवांश व बेटी मोहिनी हैं। एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने बताया कि तुरंत ही परिजनों को सूचना दे दी गई थी। वह कुछ समय पहले ही थाने में यातायात विभाग से आए थे। पोस्टमार्टम होने के बाद शव को पुलिस लाइन ले जाया गया। जहां उच्चाधिकारियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

दावों की खुल गई पोल

शहर के हर क्षेत्र में कई सड़कें चलने लायक नहीं, तमाम जगह लीकेज से भरा पानी

टूटी सड़क, कैसे चलें बेधड़क

कानपुर। कहीं सड़क किनारे, कहीं बीचोबीच गड्ढे नुमा रोड खुदी पड़ी हैं। कहीं बजरी उखड़ी होने से दिक्कत है तो कहीं गड्ढों में लीकेज का पानी भरा है। शहर के हर क्षेत्र में कई सड़कें चलने लायक नहीं है। इस समय शाम होते ही घना कोहरा हो जाता है। ऐसे में रात या भोर पहर निकलने वाले वाहन चालकों को ये खस्ताहाल सड़कें बेहाल कर रही हैं। कोहरे के बीच अचानक गड्ढे में बाइक चली जाए तो बाइक सवार उछलकर दूर गिर जाता है। कई रोड पर गड्ढों के कारण सवारियों से भरा ई-रिक्शा पलट जाते हैं। सवारियां जख्मी होती हैं। खुदी सड़कें इस समय कोहरे के कारण ज्यादा मुसीबत का कारण बनीं हैं।

खुदीं सड़कें, ऊपर से घना कोहरा, खतरे में जान

पांडु नगर गुरुद्वारे के पास टूटी सड़क।

उखड़ी सड़क पर जलभराव बना मुसीबत

पांडुनगर गुरुद्वारा रोड से दिनभर काकादेव और शास्त्रीनगर जाने वाले वाहनों का लोड रहता है। इस रोड पर गुरुद्वारा से पांच मीटर पहले सड़क पूरी तरह गड्ढे नुमा आकर में उखड़ गई है। गड्ढों में वाटर लाइन लीकेज का पानी भरा है और बहता रहता है। जिससे सड़क पर काफी दूर तक फिसलन रहती है। सड़क के किनारे फलों का ठेला लगाने वालों का कहना है कि कई बाइक सवार यहां गिरकर घायल हो चुके हैं।

रावतपुर में बीच सड़क पर गड्ढा कर रहा बेहाल

रावतपुर से कंपनीबाग चौराहा जाने वाली रोड पर रोडवेज वर्कशॉप के सामने सड़क पर बीचोबीच करीब 15 फिट दायरे में सड़क उखड़ी है। उखड़ी सड़क की बजरी निकलने के कारण करीब एक फिट गहरा गड्ढा हो गया है। ऐसे में इस समय घने कोहरे में निकलने वाले वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे हैं। वर्कशॉप कर्मचारियों का कहना है कि दिनभर देखते हैं, कभी सवारियों से भरा ई-रिक्शा पलटते हुए बचता है।

रावतपुर वर्कशाप के सामने सड़क बदहाल।

सीएसए गेट नं. 3 पर खराब सड़क।

सीएसए के पास बैरियर लगा दिया, सड़क नहीं बनाई

चंद्रशेखर आजाद कृषि विवि के गेट नंबर तीन के पास जनवरी माह के पहले सप्ताह में सड़क पर वाटर लाइन धंस गई थी। जिससे करीब 10-12 फिट का लंबा गड्ढा हो गया था। दो दिन में वाटर लाइन मरम्मत का काम होने के बाद रास्ता खोल दिया गया। मगर सड़क नहीं बनाई गई। इस समय हालत ये है कि सड़क पर डाली गई मिट्टी बैठ गई है, जिससे हादसे हो रहे हैं। बाइक गड्ढे के पास अनियंत्रित होकर गिर जाती है।

सड़क बन नहीं रही, मगर खुद जरूर रही हैं

गड़रियन पुरवा, इंडस्ट्रियल एरिया की मुख्य सड़क कई जगह से उखड़ी है। कई जगह से सड़क धंस भी रही है। इस रोड पर दिनभर छोटे और भारी वाहन निकलते रहते हैं। जिससे वाहनों के पहियों से छिटककर बजरी लोगों को लगती है। धूल दुकानदारों को बेहाल करती है। सड़क किनारे ठेला लगाने वालों का कहना है कि धूल के कारण सांस नहीं ले पाते हैं। उसके बाद भी कब कोई आकर कहां सड़क खोद दे पता नहीं चलता है।

गड़रियनपुरवा की एक सड़क।

कड़कड़ाती सर्दी में मेट्रो ने दी गर्माहट की भेंट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। यूपीएमआरसी ने 5 दिसंबर 2023 से शुरु हुए डोनेशन कैंपेन दरियादिली के तहत मेट्रो के विभिन्न स्टेशनों पर एकत्र किए गर्म कपड़ों को स्वयंसेवी संस्थाओं को सौंप दिया। मोतीझील मेट्रो स्टेशन पर आयोजित एक कार्यक्रम में कानपुर मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में गर्म कपड़ों से भरे डोनेशन बॉक्स जरूरतमंदों में बांटने के लिए सहयोगी स्वयंसेवी संस्थाओं को भेंट किए गए।

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि कानपुर के लोगों ने इस गर्माहट की पहल में हमारा सहयोग कर कड़ाके की सर्दी में अपनी दरियादिली का परिचय दिया है। कानपुर मेट्रो के यात्रियों और शहरवासियों ने इस नेक कार्य में उदारतापूर्वक योगदान किया, जिसके लिए हम आपके आभारी हैं। इस सामाजिक कार्य को आप सब के सहयोग से ही सफलतापूर्वक पूरा किया जा सका। आईआईटी कानपुर, विश्वविद्यालय और मोतीझील मेट्रो स्टेशनों पर गर्म कपड़े एकत्र करने के लिए डोनेशन बॉक्स रखे गए थे। शहरवासियों ने इस दान अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और भारी संख्या में गर्म कपड़े दान किए। यूपीएमआरसी ने बिग एफएम के सहयोग से गर्म कपड़े एकत्र करने का ऐसा ही एक अभियान लखनऊ मेट्रो में भी आयोजित किया।

- दरियादिली अभियान के तहत एकत्र किए गर्म कपड़े स्वयंसेवी संस्थाओं को सौंपे

आज का मौसम
शीत लहर के साथ घना कोहरा छाए रहने के आसार है।

13.4⁰	05.0⁰
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06 : 58 | सूर्यास्त 05 : 40

शहर में आज

- **बैठक :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा मुख्यालय तिलक हाल में बैठक दोपहर 3 बजे।
- **वार्षिकोत्सव :** कैलास सरस्वती इंटर कॉलेज सेक्टर ए कृष्ण विहार कल्याणपुर में वार्षिक उत्सव शाम 5 बजे।
- **बैठक :** कानपुर कपड़ा कमेटी की निर्वाचन संबंधी प्रबंधन कमेटी की बैठक जनरल गंज कार्यालय में शाम 5 बजे।
- **शृंगार एवं छप्पन भोग :** ओम वैश्य महिला संघ के द्वारा कमला टावर स्थित श्री द्वारकाधीश मंदिर में शृंगार एवं 56 भोग कार्यक्रम शाम 6 बजे।

एक नजर

बाइक सवार की मौत

कानपुर। महाराजपुर में सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि जिला फतेहपुर के थाना बिंदकी बाग बादशाही खजवा निवासी 24 वर्षीय नागेंद्र कश्यप चाट का ठेला लगाता था।

रूमा बनेगा मॉडल औद्योगिक क्षेत्र, पनकी-चकेरी भी चमकेंगे

नगर निगम के साथ यूपीसीडा पनकी, चकेरी, रूमा औद्योगिक क्षेत्र में करेगा विकास

एक्सक्लूसिव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहर में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए शासन स्तर से लगातार कार्य हो रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्र पनकी, चकेरी और रूमा भी चमकाने की तैयारी है। यूपीसीडा रूमा को जहां मॉडल औद्योगिक क्षेत्र बनाने में 79 करोड़ खर्च करेगा। तो वहीं, नगर निगम के साथ मिलकर भी विभाग 70 करोड़ 36 लाख रुपये से सड़कें, नालियां और साइड पटरी समेत कई विकास कार्य करेगा। इसके लिए विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण कर तीनों क्षेत्रों की 31 सड़कों को चयनित किया है। इसका प्रस्ताव भी तैयार कर लिया गया है।

नगर निगम ने इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के अपर सचिव को कार्यों का प्रस्ताव बनाकर भेजा था। जिसपर शासन से धनराशि मांगी गई थी। इस पर शासन के निर्देश पर यूपीसीडा के उप महाप्रबंधक को प्रस्तावित कार्यों के भौतिक सत्यापन के लिए नगर निगम के साथ निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए, और सही आकलन कर रिपोर्ट मांगी थी।

जिसपर नगर निगम के जोन 2 के अधिशाषी अभियंता आरके तिवारी, जोन 5 के अधिशाषी अभियंता नानक चंद्र और यूपीसीडा के सहायक अभियंता अशोक वर्मा ने पनकी, चकेरी, रूमा औद्योगिक क्षेत्रों में प्रस्तावित कार्यों का संयुक्त निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की है। जिसके आधार पर 31 कार्यों के लिए 70 करोड़ 36 लाख 26 हजार रुपये का बजट मांगा गया है। बहुत जल्द ही इन क्षेत्रों में विकास कार्य होगा। इससे उद्यमियों को राहत मिलेगी।

- **70 करोड़ 36 लाख से सड़कें, नाले, साइड पटरी का होगा कार्य, भौतिक सत्यापन पूरा**
- **यूपीसीडा 79 करोड़ रुपये से अलग रूमा औद्योगिक क्षेत्र को करेगा विकसित**

खराब सड़कों से एक्यूआई हो रहा प्रभावित

विभागीय अधिकारियों ने निरीक्षण कर बताया कि पनकी, चकेरी और रूमा की कई सड़कें वर्तमान में कच्ची स्थिति में हैं। साइड पटरी भी कच्ची है। रिपोर्ट में अधिकारियों ने बताया है कि इसके चलते औद्योगिक क्षेत्रों में काफी धूल उड़ रही है। जिससे एक्यूआई प्रभावित हो रहा है। जिसके चलते कार्यों को कराना बहुत जरूरी है।

अकेले रूमा पर खर्च होंगे 79 करोड़

जीटी रोड किनारे स्थित रूमा औद्योगिक क्षेत्र में करीब 200 से अधिक इकाइयां संचालित हैं। यहां पर ज्यादातर टेक्सटाइल से जुड़ी इकाइयां हैं, साथ ही डाइंग यूनिट और जनरल इकाइयां भी हैं। यहां पर एक ट्रीटमेंट प्लांट भी है, दूसरा प्लांट भी जल्द लगेगा। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) पुराने औद्योगिक क्षेत्रों को सुविधाओं से सुसज्जित करने जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश के छह औद्योगिक क्षेत्रों को चुना गया है। इसमें कानपुर का रूमा भी है। करीब 79 करोड़ रुपये लाइटें, पिंक टायलेट, महिलाओं के लिए डारमेट्री, पार्क, अग्निशमन केंद्र और पुलिस चौकी का भी निर्माण किया जाएगा। इससे यहां दिन-रात सुरक्षा का अहसास होगा। पुरानी हाई मास्ट लाइटों की जगह नई सौर आधारित हाई मास्ट लाइटें लगाई जाएंगी। सीसीटीवी कैमरे आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक से लैस होंगे, जिससे किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि होते ही पुलिस को अलर्ट मिल जाएगा। कई जगह पब्लिक एड्रेस सिस्टम बनाए जा रहे हैं, जिससे कर्मचारियों और आसपास के लोगों को संदेश दिया जा सकेगा। इसके अलावा, मियावाकी पद्धति से पौधारोपण कर रुद्राक्ष की बगिया विकसित की जाएगी।

> अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना के तहत औद्योगिक क्षेत्रों को विकसित किया जाएगा। रूमा औद्योगिक क्षेत्र में करीब 79 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें नाली, सड़क निर्माण, लाइट कार्य के साथ उद्यमियों और कर्मचारियों के हित में कार्य होंगे।
>
> –संदीप चंद्रा, महाप्रबंधक यूपीसीडा

औद्योगिक भूखंडों को फ्री होल्ड करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। उप्र औद्योगिक विकास प्राधिकरण के औद्योगिक क्षेत्रों में स्थित औद्योगिक श्रेणी के भूखंडों को फ्री होल्ड किए जाने की मांग तेज हो गई है। अब उद्यमी इस मुद्दे को लेकर मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री से मिलने की तैयारी कर रहे हैं। अब तक तो वे अपनी मांग प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के समक्ष ही रखते रहे, लेकिन 20 सालों से चली आ रही इस मांग पर मन मुताबिक फैसला न होने से अब वे मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव तक इस मुद्दे को ले जाना चाहते हैं।

प्राधिकरण 99 साल की लीज पर भूखंडों का आवंटन करता है। जब कोई आवंटी अपने भूखंड को बेचता है तो खरीदने वाला व्यक्ति या कंपनी प्राधिकरण को ट्रांसफर लेवी देती है। इससे कंपनी या व्यक्ति पर बड़ा आर्थिक बोझ पड़ता है। इसके साथ ही कई ऐसी शर्तें हैं जो उद्यमियों को परेशान कर रही हैं। यही वजह है कि वे चाहते हैं कि अब जो भूखंड आवंटित किए जाएं वे फ्री होल्ड हों और जो पूर्व में आवंटित हो चुके हैं उन्हें भी फ्री होल्ड कर दिया जाए। इसके बदले में भले ही कुछ शुल्क ले लिया जाए। इस मांग को मानने को लेकर अधिकारी तैयार नहीं हैं। हाल ही में शहर क्षेत्र में आ चुके औद्योगिक अस्थानों के औद्योगिक भूखंडों को उद्यमी की मांग पर कामर्शियल करने का निर्णय उद्योग विभाग ने लिया है। विभाग के फैसले से यूपीसीडा से जुड़े उद्यमियों की मांग को भी बल मिला है। अब उन्हें लगता है कि उनके भूखंड भी फ्री होल्ड हो सकते हैं। बशर्ते वे अपनी मांग के बारे में मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को ठीक से समझा सकें। हालत यह है कि तमाम उद्यमी तो इसीलिए प्राधिकरण के औद्योगिक क्षेत्रों में भूखंड नहीं लेते क्योंकि वहां लीज पर भूखंड मिलते हैं। वे किसानों से भूमि लेकर भू उपयोग परिवर्तन कराकर उद्योग लगाना मुफीद समझ रहे हैं। यही वजह है कि चौबेपुर, मंधना, सचेंडी आदि क्षेत्रों में तेजी के साथ उद्योग लग रहे हैं।

- **यूपीसीडा के औद्योगिक क्षेत्रों के भूखंड लीज पर दिए जाते हैं**
- **लीज के कारण ही खुद की भूमि पर उद्योग लगाने में अधिक रुचि है उद्यमियों की**
- **प्रबंधन आर्थिक नुकसान की बात कहकर मांग मानने को फिलहाल तैयार नहीं**

औद्योगिक भूखंडों को हर हाल में फ्री होल्ड किया जाना चाहिए। इसके लिए भले ही कुछ शर्तें लगा दी जाएं और शुल्क ले लिया जाए। जो लोग शर्तों का उल्लंघन करें उनके भूखंड का आवंटन रद कर दिए जाएं। इस मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मिलेंगे।

– अतुल सेठ, वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष पीआईए

औद्योगिक भूखंडों को फ्री होल्ड किए जाने की मांग जायज है। इससे यूपीसीडा का कोई नुकसान नहीं है। भूखंड फ्री होल्ड न होने से हम उद्यमियों को कई तरह की समस्याओं का शिकार होना पड़ता है। हम मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री तक मुद्दा उठाएंगे।

–मनोज बंका, अध्यक्ष पीआईए

औद्योगिक विकास के लिए जरूरी है कि उद्यमियों की जायज मांग को मान लिया जाए। उद्यमी फ्रेंडली नीति होगी तो निवेश भी बढ़ेगा। इसलिए हमारी मुख्यमंत्री से मांग है कि वे भूखंडों को फ्री होल्ड करें ताकि हम उद्यमी स्वतंत्र होकर उद्योग चला सकें।

– नरेंद्र शर्मा, एमडी तिरंगा अगरबत्ती समूह

भाजपा उत्तर जिले के 14 नए मंडल अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता कानपुर

- **उत्तर जिले के अध्यक्ष ने जारी की सूची**

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा उत्तर जिले के अध्यक्ष दीपू पांडे ने बुधवार को उत्तर जिले के 14 मंडल के नए अध्यक्षों की सूची जारी कर दी। सीसामऊ विधानसभा में पार्टी के जिला सह कार्यालय मंत्री गौरव पांडे को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। कौशलपुरी मंडल में युवा नेता अभिमन्यु सक्सेना व चुन्नीगंज मंडल में करन यादव को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आर्यनगर विधानसभा के जनरलगंज मंडल में वरिष्ठ कार्यकर्ता योगेश पांडे, कलक्टरगंज मंडल में जिले के मीडिया संपर्क प्रमुख रमाशंकर अग्रहरि को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सिविल लाइन मंडल में वैभव खंडेलवाल को दोबारा अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कल्याणपुर मंडल में वरिष्ठ कार्यकर्ता जनक सिंह, गीता नगर मंडल में राजेश जोशी को अध्यक्ष बनाया गया है। नारामऊ मंडल में चंचल सिंह भदौरिया व तिलक नगर मंडल में दोबारा गौरव द्विवेदी को मंडल अध्यक्ष बनाया गया। गोविंद नगर विधान सभा में युवा कार्यकर्ता वात्सेय त्रिपाठी, रतन लाल नगर मंडल में सुमित पावा, रामलला मंडल में दीपक शुक्ला, पनकी मंडल में युवा कार्यकर्ता प्रशांत पाल को अध्यक्ष बनाया गया है। दीपू पांडे ने सभी नव-नियुक्त मंडल अध्यक्षों को शुभकामनाएं दी।

संगम एक्सप्रेस के एसी कोच में जलाई अंगीठी, रोक कर चेक की ट्रेन

कार्यालय संवाददाता कानपुर

अमृत विचार। दिल्ली-हावड़ा रेल रूट पर मेरठ से प्रयागराज जा रही संगम एक्सप्रेस के एसी कोच में बुधवार सुबह झींझक स्टेशन से पहले धुआं उठने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। आग की सूचना पर ट्रेन रोककर जांच की गई तो पता चला कि किसान यूनियन के कार्यकर्ता एसी एम-1 कोच में अंगीठी जलाए थे। उसी से धुआं उठने पर यात्रियों में आग का हल्ला मच गया था। कानपुर सेंट्रल पर जब खबर आई तो अफरा-तफरी मच गई। सेंट्रल पर जीआरपी और आरपीएफ ने पूरी ट्रेन खंगाली लेकिन न अंगीठी में आग तापने वाले किसान नेता मिले और न ही अंगीठी। मामले की जांच शुरू हुई।

सुबह 8.05 बजे प्रयागराज रेलवे कंट्रोल को सूचना मिली कि मेरठ से प्रयागराज जा रही संगम एक्सप्रेस के एसी कोच में धुआं उठ रहा है। प्रयागराज से कानपुर सेंट्रल को इसकी जानकारी दी गई। उस समय ट्रेन कानपुर देहात के झींझक स्टेशन के पास पहुंचने वाली थी। तुरंत झींझक स्टेशन को सूचना देकर ट्रेन रोकने का आदेश दिया गया। तब तक एक कोच में अंगीठी ताप रहे लोगों का वीडियो भी वायरल हो गया। सुबह करीब पौने 9 बजे झींझक स्टेशन पर ट्रेन रोकी गई। यह भी जानकारी दी गई कि बड़ी संख्या में किसान नेता व कार्यकर्ता ट्रेन में बगैर टिकट यात्रा कर रहे हैं। झींझक स्टेशन पर सुरक्षा बलों ने ट्रेन की तलाशी ली लेकिन अंगीठी और आग तापने वाला नहीं मिला। चेकिंग के बाद ट्रेन रवाना कर दी गई। कानपुर सेंट्रल पर सूचना मिलते ही जीआरपी, आरपीएफ सहित अन्य सुरक्षाकर्मी और रेलवे अधिकारी प्लेटफार्म नंबर पांच पर पहुंच गए। सुबह 10.08 बजे ट्रेन के प्लेटफार्म 5 पर पहुंचते ही उसकी चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान आग जलाकर तापने वाला कोई नहीं मिला। बताया गया कि संगम एक्सप्रेस से प्रयागराज में होने वाली किसान रैली में भाग लेने के लिए किसान यूनियन राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत के बेटे चौधरी गौरव टिकैत और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुशल पाल आर्य करीब पांच सौ कार्यकर्ताओं के साथ सफर कर रहे थे। बोगी नं. एम-1 में गौरव टिकैत और उपाध्यक्ष कुशल पाल आर्य अपने कार्यकर्ताओं के साथ मिले। जांच दल के पूछने पर उन्होंने बताया कि रैली के लिए उनके साथ कार्यकर्ता इस ट्रेन से सफर कर रहे हैं। जब उनसे डिप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह ने अंगीठी जलाकर तापने वाले व्यक्ति के संबंध में पूछा तो वे कहने लगे कि कहीं गाड़ी में छिप गया होगा या पीछे उतर गया होगा। उन्होंने इसका कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। जीआरपी और आरपीएफ के जवान गाड़ी के सभी कोचों में उसकी तलाश करते रहे। च रैली में जा रहे कार्यकर्ता किसान यूनियन जिन्दाबाद, चौधरी गौरव टिकैत जिन्दाबाद के नारे लगाकर हंगामा करने लगे। डिप्टी सीटीएम और एसीएम ने उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन वे नहीं माने। हंगामे के चलते कामर्शियल स्टॉफ टिकट चेकिंग भी नहीं कर सका। चेकिंग के बाद ट्रेन को सुबह 10.18 बजे प्रयागराज के लिए रवाना कर दिया गया। सुरक्षा के मद्देनजर प्रयागराज तक सीनियर उपनिरीक्षक धीरज कुमार मिश्रा और दो स्टॉफ को भी गाड़ी के साथ भेजा गया।

सेंट्रल स्टेशन पर जांच को पहुंचे रेलवे और पुलिस के अधिकारी । अमृत विचार

- **किसान नेता नरेश टिकैत के पुत्र गौरव टिकैत अपने कार्यकर्ताओं के साथ जा रहे थे प्रयागराज**
- **अंगीठी जलाकर तापने का वीडियो हुआ वायरल**
- **झींझक और कानपुर सेंट्रल पर ट्रेन की चेकिंग की गई**

नेताजी एक्सप्रेस के गार्ड कोच की स्प्रिंग टूटी

कानपुर। कालका से हावड़ा जाने वाली ट्रेन 12312 नेताजी एक्सप्रेस के गार्ड कोच का स्प्रिंग टूटी होने की वजह से 2 :15 घंटे ट्रेन कानपुर सेंटर में खड़ी रही। नेताजी एक्सप्रेस बुधवार की दोपहर 2 .40 बजे कानपुर सेंट्रल के प्लेटफार्म नंबर 7 पर आई तो पोर्टल की सूचना पर गार्ड कोच की स्प्रिंग चटकी होने की सूचना दी गई। इसके बाद ट्रेन को रोक दिया गया। कोच में लगी स्प्रिंग की मरम्मत करने रेलवे की टीम पहुच गई। इस बीच सवा दो घंटे तक ट्रेन खड़ी रही। ट्रेन को 4 .58 बजे के बाद हावड़ा के लिए रवाना कर दिया गया।

फिक्की फ्लो कानपुर की ओर से मालरोड स्थित एक लॉन में राजेश जगदीश सिंह की मास्टर क्लास कॉनकर योर फियर्स का आयोजन किया गया। फ्लो कानपुर की अध्यक्ष स्नेहा गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इस क्लास में राजेश जगदीश सिंह ने जीवन को सुखी बनाने के लिए स्व-कार्य, फोकस और दृढ़ता की कितनी आवश्यकता है इस पर व्याख्यान दिया। इस दौरान फ्लो की सदस्यों ने अंगारों पर चलकर लोगों को दांतों तले अंगुली दबाने के लिए विवश किया। कार्यक्रम की सह अध्यक्षता शीनू खंडेलवाल और रोली गुप्ता उपस्थित रहीं। अमृत विचार

पंख वाली शटलकॉक का तोड़ खोजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बैडमिंटन में उपयोग की जाने वाली पक्षियों के पंखों से बनी शटलकॉक का आईआईटी के प्रोफेसर ने तोड़ निकाल लिया है। प्रोफेसर ने नायलॉन की खास शटल बनाई है। इससे अब शटलकॉक को बनाने के लिए पक्षियों पर की जाने वाली क्रूरता को कम किया जा सकेगा। वैज्ञानिकों ने इसे गेम चेंजर बताया है। इस रिसर्च को पिछले सप्ताह अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स की पत्रिका फिजिक्स ऑफ फ्लूइड्स ने प्रकाशित किया है।

आईआईटी के एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर संजय मित्तल के साथ दो अन्य भारतीय वैज्ञानिकों दर्शन कुमार जाला और हरीश देचिराजू ने शोधपत्र तैयार किया है। इसका विषय सिंथेटिक बैडमिंटन शटलकॉक के द्रव-संरचना इंटरैक्शन का कम्प्यूटेशनल विश्लेषण' है। इसमें विभिन्न उड़ान गति पर नायलॉन शटल के प्रदर्शन का पता लगाया गया है। यह भी पता लगाया गया है कि वायु प्रवाह और गति इस शटल पर कैसे और कितना प्रभाव डालती है। प्रोफेसर मित्तल ने बताया कि इसके लिए उन्होंने आईआईटी परिसर के क्लबों में बैडमिंटन खेलना शुरू किया। आम शटल की बारीकियों को जांचा और परखा। बड़े बड़े बैडमिंटन कोचों से मिला गया। पंखों से बनी शटल का उपयोग ही क्यों किया जाता है, इसका पता लगाया गया। इसके बाद सिंथेटिक बैडमिंटन शटलकॉक के द्रव-संरचना इंटरैक्शन का कम्प्यूटेशनल विश्लेषण प्रस्तुत किया है। इसमें पंखों वाली और नायलॉन शटल की गति और इसके खेल में प्रभाव को भी परखा गया है। उनका कहना है कि यह शोध कार्य शटलकॉक डिजाइनरों को संरचना में बदलाव करने में मदद कर सकता है। खुद की डिजाइन की गई नई शटल का निर्यात हो सकेगा। इससे पक्षियों से की जाने वाली क्रूरता को भी कम किया जा सकता है।

- **बनाने में पक्षियों से क्रूरता को देख कर खोजा फार्मूला**
- **अमेरिका की फिजिक्स ऑफ फ्लूइड्स पत्रिका में छपा शोध**
- **तीन प्रोफेसरों ने शोध कर नायलॉन की शटल बनाई**

शहर के निवेशकों को 2900 करोड़ का झटका

शेयर बाजार

कार्यालय संवाददाता कानपुर

अमृत विचार। शेयर बाजार में बुधवार को भूचाल आ गया। एचडीएफसी बैंक के शेयरों में भारी बिकवाली के बाद निवेशकों की ओर से की गई मुनाफा वसूली के चलते बाजार औंधे मुंह नीचे गिरा। इस कारण जहां देश स्तर पर निवेशकों को स्तर पर 4.6 लाख करोड़ रुपये का झटका लगा, वहीं शहर के निवेशकों को 2900 करोड़ की चपत सहनी पड़ी।

दो दिन पहले ही सेसेक्स और निफ्टी ऑल टाइम हाई थे। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर निवेशक बाजार में और तेजी की उम्मीद लगाए बैठे थे। ऐसे में आज आयी भारी गिरावट को पिछले साल जून के बाद एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज किया जा रहा है। शेयर बाजार में बुधवार को अधिकतर बैंकों और वित्तीय कंपनियों के साथ टाटा मोटर्स और भारती एयरटेल जैसे शेयर लाल निशान पर बंद हुए, जबकि टीसीएस, इन्फोसिस, रिलायंस, एचसीएल आदि के शेयर लाभ में कारोबार करते रहे। सेंसेक्स आज 1628.01 अंक यानी 2.23 फीसदी की गिरावट के साथ 71500.76 और निफ़्टी 460.35 अंक यानी 2.09 फीसदी की गिरावट के साथ 21571.95 पर बंद हुआ।

शहर की भागीदारी

26000 करोड़ दिसंबर 2023 के आंकड़ों के अनुसार म्यूचुअल फंड में कानपुर का निवेश

08 लाख कानपुर में म्यूचुअल फंड फोलियो की लगभग संख्या

20 को विशेष ट्रेडिंग में नए निवेश की तैयारी

कानपुर। 20 जनवरी, शनिवार को शेयर बाजार में स्पेशल ट्रेडिंग होने जा रही है। कानपुर के निवेशक स्पेशल ट्रेडिंग सत्र को शुभ मानकर कुछ नया निवेश करना चाहते हैं। शेयर बाजार हो या म्यूचुअल फंड, निवेशक इस शुभ घड़ी में किए गए निवेश के तौर पर यादगार बनाना चाहते हैं। ऐसे में आज की भारी गिरावट से निवेशक सतर्क हो गए हैं।

संयोग

22.01.24 अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

22124 निफ्टी उच्चतम स्तर बनाने के बाद हुआ धड़ाम

अफवाहों से बचें और एक्सपर्ट की मदद लें

आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह का कहना है कि निवेशकों को चाहिए कि अच्छे फंडामेंटल्स और ग्रोथ पोटेंशियल वाली कंपनियों में निवेश करें, एक साथ के बजाए किस्तों में निवेश करें। निवेशक, म्यूचुअल फंड में एसआईपी के जरिए निवेश जारी रख सकते हैं।

लापरवाही | अंगुलछाप सिपाही न होने से रुका पोस्टमार्टम, उठने लगी है दुर्गंध, जिम्मेदार बेफिक्र बैठे

छह दिन से मार्चुरी में सड़ रहे हैं पांच अज्ञात शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कमिश्नरेट के थानाक्षेत्रों में मिलने वाले अज्ञात शवों का पोस्टमार्टम फिलहाल रोक दिया गया है। मार्चुरी पहुंचने के 72 घंटे बाद की शुरू होने वाली पोस्टमार्टम प्रक्रिया नहीं हो रही है। अभियोजन कार्यालय से आने वाले सिपाही का सात दिन पहले ट्रांसफर हो जाने के कारण पांच अज्ञात शव छह दिन से रखे हुए हैं। रोजाना उस थानाक्षेत्र के सिपाही आते हैं और किसी नए सिपाही का इंतजार करने के बाद लौट जाते हैं। अब शवों से दुर्गंध उठने लगी है। पोस्टमार्टम प्रभारी, सीएमओ, डीसीपी, जेसीपी को है, लेकिन छह दिन बाद बीत जाने पर भी कोई हलचल नहीं हुई।

थानाक्षेत्रों में आए दिन अज्ञात शव मिल रहे हैं। 11 जनवरी को अभियोजन कार्यालय के अंगुल छाप सिपाही का गैर जनपद ट्रांसफर हो गया था। अज्ञात शवों का नियम के अनुसार 72 घंटे के अंदर धर्म के अनुसार अंतिम संस्कार करने का नियम है। अंगुल छाप न होने पर इन शवों का पोस्टमार्टम नहीं हो पा रहा है, जिसकी वजह से पोस्टमार्टम हाउस में शवों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जिन शव के रखे होने का 72 घंटे का समय पूरा हो गया है उस थानाक्षेत्र के सिपाही आते हैं, और दिन भर नए सिपाही का इंतजार करने के बाद अपने उच्चाधिकारियों को सूचना दी।

> मामला संज्ञान में है। फोरेंसिक टीम से बात की जाएगी। अंगुलछाप एक्सपर्ट उनके पास ही होता है। कुछ दिनों से परेशानी है। जो भी कमी है उसे जल्द पूरा किया जाएगा।
>
> –नीलाब्जा चौधरी, संयुक्त पुलिस आयुक्त, क्राइम

फिंगर प्रिंट लेकर अंगुलछाप सिपाही रखते रिकार्ड

अंगुलछाप पद पर तैनाती हेड कांस्टेबल की होती है। वह लावारिसों शवों के फिंगरप्रिंट लेते हैं और उन्हें अपने रिकार्ड में रखते हैं। यह अनिवार्य प्रक्रिया है। साथ ही कभी किसी मामले में जब निर्णय होता है तो मुल्जिम के भी अंगुलछाप लेते हैं। फिंगरप्रिंट रिकार्ड को व्यवस्थित रखने के अफसरों के निर्देश होते हैं। वह अफसर निरीक्षण के दौरान उन्हें जांचते भी हैं। लेकिन अंगुलछाप सिपाही के न होने से लावारिस शव अंगुलछाप का इंतजार कर रहे हैं।

निजी फोटोग्राफर से चल रहा काम

विवादित और बड़े मामलों में पोस्टमार्टम प्रक्रिया की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराई जाती है। साथ ही पैनल से पोस्टमार्टम कराया जाता है। पैनल का इंतजाम तो स्वास्थ्य विभाग कर लेता है, लेकिन वीडियोग्राफर न होने की वजह से अक्सर पोस्टमार्टम में देरी होती है। सालों से काम कर रहा प्राइवेट फोटोग्राफर अगर छुट्टी पर चला जाता है तो शव रखे रहते हैं। एटॉप्सी सेंटर के सूत्रों की मानें तो सेंटर में कोई फोटोग्राफर का पद ही नहीं रखा गया है। फोटोग्राफर फोरेंसिक टीम के साथ रहता है लेकिन कानपुर में कई साल से कोई फोटोग्राफर नहीं है। ज्यादा संख्या में शव मिलने पर एकमात्र फोटोग्राफर को फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के लिए मनाना पड़ता है।

ट्रेन के आगे लेटकर जान दे दी

कानपुर। नौबस्ता थानाक्षेत्र में गल्लामंडी राजेपुर निवासी 56 वर्षीय इंद्रबहादुर पाल ने पनकी धाम के पास ट्रेन के आगे लेटकर जान दे दी। ट्रेन के गार्ड ने घटना की सूचना स्टेशन अधीक्षक को दी। मौके पर पहुंची जीआरपी गोविंदपुरी ने शव को पोस्टमार्टम भिजवा दिया। परिजनों ने बताया कि जीआरपी की सूचना पर उन लोगों को घटना की जानकारी हुई। घटना के बाद उनकी पत्नी निशा पाल, बेटा देवा, विष्णु, मेहुल का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि वह लोडर चलाते थे। घटना के पीछे के कारणों का जानकारी नहीं है। जीआरपी का कहना है कि अधेड़ ने ट्रेन के आगे लेटकर जान दी है, परिजन कुछ नहीं बता पा रहे। मामले की जांच की जा रही है।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद पीजीआई का उद्घाटन

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ऑनलाइन करेंगे जीएसवीएसएस पीजीआई उद्घाटन, सांसद, विधायक रहेंगे मौजूद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अयोध्या में श्रीराम मंदिर की स्थापना के बाद 24 जनवरी को कानपुर के जीएसवीएम सुपर स्पेशिएलिटी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट (जीएसवीएसएस पीजीआई) का केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। समारोह के दौरान पीजीआई में सांसद, विधायक, जीएसवीएम प्राचार्य, फैकल्टी और डॉक्टर मौजूद रहेंगे। जीएसवीएम पीजीआई में तमाम गंभीर रोगों का उपचार सुलभ होने से जिले व आसपास के मरीजों को अब लखनऊ या दूसरे बड़े शहर नहीं जाना पड़ेगा।

प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत जीएसवीएम मेडिकल कालेज के एलएलआर अस्पताल (हैलट) के जीटी रोड हिस्से की तरफ 200 करोड़ रुपये से पीजीआई का निर्माण कराया गया है। यहां 30 बेड का आईसीयू और 240 जनरल बेड की सुविधा है।

यहां न्यूरो सर्जरी, न्यूरोलाजी, गैस्ट्रो मेडिसिन (पेट रोग) विभाग, नेफ्रोलाजी (गुर्दा रोग) विभाग, पेन मेडिसिन विभाग, फिजिकल मेडिसिन एवं रिहैबिलिटेशन विभाग, आर्थोपेडिक की आर्थोप्लास्टी विभाग समेत आठ विभाग है। इन विभागों में जटिल बीमारियों का इलाज संभव है।

अभी पीजीआई का संचालन ट्रायल के तौर पर किया जा रहा था। मरीजों के इलाज के लिए यहां पर अभी यहां 20 से अधिक कंसल्टेंट मौजूद हैं।

आठ मॉड्यूल आपरेशन थिएटर

पीजीआई के आपरेशन थिएटर ब्लाक में आठ माड्यूल आपरेशन थियेटर बनाए गए हैं। इन हाईटेक आपरेशन थिएटर में सभी अत्याधुनिक तकनीक उपलब्ध हैं, ताकि सर्जरी के दौरान मरीज को किसी प्रकार की दिक्कत होने पर उसे इमरजेंसी मैनेजमेंट प्रदान किया जा सके। अत्याधुनिक उपकरणों से लैस इन ओटी में सर्जरी सुविधाजनक और सुरक्षित होगी।

पीजीआई में होंगे कई शोध

जीएसवीएसएस पीजीआई के प्रभारी प्रो .मनीष सिंह ने बताया कि सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल का लाभ कानपुर के साथ आसपास जिलों से आने वाले मरीजों को मिलेगा। यहां पर दिमाग की बीमारियों, खून के माध्यम से शरीर की समस्या, रीढ़ के हड्डी के पानी (सीएसएफ) और ब्रेन के पानी पर शोध कर बीमारियों का पता लगाया जाएगा। ट्यूमर में कौन-कौन से मार्कर बढ़ते और घटते हैं, उन्हें रोकने पर भी शोध किया जाएगा। इसके साथ ही यहां कुछ कोर्स भी चालू किए जाएंगे, जिनके लिए आवेदन किया गया है।

प्रो .मनीष सिंह।

मिलेगा सुपर स्पेशिएलिटी इलाज

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो .संजय काला ने बताया कि पीजीआई में मरीजों को सुपर स्पेशिएलिटी इलाज मिलेगा। मरीज हित में शोध व अध्ययन किए जाएंगे। अभी इसका संचालन ट्रायल पर हो रहा था। पीजीआई का उद्घाटन 24 जनवरी को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और परिवार कल्याण मंत्री डॉ .मनसुख मांडविया ऑनलाइन करेंगे।

प्रो .संजय काला।

स्थापित की गईं अत्याधुनिक मशीनें

जीएसवीएम पीजीआई में सभी अत्याधुनिक जांच की सुविधा है। यहां डायग्नोस्टिक सेंटर में अत्याधुनिक तकनीक की एमआरआइ, सीटी स्कैन, डिजिटल एक्सरे व अल्ट्रासाउंड समेत अन्य मशीनें मौजूद हैं, जिससे जांचें जल्द व काफी अच्छी होती हैं। इन मशीनों के माध्यम से कैंसर समेत अन्य बीमारियों की जानकारी शुरूआती स्टेज में हो सकती है। इसके अलावा यहां पर रीढ़ की हड्डी, मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र से लेकर आंत, पेट व हड्डियों से जुड़ी पैथालाजी व डायग्नोस्टिक जांचों की सुविधा है। खून से जुड़ी सभी जांचें यहां संभव है।

हैलट में सर्वाइकल कैंसर की डिजिटल कोल्पोस्कोपी

कानपुर। मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में अब आधुनिक मशीन से महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर का पता चल जाएगा। विभाग ने सीआरएस फंड से डिजिटल कोल्पोस्कोपी मशीन ली है। जांच में समय से जानकारी होने पर सर्वाइकल कैंसर का तत्काल इलाज शुरू किया जाएगा।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में डिजिटल कोल्पोस्कोपी मशीन से लक्षण युक्त महिलाओं को शुरुआती स्टेज में ही बीमारी की जानकारी आसानी से हो सकेगी। विभागाध्यक्ष डॉ. नीना गुप्ता ने बताया कि बच्चेदानी के मुंह का कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) का पता लगाने के लिए डिजिटल कोल्पोस्कोपी मशीन आ गई है। नई मशीन का संचालन गुरुवार से किया जाएगा। डिजिटल कॉल्पोस्कोपी यह दिखा सकती है कि किसी महिला में ऐसी असामान्य कोशिकाएं हैं, जिन्हें निकाला जाना चाहिए।

नजराना मांगने वाले दरोगा को दंड मिलेगा

- महिला को चाय पर बुलाने वाले को मिली क्लीनचिट
- दक्षिण जोन के दो दरोगाओं की जांच पूरी हो गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कमिश्नरेट के दक्षिण जोन में कुछ माह पूर्व दो दरोगाओं के आडियो और आपत्तिजनक चैट सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए थे जिसकी जांच डीसीपी दक्षिण कर रहे थे। एक मामले में दरोगा का महिला के साथ आपत्तिजनक चैट कर वायरल हुआ था जिसमें उसने रात में अकेले चाय पर बुलाने की बात कही थी। जांच में महिला के किसी से भी बात न करने का बयान देने पर दरोगा को क्लीनचिट मिल गई। वहीं गुजैनी थाने के तत्कालीन दरोगा के नजराना मांगने के आडियो वायरल होने पर उसके खिलाफ दंड की संस्तुति की गई।

गुजैनी थाना क्षेत्र में रहने वाले एक फैक्ट्री कर्मी का सामने रहने वाली महिला के परिवार से विवाद था। आरोप था कि 10 जुलाई 2022 की रात महिला ने पांच लोगों को घर भेजा, जिन्होंने फैक्ट्री कर्मी की पत्नी और बेटी को बेरहमी से पीटकर बेटी का अपहरण करने का प्रयास किया था। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था तो 20 जुलाई को आरोपी महिला ने उनके दो बेटों समेत पांच लोगों पर बेटी से छेड़छाड़, पीछा करने व मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज करा दिया था। मुकदमे की जांच तत्कालीन दरोगा राजेश बाजपेई को मिली थी। आरोप लगा कि विवेचक ने बेटों को नाम हटाकर अंतिम रिपोर्ट लगाने के नाम पर 1.19 लाख रुपये ले लिए थे लेकिन नवंबर 2022 में पता चला कि मामले में चार्जशीट लगी है। उसके बाद भी दरोगा ने फोन कर कहा कि चार्जशीट वापस मंगवाकर अंतिम रिपोर्ट लगा देंगे, बस एसीपी के पेशकार को भी नजराना दे देना। फैक्ट्रीकर्मी ने उसकी बातें मोबाइल पर रिकार्ड कर उसे वायरल कर दिया था। दरोगा को निलंबित कर दिया गया था। विभागीय जांच एडीसीपी दक्षिण अंकिता शर्मा को मिली। जांच में दरोगा दोषी पाए गए तो उनके खिलाफ दंड की कार्रवाई की संस्तुति कर दी गई है।

इसी तरह पिछले वर्ष जून माह में तत्कालीन रतनलाल नगर चौकी प्रभारी शुभम के वाट्सएप चैट के स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे, जो अपहरण के एक मामले में जानकारी करने वाली पीड़िता से बात करने के दौरान के थे। वायरल चैट में शुभम ने पीड़िता को लिखा था कि घर पर कोई नहीं है। मेरे घर आओ चाय पिलाएं। इस तरह की कई आपत्तिजनक चैट थीं। डीसीपी दक्षिण रवीन्द्र कुमार ने उसे निलंबित कर जांच तत्कालीन एसीपी नौबस्ता अभिषेक पांडेय को दी थी लेकिन दरोगा को जांच में क्लीनचिट दे दी गई।

इस मामले में महिला ने कहा कि उनकी किसी से बात नहीं हुई, उसने सभी आरोपों से इन्कार किया। इस संबंध में एडीसीपी दक्षिण अंकिता शर्मा ने बताया कि दरोगा राजेश बाजपेई की विभागीय जांच पूरी हो चुकी है। जांच में वह दोषी पाए गए हैं। उनके खिलाफ दंड की संस्तुति की गई है। वहीं, दरोगा शुभम को क्लीनचिट दी गई है।

यौन शोषण, धर्मांतरण मामले में छात्र के बयान

- आरोप, शिक्षिका कराना चाहती थी धर्मांतरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कैंट थानाक्षेत्र में दसवीं के छात्र के यौन शोषण और धर्मांतरण के मामले में पीड़ित ने न्यायालय के समक्ष बयान दर्ज कराए। छात्र ने बताया कि आरोपी स्कूल शिक्षिका उसे धर्मांतरण के लिए केरल ले जाना चाहती थी। परिजनों का आरोप है कि उनकी सतर्कता के चलते उनका बच्चा बच गया। इस प्रकरण में पीड़ित के पिता ने शिक्षिका समेत चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी।

जिला उन्नाव के शुक्लागंज निवासी व्यापारी का बेटा कैंट स्थित एक विद्यालय में 10वीं का छात्र है। उसके पिता ने आरोप लगाया था कि स्कूल की शिक्षिका बेटे से चैटिंग कर उस पर जबरन यौन संबंध बनाने और धर्मांतरण का दबाव बनाती थी। शिक्षिका ने अपने पति और भाई के साथ मिलकर बेटे की चोटी भी कटवा दी थी। इसकी शिकायत प्रधानाध्यापिका से की गई लेकिन कुछ नहीं हुआ। इस पर पुलिस से शिकायत की। आरोप है कि रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस उन्हें टरकाती रही। आखिरकार न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने शिक्षिका समेत चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। छात्र के पिता ने बताया कि बुधवार को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष उनके बेटे के बयान दर्ज कराए। बेटे ने न्यायालय को बताया कि शिक्षिका अन्य लोगों के साथ मिलकर उसे धर्मांतरण के लिए केरल ले जाना चाहती थी। वहीं, इस मामले के विवेचक एसीपी ने बताया कि छात्र के बयान दर्ज कराए गए हैं।

विकास की रैंकिंग में नगर फिसड्डी

कानपुर। योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी करने वाली सीएम डैश बोर्ड ने दिसंबर माह की रैंकिंग जारी की है जिसमें नगर फिसड्डी साबित हुआ है। जबकि छोटे जिलों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए टॉप फाइव में अपना स्थान पक्का किया है।

सरकार की जन उपयोगी विकास कार्यों की जारी दिसंबर माह की रैंकिंग में नगर को 35वां स्थान मिला है। वहीं राजस्व कार्यों की रैंकिंग में 20वां स्थान है। विकास कार्यों में 27 विभागों में सिर्फ तीन परियोजनाएं और राजस्व के 18 विभागों की चार परियोजनाएं ही टॉप फाइव में शामिल हैं। जबकि मंडल के इटावा, औरैया, कन्नौज, फर्रुखाबाद, कानपुर देहात जैसे छोटे जिलों ने ज्यादा परियोजनाओं में बेहतर प्रदर्शन कर टॉप फाइव में जगह बनाई है। डैश बोर्ड से जारी रैंकिंग में सभी विभागों के लक्ष्य के सापेक्ष कार्य की प्रगति समय पर अपोलड करना होता है।

दो हत्यारोपियों का अब लाई डिटेक्टर टेस्ट कराएगी पुलिस

- कोर्ट से अनुमति लेगी पुलिस दो आरोपियों के खिलाफ लग चुकी चार्जशीट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गुजैनी थानाक्षेत्र में प्रेमिका के पति को बहाने से ले जाकर उसकी गला रेतकर हत्या करके शव को नहर में फेंकने के आरोपी प्रेमी और प्रेमिका को पुलिस जेल भेज चुकी है। घटना के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट भी लगा दी गई है लेकिन अब तक शव की बरामदगी नहीं हो सकी है। जिसके कारण पुलिस अब कोर्ट से अनुमति लेने के बाद हत्यारोपियों का लाई डिटेक्टर टेस्ट कराएगी।

फर्रुखाबाद के मोहम्मदाबाद नदोरा के नगला बहादुर गांव निवासी संजय यादव की शादी कन्नौज की सुमन से हुई थी। आरोप लगाया कि झगड़ा होने पर एक दिन सुमन ने संजय को खाने में जहर देकर मारने का प्रयास किया लेकिन वह बच गया। इस पर संजय नौकरी करने गुरुग्राम चला गया। पांच वर्ष पहले वह लौटा और सुमन के साथ केशवपुरम में किराये के मकान में रहने लगा। यहां भी झगड़ा होने पर संजय फिर गुरुग्राम चला गया। इस बीच, सुमन गड़रियनपुरवा की एक फैक्ट्री में काम करने लगी। यहां मूलरूप से मीरजापुर और हाल पता गुजैनी गांव के पास मायापुरम बस्ती निवासी सहकर्मी राजेश कुमार से उसका प्रेम प्रसंग हो गया। इधर, 12 जुलाई 2023 को सुमन का पति संजय घर लौट आया। इससे राजेश और सुमन का मिलना-जुलना बंद हो गया।

इस पर दोनों ने संजय को मारने की योजना बनाई। राजेश ने संजय को काम दिलाने की बात कहकर 26 सितंबर को घर बुलाया और शराब पिलाने के बाद गला रेतकर हत्या करने के बाद शव को रामगंगा निचली नहर में फेंक दिया। पुलिस ने जब उसे और सुमन को गिरफ्तार किया तो उसने घटना कबूली। पुलिस शव की तलाश के लिए 25 किलोमीटर दूरी में साढ़ तक भटकती रही लेकिन शव नहीं तलाश पाई। गुजैनी थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि वह उन हत्यारोपियों के लिए लाई डिटेक्टर टेस्ट के लिए कोर्ट से इजाजत लेंगे।

40 कोचिंग संचालकों को नोटिस

कानपुर। चमनगंज थानाक्षेत्र में रूपम चौराहे के पास स्थित चार मंजिला अपना घर अपार्टमेंट में हुए अग्निकांड के बाद कमिश्नरेट पुलिस सतर्क हो गई है। आग की घटना को देखते हुए डीसीपी सेंट्रल प्रमोद कुमार काकादेव थानाक्षेत्र में स्थित कोचिंग मंडी के 40 संचालकों को नोटिस जारी की है। पूर्व में सीएफओ दीपक शर्मा ने निरीक्षण किया था। जहां कई जगह आग बुझाने के इंतजाम मिले थे, तो कई जगहों पर आग के इंतजाम शून्य थे। पुलिस छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को देखते हुए पहले से ही एतियान सारे आग बुझाने के इंतजाम पूरा करा देना चाहता है।

रामधुन गा कांग्रेस ने जताया विरोध

- अयोध्या में हुई अभद्रता का विरोध जताया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बुधवार को कांग्रेस कमेटी उत्तर ने रामधुन गाकर अयोध्या में कांग्रेसियों संग हुई अभद्रता की निंदा की। फूलबाग गांधी प्रतिमा पर एकत्र हुए कांग्रेसियों ने भाजपा व संघ के कृत्य की निंदा करते हुए ईश्वर से आरोपियों को सदबुद्धि देने की कामना की।

शहर कांग्रेस कमेटी उत्तर के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी के नेतृत्व मे कांग्रेसी गांधी प्रतिमा पर पहुंचे और रामधुन गाकर अपना विरोध जताया। अध्यक्ष ने कहा कि बीते दिनों अयोध्या दर्शन करने पहुंचे कांग्रेस नेताओं, ध्वजवाहक अनोखे लाल तिवारी के साथ भाजपा व संघ के लोगों ने अभद्रता की थी। पार्टी के ध्वज का अपमान किया था। यह निंदनीय कृत्य है, जिसका विरोध किया जाता है। अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम किसी वर्ग, संप्रदाय या दल विशेष के नहीं, बल्कि समस्त विश्व के मानवजाति के पूज्यनीय हैं।

गांधी प्रतिमा पर विरोध जताते कांग्रेसी। अमृत विचार

श्रीराम को महात्मा गांधी ने भी अपना आराध्य माना था और सम्पूर्ण विश्व उनकी प्रभुसत्ता को स्वीकार करते हुए पूजा करता है। ऐसे में अयोध्या में हुई घटना भेदभाव की भावना से कीगई है, जो राम के अलौकिक व्यक्तित्व के प्रति अवमानना प्रकट करती है। इस मौके पर शंकर दत्त मिश्र, मदन मोहन शुक्ला, नरेश त्रिपाठी, दिलीप शुक्ला, लल्लन अवस्थी, पदम मोहन मिश्रा, सैमुअल सिंह, विकास सोनकर, संतोष गुप्ता, शकील मंसूरी, नरेंद्र चंचल, जितेंद्र ब्रहम, महेंद्र सिंह भदौरिया, जावेद जमील उस्मानी, हिमांशू मिश्रा, राजेंद्र सिंह टिल्लू, रमाकांत त्रिपाठी, मो. आमिर, सुरेश अग्रहरि आदि रहे।

जन्मदिन पार्टी में हुआ असलहा लेकर डांस

कानपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र में भाजपा नेता के भाई की जन्मदिन पार्टी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें एक युवक राइफल लेकर डांस करता हुआ नजर आ रहा है। पुलिस ने बताया कि वीडियो भाजपा पार्षद पति के भाई की जन्मदिन पार्टी का है। अमृत विचार वीडियो की तस्दीक नहीं करता है।

मकड़ी खेड़ा निवासी रामविलास निषाद की पत्नी वार्ड नंबर 44 से पार्षद हैं। जिनके भाई नरेंद्र कुमार का मंगलवार को जन्मदिन था। जन्मदिन पार्टी के दौरान नरेंद्र कुमार व उनके साथियों ने राइफल हाथ में लेकर कई फिल्मी गानों पर खूब डांस किया। पार्टी में पार्षद पति रामविलास निषाद भी मौजूद थे। थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि राइफल नकली थी जिसे जब्त किया गया है।

कुशाग्र हत्याकांड : 263 पन्नों की चार्जशीट होगी

- टीचर का प्रेमी प्रभात शुक्ला मुख्य आरोपी बनाया गया
- ट्यूशन टीचर व शिवा को बनाया सहयोगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहर के चर्चित कारोबारी के पुत्र कुशाग्र कनोडिया की अपहरण के बाद हत्या के मामले में गुरुवार को कोर्ट में तीन हत्यारोपियों के खिलाफ 263 पन्नों की चार्जशीट दाखिल करने की पूरी उम्मीद है। यह प्रक्रिया बुधवार को होनी थी, लेकिन छुट्टी पड़ जाने के कारण एक दिन टल गया। इस हत्याकांड में ट्यूशन टीचर के प्रेमी को जहां मुख्य आरोपी बनाया गया है वहीं टीचर और उसके प्रेमी के दोस्त को सहयोग करने के रूप में लिया गया है। पुलिस को विवेचना में आरोपियों पर लगे आरोप सही मिले। साथ ही इस हत्याकांड में कुल 34 लोगों को गवाह बनाया गया है। डीसीपी सेंट्रल प्रमोद कुमार ने बताया कि रायपुरवा पुलिस गुरुवार को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करेगी। प्रभात शुक्ला को मुख्य आरोपी और रचिता वत्स और प्रभात के साथी को सह अभियुक्त बनाया गया है।

कुशाग्र।

प्रभात और शिवा।

रचना।

लेटर, रस्सी, राइटिंग व खून की एफएसएल जांच

पुलिस ने मौके से मिले वीडियो फुटेज, फिरौती के लिए भेजे गए लेटर, रस्सी, राइटिंग व खून के मिलान के लिए सैंपल की जांच एफएसएल से कराई थी। जिसका मिलान भी हो चुका है।

रायपुरवा थानाक्षेत्र में आचार्य नगर के श्री भगवती विला अपार्टमेंट में रहने वाले सूरत के बड़े कारोबारी मनीष कनोडिया के बेटे कुशाग्र कनोडिया कैंट स्थित जयपुरिया स्कूल में कक्षा 10 का छात्र था। 30 अक्तूबर 2023 को वह स्कूटी से स्वरूप नगर में कोचिंग पढ़ने के लिए निकला था।

30 लाख की फिरौती के लालच में उसकी पूर्व ट्यूशन टीचर ओमनगर निवासी रचिता वत्स व उसके प्रेमी प्रभात शुक्ला ने अपने एक अन्य शिवा गुप्ता के साथ मिलकर अपहरण करने के बाद रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और सिक्योरिटी गार्ड राजेंद्र की मदद से तीनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

हत्याकांड में 34 लोगों को बनाया गवाह

डीसीपी सेंट्रल प्रमोद कुमार ने बताया कि मजबूत पैरवी के लिए श्री भगवती विला अपार्टमेंट के सिक्योरिटी गार्ड राजेंद्र को मुख्य गवाह बनाया गया है। इसके अलावा 34 अन्य लोगों को भी गवाह के रूप में शामिल किया गया है। हत्याकांड को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने के लिए जिलाधिकारी को पत्र भेजा जाएगा।

परिवार नियोजन | डॉक्टर बोले, नसबंदी से यौन क्षमता पर नहीं पड़ता असर

पुरुष नसबंदी में बिधनू ब्लॉक जिले में प्रथम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। नसबंदी के प्रति पुरुषों के बीच कई प्रकार की भ्रांतियां फैली हैं, जिस वजह से वे नसबंदी कराने से कतराते हैं। लेकिन इन भ्रांतियों को दरकिनार करते हुए बिधनू ब्लॉक के पुरुषों ने नसबंदी कराने में जिले में पहला स्थान पाया है। दूसरे नंबर पर शिवराजपुर व तीसरे स्थान पर बिल्हौर ब्लॉक रहा।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (परिवार कल्याण) डॉ.रमित रस्तोगी ने बताया कि जिले में सबसे अधिक बिधनू ब्लॉक में 15, शिवराजपुर में 12 व बिल्हौर में 11 पुरुषों ने नसबंदी कराई है। अप्रैल 2023 से 15 जनवरी 2024 तक 77 पुरुष नसबंदी हुई हैं। पुरुष नसबंदी में कानपुर का स्थान मंडल में प्रथम है। कुछ लोगों को भ्रांति है कि पुरुष नसबंदी से यौन इच्छा व क्षमता पर असर पड़ता है, जो गलत है। नसबंदी कराने से ऐसा कुछ नहीं होता है। पुरुष नसबंदी में केवल शुक्राणु वाहक नलिका को बांध दिया जाता है। यौन इच्छा व क्षमता पहले की तरह ही बनी रहती है। उन्होंने बताया कि पुरुष नसबंदी के लिए प्रेरक एएनएम, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को चार सौ रुपये दिए जाते हैं।

पुरुष नसबंदी के लिए प्रेरित करने वाले गैर सरकारी व्यक्ति को भी चार सौ रुपये देने का प्रावधान है। पुरुष नसबंदी के कुछ नियम भी हैं। नसबंदी सिर्फ वो लोग करा सकते हैं, जो विवाहित हों, उम्र 60 वर्ष या उससे कम हो और दंपती के पास कम से कम एक वर्ष का बच्चा हो। पति या पत्नी में से किसी एक की ही नसबंदी होती है। पुरुष नसबंदी कराने वाले लाभार्थियों को तीन हजार रुपये उनके बैंक खाते में भेजे जाते हैं।

नसबंदी एक छोटे से चीरे से

बिधनू सीएचसी के चिकित्साधीक्षक डॉ. नीरज सचान ने बताया कि बिना चीरा और टांका (एनएसवी) के पुरुष नसबंदी महज एक छोटा सा ऑपरेशन होता है। परिवार नियोजन के स्थायी साधन पुरुष नसबंदी सुरक्षित भी है और असरदार भी। चंद मिनट में होने वाली पुरुष नसबंदी की सफलता 99 .5 फीसदी है। उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में अब तक सीएचसी बिधनू में कुल 15 पुरुष नसबंदी के लिए आगे आए हैं। इन सभी को प्रेरित करने में उनके क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता सहित परिवार कल्याण सलाहकार अंजलि यादव का मुख्य योगदान है।

आदर्श परिवार की पहचान बने दंपती

यशोदा नगर निवासी मजदूर ने बताया कि शादी वर्ष 2008 में हुई थी। शादी के बाद एक बेटा और एक बेटी का जन्म हुआ। दो बच्चों के बाद पत्नी गर्भवती हुई तो स्वास्थ्य कारणों के चलते गर्भपात हो गया। तब पत्नी को काफी कष्ट सहना पड़ा। ऐसे में पत्नी व संयुक्त परिवार की सहमति से सीएचसी बिधनू में नसबंदी कराई। नसबंदी के एक सप्ताह से अधिक समय हो गया, लेकिन कोई समस्या नहीं है। उनका कहना है कि दो बच्चों की परवरिश अच्छे से हो जाए और पत्नी का स्वास्थ्य ठीक बना रहे, इस दौर में यह ज्यादा जरूरी है। वह अब आदर्श परिवार की पहचान बनकर दूसरे को भी प्रेरित कर रहे हैं।

शतरंज में शहर के ऋषभ को मिला तीसरा स्थान

कानपुर। इंदौर के आईपीएस एकेडमी में 11 से 14 जनवरी तक द्वितीय इंटरनेशनल शतरंज प्रतियोगिता में शहर के ऋषभ निषाद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। ये जानकारी कानपुर चेस एसोसिएशन के सचिव दिलीप श्रीवास्तव ने दी। इसमें देश व विदेश से कुल 282 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले गुजरात के नैतिक आर मेहता को एक लाख रुपए, दूसरे स्थान पर आने वाले पश्चिम बंगाल के अनुराग जायसवाल को 75 हजार रुपए व तीसरे स्थान पर आने वाले कानपुर के ऋषभ निषाद को 60 हजार रुपए, ट्रॉफी व मेडल दिया गया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश चेस एंड स्पोर्टस एसोसिएशन के सचिव एक रायजादा ने बधाई दी है।

250 कैमरे देखे, नहीं मिला छात्र

अमृत विचार फॉलोअप

- नहर खंगालने को पीएसी फ्लड टीम बुलाई गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अर्मापुर थानाक्षेत्र में ऑनलाइन गेम खेलने के दौरान दूसरे के खाते में 50 हजार रुपये ट्रांसफर हो जाने पर पिता की डांट से बचने के लिए घर छोड़कर गए इंटर के छात्र नितिन कुमार का पता नहीं चला है। सुसाइड नोट लिखकर वह दो दिन पहले लापता हो गया था। एडीसीपी पश्चिम आकाश पटेल के निर्देश पर पुलिस ने अब तक भौंती से विजय नगर, अर्मापुर, पनकी के 250 कैमरों के फुटेज देखे, 40 किलोमीटर का इलाका छाना पर कुछ पता नहीं चला। बुधवार को भी पनकी नहर में काफी तलाश की। पीएसी की स्पेशल फ्लड टीम को बुलाया गया है। पुलिस दस से ज्यादा जिलों से संपर्क कर रही है।

छात्र नितिन कुमार।

पुलिस ने बताया कि विजय नगर के पास जिस कैमरे में वह एक युवती के साथ जाते दिखा उसका फोटो साफ नहीं है। कानपुर देहात, फतेहगढ़, फतेहपुर, फर्रुखाबाद, कन्नौज, लखनऊ, हमीरपुर, इटावा, आगरा और आसपास के जिलों में नितिन की तस्वीर भेजकर जानकारी मांगी गई है। पनकी और आसपास के रेलवे स्टेशनों को सर्च करने के बाद यूपी जीआरपी को सूचना देकर नितिन की जानकारी करने के लिए कहा गया है। शहर के होटलों में भी पुलिस ने जानकारी की है लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। पुलिस को नितिन के पिता नितेश कुमार का स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का डिटेल मिल गया है। जिससे रुपये निकलने की पुष्टि नहीं हुई है। अब पुलिस नितेश के कोटक महिंद्रा वाले अकाउंट की डिटेल निकालने की कोशिश कर रही है।

अब तक की जांच में ये पता चला है कि नितिन किसी युवती से टेलीग्राफ पर चैटिंग करता था। उसकी आईपी एड्रेस मिल गया है। जिस अनन्या पांडेय का नाम सामने आ रहा है वह जांच में फेक पाया गया।

ये है मामला

छपरा बिहार के रहने वाले आर्डिनेंस कर्मी नितेश कुमार अपनी पत्नी, तीन बेटियां प्रिया, प्रीती और अक्षरा और इकलौता बेटे 17 वर्षीय नितिन कुमार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया था कि 15 जनवरी सोमवार को अचानक नितिन घर से गायब हो गया। मंगलवार सुबह परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जब छात्र का कमरा और बैग चेक किया तो एक सुसाइड नोट मिला। नोट में पिता के लिए कोई बहुत बड़ी गलती की बात लिखी है। लिखा है कि वह अपनी हरकतों से बहुत शर्मिंदा है, नहर में कूदकर जान देने जा रहा है। एडीसीपी आकाश पटेल ने बताया कि टीमें छात्र को खोजने में लगी हैं।

एक नजर

कानपुर से भी अयोध्या को हेलीकॉप्टर सेवा की मांग

कानपुर। अयोध्या के लिए प्रदेश सरकार ने छह जिलों से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने की घोषणा की है। इसका किराया भी तय किया जा चुका है। अयोध्या की हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत लखनऊ से होगी। इसे देखते हुए शहर के श्रद्धालुओं ने कानपुर से भी अयोध्या के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने की मांग की है। उद्यमियों का कहना है कि कानपुर से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होने पर एक ही दिन में रामलला के दर्शन करके लौटना आसान हो जाएगा।

राम मंदिर दर्शन के लिए भारत गौरव ट्रेन

कानपुर। अयोध्या के राम मंदिर, प्रयागराज और तीन ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए आईआरसीटीसी ने भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन की शुरुआत की है। इस टूर पैकेज की शुरुआत पांच फरवरी को होगी। यात्रियों को प्रयागराज, अयोध्या, वाराणसी, चित्रकूट, नासिक और उज्जैन जाने का मौका मिलेगा। 10 दिन और नौ रात के पैकेज में इकोनॉमी एसी, थर्ड एसी, एसी-2 कोच में यात्रा करने का मौका मिलेगा। यात्रियों को ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर के साथ किराए के अनुसार एसी और नॉन एसी होटल में ठहरेंगे।

अब सभी बसों में बजाई जाएगी रामनाम की धुन

कानपुर। कानपुर परिक्षेत्र की सभी बसों में रामधुन बजाई जाएगी। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए परिवहन निगम के अफसरों ने रोडवेज की अयोध्या जाने वाली बसों में म्यूजिक बॉक्स लगाकर रामधुन बजाने की व्यवस्था की थी। लेकिन प्रदेश भर की बसों में रामधुन बजाए जाने की फैसला लिए जाने के बाद परिक्षेत्र की सभी बसों में म्यूजिक बॉक्स लगाने की तैयारी है।

22 को नशे पर लगे प्रतिबंध

कानपुर। नशा विरोधी मंच की बैठक बुधवार को स्वरूपनगर में हुई। प्रदेश सरकार से मांग की गई कि 22 जनवरी को शराब के साथ पान-मसाला पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाएं। सुनील सिंह चौहान, नीरज पांडेय, आदित्य तिवारी, आशुतोष पांडेय, अरविंद कुमार, शिवम रहे।

सिर मुकुट कुंडल तिलक चारू उदार अंग विभूषण... से राम दर्शन सुंदर

जन्माष्टमी की तरह रामलला की झांकियां सजाने के लिए बाजार में आए हीरा-पन्ना जैसे नगों से जड़ित मुकुट, कुंडल और खिलौने। । अमृत विचार

शहर के बाजारों में राम दरबार के लिए पोशाक और श्रृंगार के सामान की भरमार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। राम मंदिर की स्थापना से पहले पूजा और श्रृंगार सामग्री का बाजार नए उत्पादों से जगमग हो गया है। प्रभु श्रीराम के लिए मयूर कुंडल और माता जानकी के मनमोहक मुकुट हर किसी को पहली ही नजर में पसंद आ रहे हैं। शहर की थोक बाजारों से कन्नौज, इटावा, औरैया सहित आसपास के जिलों के कारोबारी भी बड़ी मात्रा में राम दरबार के लिए श्रृंगार का सामान खरीदने आ रहे हैं।

कारोबारियों का कहना है कि इस समय घरों में राम दरबार सजाने के लिए दीपावली, जन्माष्टमी और रामनवमी पर बिकने वाली श्रृंगार सामग्री से 20 गुना अधिक मांग देखी जा रही है। शिवाला बाजार में प्रभु श्रीराम के श्रृंगार से जुड़ी सामग्री की भरमार है। ग्राहक मुकुट, कुंडल, पायल, कड़े, धनुष बाण की खूब खरीदारी कर रहे हैं। इसी तरह तरह-तरह की आकर्षक पोशाक भी तैयार की गई हैं। तीन से 10 इंच आकार की मनमोहक श्रृंगार सामग्रियां 22 जनवरी को घरों और सामाजिक आयोजनों में प्रभु के श्रृंगार के लिए खरीदी जा रही है।

शिवाला में श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण की पत्थर से बनी प्रतिमाएं खरीदती महिला। अमृत विचार

वियतनाम के पत्थर पर मुस्कुराए राम-जानकी और लक्ष्मण

कानपुर। वियतनाम के पत्थर से बनी श्रीराम की प्रतिमा की मनोहारी छवि बाजार में हर किसी को लुभा रही है। वियतनाम के पत्थर को तराश कर राजस्थान के कारीगरों ने तीन प्रतिमाओं का राम दरबार बनाया है। इसकी खासियत यह है कि एक ही पत्थर को तराश कर श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण की तीन अलग-अलग प्रतिमाओं को मिलाकर दरबार की शक्ल दी गई है। बताया गया कि वियतनाम के पत्थर पर बनी यह कलाकृति आजीवन चमक बिखेरती रहेगी। शिवाला बाजार में लगभग एक फुट ऊंची राम दरबार की ऐसी प्रतिमाएं ग्राहकों को लुभा रही हैं। दुकानदार अरविंद कुमार ने बताया कि प्रतिमाओं में राजस्थान की शिल्पकारी है। मुस्कुराते हुई प्रभु राम, माता सीता और लक्ष्मण की छवि बरबस आकर्षित करती है। रीमा अग्रवाल ने बताया कि 22 जनवरी के लिए उन्होंने 35 हजार रुपये में यह प्रतिमाएं खरीदी हैं।

राम नाम और मंदिर के चित्र वाले गुब्बारे आए

बाजार में श्रीराम के चित्र और अयोध्या के राम मंदिर छपे गुब्बारे भी आ गए हैं। यह गुब्बारे 22 को होने वाले आयोजनों में हवा में उड़ाने के लिए लोग खरीद रहे हैं। इसके अलावा मंदिरों और शोभा यात्रा को श्रीराम लिखे गुब्बारों से सजाने की तैयारी चल रही है। 22 जनवरी को सबसे अधिक गुब्बारे जागेश्वर महादेव मंदिर से 1008 छोड़े जाने का ऐलान किया गया है।

झांकी सजाने के लिए तरह-तरह के खिलौने

बाजार में प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप की झांकी सजाने के लिए तरह-तरह के खेल-खिलौने भी उपलब्ध हैं। इनमें सबसे ज्यादा मांग धनुष-बाण, मोबाइल और गिटार की है। पुष्पक विमान के साथ, हाथी, घोड़े, गाय के खिलौने की भी मांग काफी है। झांकी में सजाए जाने वाले खिलौनों की कीमत 20 से तीन सौ रुपये तक है। लोग घरों में 22 जनवरी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तरह रामलला की झांकियां सजाने के लिए आकर्षक खिलौने खरीद रहे हैं।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर जिस तरह खिलौने और झांकियां सजाने के साथ श्रृंगार का सामान बाजारों में बिकता था, उसी तरह इस समय रामलला की झांकी और श्रृंगार से जुड़ी हर सामग्री बाजार में मौजूद है। 22 जनवरी को मंदिरों और घरों में झांकियां सजाकर लोग प्रभु का श्रृंगार करेंगे।

– आकाश ओमर, मंत्री, शिवाला व्यापार मंडल

प्रभु श्रीराम से जुड़ी श्रृंगार सामग्री अभी तक रामनवमी के आसपास ही बाजार में आती थीं। इस बार 22 जनवरी को लेकर झांकियां और छोटी मूर्तियां सजाने के लिए बाजार में जमकर खरीदारी हो रही है। रामलला से जुड़ी हर वह श्रृंगार सामग्री बाजार में मौजूद है जो जन्माष्टमी पर मिलती थी।

– हिमांशु अग्रवाल, रिटेल कारोबारी

कचहरी में वकीलों के साथ राम कीर्तन करतीं महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार

कचहरी में घूम-घूमकर किया राम कीर्तन

कानपुर। महापौर प्रमिला पांडे ने बुधवार दोपहर कचहरी परिसर में पदयात्रा निकाली और घूम-घूमकर राम कीर्तन किया। महापौर ने अधिवक्ताओं के बस्ते और चैम्बरों में जा जाकर 22 जनवरी को अपने-अपने घरों और आसपास के मंदिरों में राम उत्सव मनाने की अपील की। महापौर ने कहा यह शुभ अवसर पूरे 500 साल के संघर्ष के बाद आ रहा है, ऐसे में शहर वासियों के साथ-साथ सभी अधिवक्ता इस समारोह में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें। पदयात्रा के दौरान एडवोकेट आलोक कटियार, आलोक शुक्ला, अंकुर चौहान आदि मौजूद रहे।

मालरोड स्थित खेरेपति मंदिर के बाहर की जा रही सजावट। अमृत विचार

उत्साह-उल्लास और उमंग

समय शताब्दी टर्मिनल में सजाई गई श्रीराम की झांकी। अमृत विचार

शताब्दी टर्मिनल में महाआरती और आतिशबाजी

कानपुर। फजलगंज स्थित समय शताब्दी टर्मिनल परिसर बुधवार को राममय दिखा। टर्मिनल प्रांगण को भगवा झंडों से सजाया गया और श्रीराम की महाआरती हुई। 108 आहुति के साथ हवन हुआ। श्रीराम के जयकारों के साथ आतिशबाजी की गई। इस मौके पर भगवा वस्त्र पहने कर्मचारियों में भारी जोश और उत्साह दिखा।

दीपोत्सव के लिए दीया और राम मंदिर का कैलेंडर बांटती टोली। अमृत विचार

दीपोत्सव के लिए घर-घर बांटी दीया-बाती

कानपुर। 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने के लिए उपकारी सेवा समिति ने बुधवार को बस्तियों में घूमकर दीया-बाती बांटी। अयोध्या से आया पूजित अक्षत और राम मंदिर की फोटो देकर कहा कि 22 जनवरी को घरों को रंग-बिरंगी झालरों से सजाएं, ताकि लगे कि 500 साल बाद भारतीय संस्कृति की पुर्नस्थापना श्रीराम मंदिर के रूप में हो रही है। समिति के सदस्यों ने कबीर नगर बस्ती, दादा नगर बस्ती में लोगों से कहा कि घरों में रंगोली सजाएं, दीपक जलाएं। उत्साह के साथ खुशी का इजहार करें। इस मौके पर अंजनी जायसवाल, मुख्य अध्यापिका रजविंदर कौर, पूजा, प्रिया तिवारी, मनमोहन सिंह नामधारी, पीके श्रीवास्तव, रीटा यादव, राधा सोनी, शिखा सोनी, दीप्ति वर्मा, गौरव, प्रिंस रस्तोगी मौजूद रहे।

रामकथा महोत्सव में दीपों से लिखा राम-राम। अमृत विचार

रामदरबार की झांकियों ने मनमोहा

कानपुर। रामप्रसाद त्रिपाठी आदर्श हिंदू धर्मशाला में बुधवार को रामकथा महोत्सव में राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वृंदावन से आए प्रहलाद महाराज ने श्रीराम के चरित्र का महिमा मंडन किया। दशरथ, कौशल्या और श्रीराम की झांकी सजाई गई। रामनाम के 108 दीपक प्रज्ज्वलित किए गए। प्रसाद के रूप में गुलगुला, टॉफी, चॉकलेट, बच्चों के खिलौने वितरित किए गए। समाज सेवियों का सम्मान हुआ। सुशील त्रिपाठी, भाजपा के प्रदेश संयोजक श्रम प्रकोष्ठ भूपेश अवस्थी, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा विकास दुबे, राजेंद्र सिंह भदोरिया, तेजभान सिंह, नरसिंह दुबे, सर्वेश त्रिपाठी, हरिशंकर सिंह, शंभू गुप्ता, श्याम बिहारी अवस्थी, अवध बिहारी अवस्थी, डा. समरदी पांडेय, राजेश बाजपेई मौजूद रहे। आयोजन अनिल त्रिपाठी क्षेत्रीय संयोजक श्रम प्रकोष्ठ भाजपा ने किया।

अयोध्या घी भेजे जाने की जानकारी देते विकल्प के पदाधिकारी। अमृत विचार

5100 किलो बिलोना घी अयोध्या भेजा

कानपुर। अयोध्या में प्रसाद, पूजा, हवन, भोग जैसे रामकाज के लिए मंदिर ट्रस्ट ने नगर की विकल्प आहार संस्था को बिलोना घी भेजने की अनुमति प्रदान की है। यह घी विकल्प संस्था द्वारा भेजा जाएगा। संस्था की सदस्य रिचा चतुर्वेदी ने बताया कि 5100 किलो घी अयोध्या भेजा जाएगा। विकल्प के प्रमुख विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि मंदिर में रामकाज के लिए शुद्ध घी की जरूरत है। कई प्रमुख लोगों ने उनके घी को इसके लिए उपयुक्त बताया था। इसके बाद उद्यमी राहुल मेहता ने राम मंदिर ट्रस्ट से संपर्क किया। वहां से 5100 किलो बिलोना घी भेजने को कहा गया। राहुल ने बताया कि कोरोना काल में उन्होंने आर्गेनिक उत्पाद के बारे में सोचा था। उन्होंने यह घी महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री को दिया था। उन्होंने ही इसे अयोध्या भेजने के लिए कहा।

सजा दो घर को गुलशन सा, मेरे राम आए हैं...

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के आयोजन को लेकर शहरवासियों के दिलों में उल्लास की हिलोरें उठ रही हैं। जगह-जगह श्रीराम की मूर्ति, चित्रकारी का रंग रोगन कर सजाया संवारा जा रहा है। शिवाला तिराहे पर स्थित पार्क की दीवार में बनी श्रीराम की लीलाओं आधारित चित्रकारी को धनी राम वर्मा, विवेक सिंह, अजय सिंह गुलशन सजा रहे क्योंकि श्रीराम आ रहे हैं। फोटो – मनोज तिवारी

सरयू के जल से बनाया जाएगा भंडारे का प्रसाद

कानपुर। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शहर में विविध कार्यक्रम में होंगे। सर्वोदयनगर में सर्वोदय नगर व्यापार की ओर से भंडारा और आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा। भंडारे का प्रसाद सरयू के जल से बनेगा। मंडल अध्यक्ष अध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि पांच कारोबारी 20 जनवरी को अयोध्या जाएंगे और सरयू जी का जल लेकर आएंगे। इसी जल से खीर और अन्य प्रसाद बनाया जाएगा।

महामंत्री पवन सिंह ने बताया कि इस दिन पूरे रावतपुर और सर्वोदय नगर को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। आकाशीय आतिशबाजी की जाएगी। ऐसी आतिशबाजी होगी जिससे कि आकाश सतरंगी हो उठेगा।

पनकी, परमट मंदिर पहुंचे डीएम और नगर आयुक्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मंदिरों के आसपास सफाई व मार्ग प्रकाश के साथ आयोजकों से समन्वय बनाने के निर्देश

अमृत विचार। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर शहर के प्रमुख मंदिरों में भव्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसे लेकर जिलाधिकारी विशाख जी और नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को पनकी और आनंदेश्वर परमट मंदिर का निरीक्षण करके आयोजन के संबंध में संबंधित लोगों के साथ विचार-विमर्श किया।

जिलाधिकारी ने अपर नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि शहर के सभी मंदिरों और उसके आसपास निरंतर सफाई कराई जाए। नगर निगम के सभी जोनल अधिकारी अपने क्षेत्र के मंदिरों में की जाने वाली सफाई की नियमित मॉनिटरिंग करें। इसी तरह मुख्य अभियंता मार्ग प्रकाश को निर्देश दिए गए कि मंदिरों के मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था के साथ मंदिरों में लाइटिंग कराना भी सुनिश्चित करें। उन सभी मंदिरों के पास पर्याप्त संख्या में डस्टबिन रखे जाए, जहां भंडारे का आयोजन किया जाना है, वहां भंडारे के बाद तत्काल सफाई कराई जाए। जिलाधिकारी ने अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि सभी मंदिरों के महंत एवं पुजारी, आयोजन समितियों से निरंतर समन्वय बनाए रखें ताकि जो भी समस्या हो उसे तत्काल दूर कराया जा सके।

कार सेवा में जेल काटी अब जीवन हुआ धन्य

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- राम जन्मभूमि के लिए कार सेवा करते हुए गए थे जेल
- 78 वर्ष के बुजुर्ग बेताबी से कर रहे 22 जनवरी का इंतजार

अमृत विचार। 22 जनवरी को रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के साथ देश के जिन करोड़ों लोगों का सपना पूरा होगा, उनमें 78 वर्षीय आचार्य नगर निवासी आरआर मोहन भी हैं। वह बड़ी बेताबी से 22 जनवरी का इंतजार कर रहे हैं। वह 47 वर्ष की उम्र में कार सेवा करते हुए जेल गए थे। राम मंदिर की स्थापना को लेकर उन्होंने कहा कि सदियों का सपना पूरा होने वाला है।

आरआर मोहन।

1992 की घटना को याद करते हुए आरआर मोहन ने बताया कि वे आचार्य नगर स्थित भारतीय विद्यालय इंटर कॉलेज में पढ़ाते थे। छह दिसंबर 1992 को राम जन्मभूमि आंदोलन में उनके साथ पांच लोग कानपुर से गिरफ्तार हुए थे। उन लोगों को केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ ले जाया गया। कार सेवकों की संख्या इतनी अधिक थी कि जेल छोटी पड़ गई तो क्रिश्चियन कॉलेज फर्रुखाबाद को जेल से अटैच कर दिया गया। उनके साथ पड़ोसी राकेश दुबे व मनोज गुप्ता भी थे। 15 दिन जेल में रहने के दौरान सभी लोग प्रभु श्रीराम के मंदिर की ही बात किया करते थे। उस वक्त यह किसी सपने जैसा था। उन्होंने बताया कि मनोज गुप्ता अब इस दुनिया में नहीं हैं, वह अपना व्यवसाय छोड़कर जेल गए थे। जेल का खाना बहुत खराब होता था। ऐसे में बाहर से संस्थाएं कार सेवकों के लिए खाना लेकर आती थीं। जेल में राम भजन करते हुए 15 दिन कब कट गए पता ही नहीं चला।

राम मय हुआ शहर | पनकी मंदिर में रोज भजन संध्या, रामचरितमानस पाठ, 50 हजार श्रद्धालु लेंगे भाग

केसरिया ध्वज यात्रा में नारद ने दिया बुलावा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कैट व उप्र आदर्श व्यापार मंडल महानगर की ओर से बुधवार को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए जन संपर्क पद यात्रा निकाली गई। यात्रा की नारद जी के स्वरूप में एक व्यक्ति ने अगुवाई की। इस दौरान संगठन के पदाधिकारी और व्यापारी शामिल रहे। यात्रा अफीम कोठी चौराहा से शुरू होकर जीटी रोड, थाना रायपुरवा, चन्द्रिका देवी चौराहा से डिप्टी पड़ाव चौराहा से हमीरपुर रोड होते हुए अफीम कोठी चौराहा पर समाप्त हुई। व्यापारियों ने लोगों को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया। यात्रा का बाजारों में स्वागत किया गया। महानगर अध्यक्ष मणींद्र सोनी, महामंत्री ओपी निगम, दुर्गा केसरवानी, उपाध्यक्ष राजू जैन, वरिष्ठ सचिव श्रीकांत गुप्ता, जय प्रकाश गुप्ता, राज केसरवानी, मुकेश सोनकर, नितिन केसरवानी मौजूद रहे। श्रीराम मंदिर की स्थापना पर कैट ने गीत 'हर साज में राम बजे' बनवाया है। इसका वीडियो भी तैयार हो गया है। पंकज अरोड़ा ने बताया कि गीत मुंबई के स्टूडियो में कुशल संगीतकारों ने 15 दिनों की कड़ी मेहनत के बाद रिकॉर्ड किया है। इस गीत की विशेषता यह है कि इसमें 28 राज्यों के वाद्य यंत्रों का उपयोग किया गया है। गीत का लोकार्पण 18 जनवरी को दिल्ली में किया जाएगा।

कैट और आदर्श व्यापार मंडल की केसरिया ध्वज यात्रा में शामिल हुए व्यापारी। अमृत विचार

पनकी धाम में 21 हजार दीपों से आरती और विशाल भंडारा

कानपुर। पनकी धाम श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर मंदिर परिसर को 21 हजार दीपों से जगमग कर आरती की जाएगी। 21 जनवरी तक रोज शाम को राम भजन संध्या एवं रामचरितमानस का पाठ होगा। 22 जनवरी को भगवान को दो क्विंटल देसी घी से बना रवा का हलवा का भोग लगाया जाएगा।

पनकी मंदिर के महामंडलेश्वर महंत कृष्ण दास महाराज ने बताया कि 22 जनवरी को 10 क्विंटल का भंडारा किया जाएगा। भंडारा सुबह 9 बजे से लेकर रात्रि 9 बजे तक चलेगा। इस खास कार्यक्रम के लिए शहर के विधायक सांसद और प्रतिष्ठित लोगों के साथ भक्तों को न्योता दिया गया है। मंदिर में उस दिन लगभग 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। महंत कृष्ण दास महाराज ने बताया शाम को 4 बजे से श्रीराम भजन संध्या का आयोजन शुरू होगा। सुंदर कांड पाठ और महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

डीएम विशाख जी और नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन को पौधा भेंट किया गया। अमृत विचार

प्रकाश उत्सव पर मोतीझील में आयोजित कार्यक्रम में लंगर छक रहे लोग।

प्रकाश पर्व पर दिखा आस्था और सेवा का मिलन

श्रीगुरु गोबिंद सिंह जी का पावन प्रकाश पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव से मनाया गया, लाखों श्रद्धालुओं ने मोतीझील में लंगर छका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। खालसा पंथ के संस्थापक दशमेष पिता सरबंसदानी साहिब श्रीगुरु गोबिंद सिंह जी का पावन प्रकाश पर्व श्रद्धा एवं भक्तिभाव से मनाया गया। मोतीझील में हुए आयोजन में शामिल श्रद्धालुओं ने लंगर छका। इस दौरान हजारों श्रद्धालु भक्ति भावना से सेवा कार्य करते दिखे। श्रद्धालुओं ने श्रीगुरु ग्रन्थ साहिब के समक्ष माथा टेककर गुरु के प्रति श्रद्धा समर्पित की। बुधवार देर रात तक शबद और कीर्तन में गुरु महाराज का गुणगान होता रहा।

गुरु पर्व का मुख्य समारोह भोर से शुरू हुआ। साध संगत सुखमनी साहिब चौक की ओर से श्री सुखमनी साहिब का पाठ किया गया। इसके बाद सिमरन साधना व आनन्द साहिब एवं अमृत वेले की अरदास हुई। गुरु नानक संगीत जत्था गोविंद नगर ने नितनेम किया। बीबी इंदर कौर, गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्किल, भाई सुरिंदर सिंह, भाई मोहन सिंह, प्रेमी जत्था भाई कुलदीप सिंह राजा, भाई भूपिंदर सिंह गुरदासपुरी, हजूरी रागी जत्था गुरुद्वारा श्रीगुरु तेग बहादुर चौक के जत्थों ने आसा दी वार का गायन किया।

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार का भी सम्मान किया गया। अमृत विचार

तुम हो सब राजन के राजा: पर्व पर भाई सतप्रीत सिंह जी झांसी वालों ने 'तुम हो सब राजन के राजा आपे आप गरीब नवाजा, साची प्रीत हम तुम सियो जोरी' का गायन किया। तख्त श्री केशगढ़ साहिब श्री आनंदपुर साहिब के हजूरी रागी भाई जगतार सिंह ने तहि प्रकाश हमारा भयो, पटना साहिब विखे भव लयो, हम बैठे तुम देहो असिसां, तुम राजा राजन के ईसा का समाधुर गायन कर संगत को निहाल किया। बलविंदर सिंह जी देहरादून वालों ने गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। भाई मनप्रीत सिंह कानपुरी लुधियाना वालों ने तुमरी जी अकथ कथा तू तू तू ही जानेह का गायन किया।

पुलिस कमिश्नर और आईजी भी पहुंचे

कानपुर। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार भी मोतीझील स्थित प्रांगण में आयोजित प्रार्थना सभा में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में सिख समाज के लोगों ने आईजी रेंज कानपुर जोगेन्द्र कुमार, डीसीपी सेन्ट्रल प्रमोद कुमार, एसीपी अनवरगंज इन्द्र प्रकाश सिंह, एसीपी स्वरूपनगर शिखर और इंस्पेक्टर स्वरूपनगर राजेश शर्मा के साथ डॉक्टर हेमंत मोहन आदि का भी सम्मान किया।

वाहेगुरु प्रसादी

महोत्सव के दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने लंगर छका। लंगर में इस बार महिलाएं और पुरुषों के अलग-अलग बैठने की व्यवस्था की गई थी। लंगर में पंगत में बैठे श्रद्धालुओं को सेवादार 'वाहेगुरु प्रसादी वाहेगुरु प्रसादी' कहकर प्रसाद वितरित कर रहे थे।

पर्यावरण रक्षा का संकल्प

गुरु के प्रकाश उत्सव पर्व पर डीएम विशाख जी, विधायक अमिताभ बाजपेई, सुरेंद्र मैथानी सहित अन्य को सम्मान स्वरूप पौधा भेंट किया गया। इसके साथ पर्यावरण की रक्षा का संकल्प भी लिया गया। श्री अकाल तख्त के निर्णय के चलते गुरू पर्व दीवानों में सिरोपा, स्मृति चिन्ह आदि देने पर रोक के चलते विशिष्ट अतिथियों को पौधे प्रदान किए गए।

मंदिर निर्माण पर शुभकामनाएं

श्रीगुरु सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार हरविंदर सिंह लार्ड ने संगत को संबोधित करते हुए देश को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की बधाई दी। कहा कि हिंदू समाज को भी गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व भव्यता से मनाना चाहिए। गुरु साहिब ने मानवता और हिंदू धर्म की रक्षा के लिए अपने गुरु पिता, माता, साहिबजादों की शहादत से जिस इतिहास की रचना की उसका कोई सानी नहीं है और न भविष्य में कभी होगा।

इनका रहा योगदान

श्रीगुरु सिंह सभा के अध्यक्ष हरविंदर सिंह लार्ड, सुखविंदर सिंह भल्ला लाडी, मोहन सिंह झास, मंजीत सिंह सागरी, हरमिंदर सिंह लोंगोवाल, करमजीत सिंह, महेंद्र सिंह भाटिया जैक वाले, ज्ञानी मदन सिंह, हरजीत सिंह सोनी, मीतू सागरी, जयदीप सिंह राजा, दया सिंह गांधी, गुरजिंदर सिंह, तरलोचन सिंह नारंग, उजागर सिंह ग्रोवर, डॉ. टीएस कालरा सहित अन्य मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

कक्षा आठ तक के स्कूल 20 तक बंद

कानपुर। शीत लहर के चलते कक्षा 8 तक के सभी स्कूलों को 20 जनवरी तक बंद कर दिया गया है। बीएसए सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि सर्दी की वजह से प्ले ग्रुप से कक्षा 8 तक के सभी स्कूलों को बंद किए जाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। आदेश की अवहेलना करने वाले स्कूल के प्रबंधकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बर्फीली हवाओं ने और बढ़ाई गलन

कानपुर। सर्दी का सितम लगातार जारी है। बुधवार को 4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवाओं ने गलन पैदा कर दी। कोहरा और धुंध की वजह से धूप भी बेअसर रही। मौसम वैज्ञानिकों ने बुधवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। अधिकतम तापमान 13 .4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर पश्चिमी हवाओं की वजह से शुक्रवार तक शहर में शीत लहर जारी रहेगी। सर्दी की वजह से उड़ानों पर तो असर नहीं पड़ा लेकिन 83 ट्रेन अपने निर्धारित समय से देरी से सेंट्रल पहुंची। सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि अभी कुछ दिनों तक कोहरे और धुंध से राहत मिलने वाली नहीं है। उत्तर पश्चिमी सर्द हवाएं बहेंगी, जिससे गलनभरी सर्दी और बढ़ेगी।

समर बहादुर स्मारक क्रिकेट आज से

कानपुर। कानपुर क्रिकेट एसोसियेशन से आबद्ध एवं सदर्न क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित समर बहादुर सिंह स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता गुरुवार से आयोजित की जाएगी। आयोजन सचिव नीरज वर्मा ने बताया कि इसके सभी मैच पालिका मैदान में खेले जायेंगे। प्रतियोगिता में संघ से पंजीकृत बी डिवीजन की टीमें वाईएमसीसी, रोलैण्ड, नेशनल यूथ, केजीएससी, राइडर्स, कानपुर जिमखाना, खेरेपति, कानपुर स्टारलेट, प्रिन्स एवं बीसीए क्लब भाग ले रही हैं। उदघाटन मैच वाईएमसीसी एवं रोलैण्ड के बीच 10 बजे से खेला जायेगा।

क्रिकेट प्रतियोगिता 29 जनवरी से

कानपुर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्तर की जूडो प्रतियोगिता के बाद 29 जनवरी से 10 फरवरी तक सेंट्रल जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के सचिव आशीष कटियार ने बताया कि इसमें विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालय और पूरे प्रदेश की टीम प्रतिभा करेंगी। इसका वेबसाइट पर प्रसारण किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रतिभा करने के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट में पंजीकरण के लिए पोर्टल खोल दिया गया है।

आनंद कोषाध्यक्ष, विनीत जिला संगठन मंत्री

कानपुर। हनुमान नगर विकास समिति की ओर से संचालित विकास मोर्चा सामाजिक संगठन की कार्यकारिणी में दो नए पदों पर मनोनयन किया गया। मोर्चे ने आनंद मोहन बाजपेई को जिला कोषाध्यक्ष व विनीत कुमार शुक्ला को जिला संगठन मंत्री के पद पर मनोनीत किया गया। संगठन की ओर से दोनों को ही मनोनयन पत्र जारी कर नगर अध्यक्ष रुणा सिंह ने दोनों नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

आनंद मोहन

विनीत कुमार।

जरूरतमंदों को कंबल बांटते अजय कपूर। अमृत विचार

अजय कपूर ने कंबल बांटे

कानपुर। बुधवार को जूही डिपो चौराहे के पास कंबल वितरण कार्यक्रम में पूर्व विधायक अजय कपूर ने जरूरतमंदों को कंबल बांटे। पार्षद अनिल यादव, पार्षद अमित जायसवाल, पार्षद प्रतिनिधि सुनील कनौजिया, अशोक मिश्रा भूटानी, अरविंद त्रिवेदी, दीपक त्रिवेदी बल्ली, भूपेन्द्र सिंह, मोहित दीक्षित, मुन्ना ठाकुर, मुकेश दुबे, दिलशाद हाशमी मुकरी, इम्तियाज़ अहमद आदि उपस्थित रहे।

फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए टीम रवाना

कानपुर। बस्ती में होने वाली पं. दीनदयाल उपाध्याय फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए 9 से 10 जनवरी तक ग्रीनपार्क स्टेडियम में हुए ट्रायल के बाद 16 सदस्य टीम का चयन किया गया। टीम बुधवार सुबह बस्ती के लिए रवाना हो गई। टीम को जिला फुटबॉल संघ के सचिव अजीत सिंह, अमित नारंग, आसिफ इकबाल ने रवाना किया।

विनर्स, स्काई, भारत और इलेवन स्टार जीते

कानपुर। कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के केडीएमए क्रिकेट लीग में बुधवार को अलग अलग मैदानों में पांच मैच हुए। पीएसी मैदान पर विनर्स क्लब और केसीसी की टीमों के बीच मैच हुआ। केसीसी क्लब ने पहले खेलते हुए 40 ओवर में 7 विकेट पर 155 रन बनाए। जवाब में विनर्स क्लब ने 26 .3 ओवर में 2 विकेट पर 157 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। राम लखन भट्ट मैदान पर स्काई क्लब ने प्रताप इंटरनेशनल स्कूल को 2 विकेट से हराया। प्रताप इंटरनेशनल स्कूल की टीम 23 ओवर में महज 95 रन पर ऑल आउट हो गई। जवाब में स्काई क्लब ने 32 .2 ओवर में 8 विकेट पर 96 रन बनाकर मैच जीता। सप्रू मैदान पर भारत क्लब और एसएस क्लब के बीच मैच खेला गया। भारत क्लब ने 32 ओवर में सभी विकेट खोकर 149 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसएस क्लब की टीम 21 .1 ओवर में 42 रन पर ऑल आउट हो गई। और भारत के रब ने 107 रनों से मैच में जीत हासिल की श्यामनगर मैदान पर कानपुर ग्राण्ड ने इलेवन स्टार को 5 विकेट से हराया। कानपुर ग्राण्ड ने 35 ओवर में 9 विकेट पर 149 रन बनाए। दूसरी पारी में इलेवेन स्टार ने 27 .3 ओवर में 5 विकेट पर 150 रन बनाए और 5 विकेट से मैच पर कब्जा जमाया।

झांकियों ने मनमोहा, गूंजे जयकारे

कानपुर। श्री बाबा नर्मदेश्वर महादेव मंदिर सेवा समिति की ओर से बुधवार को श्री खाटू श्याम व नवग्रह देवस्थापना के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में हाथी, घोड़े, ऊंट और देवी-देवताओं की झांकियों से माहौल भक्तिमय रहा। महिलाएं सिर पर कलश रखकर चल रही थीं। शोभायात्रा टेलीफोन एक्सचेंज रोड केशवनगर से शुरू होकर सुभाष इंटर कालेज, किदवई नगर चौराहा, बारादेवी दक्षिण द्वार, काली मठिया मंदिर, महिला पॉलीटेक्निक, उस्मानपुर कांशीराम कालोनी, तुलसी विहार सोसाइटी, ओंकारेश्वर मंदिर पार्क, साकेत नगर सब्जी मंडी, किशोरी वाटिका से मनकामेश्वर मंदिर होकर नर्मदेश्वर मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा का रास्ते में जगह-जगह स्वागत हुआ। शोभायात्रा में शंकर, हनुमान, राम दरबार, राधा कृष्ण, काली, दुर्गा व श्याम बाबा की झांकी आस्था का केंद्र रही। ● अमृत विचार

कानपुर देहात में घटना: दो बीघे जमीन को लेकर पत्नी से अक्सर होता था विवाद

नशे में पत्नी को पीटा और दुधमुंही बेटी को पटक कर मार डाला

संवाददाता, मंगलपुर कानपुर देहात

अमृत विचार। मंगलपुर थाना क्षेत्र के चंदकुरा गांव में एक नशेबाज युवक ने देर रात नशे में पत्नी की जमकर पिटाई की। इसके साथ ही उसने चार माह की पुत्री को उठाकर जमीन पर पटक दिया। इससे बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद पति फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची का शव कब्जे में लेकर मॉर्चयूरी में रखवा दिया। पुलिस ने फरार पिता की तलाश में दबिशें शुरू कर दी हैं।

चंदकुरा निवासी दीपक कमल शराब पीने का आदी है। बुधवार देर रात वह नशे की हालत में अपने घर आया। पत्नी पूजा से विवाद के बाद उसने मारपीट शुरू कर दी। पूजा को पीटकर मरणासन्न करने के बाद उसने वहां सो रही अपनी चार माह की मासूम बच्ची नव्या को उठाकर जमीन पर पटक दिया।

घायल पूजा।

बच्ची नव्या।

● घटना को अंजाम देकर भाग निकला पति

इससे बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपी वहां से भाग निकला। जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा पूछताछ के बाद घायल पूजा को उपचार के लिए भेजा। इसके साथ ही बच्ची के शव को कब्जे में लेकर मॉर्चयूरी में रखवा दिया। इंस्पेक्टर मंगलपुर ने बताया कि नशे में युवक द्वारा पत्नी को पीटने के साथ बच्ची को पटकने की बात प्राथमिक छानबीन में सामने आई है। घायल पत्नी पूजा के माता-पिता की मृत्यु 7-8 वर्ष हो चुकी है तथा उसका विवाह स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से लगभग 5 वर्ष पूर्व हुआ था। आरोपी दीपक कमल का पत्नी पूजा से मायके की दो बीघे जमीन को लेकर विवाद था। उस जमीन को उसके चाचा जोतते-बोते हैं। इस जमीन पर स्वामित्व को लेकर दीपक पत्नी के साथ मारपीट करता था।

निशा हत्याकांड में 31 को फाइनल बहस

कानपुर। चर्चित निशा केजरीवाल हत्याकांड में एक बार फिर से सुनवाई टल गई है। फाइनल बहस के लिए एडीजे 21 की कोर्ट ने 31 जनवरी की तारीख तय की है। कोहना थाना निवासी निशा केजरीवाल की हत्या 12 जुलाई 2017 को लूट के इरादे से घर में घुसकर की दी गई थी। मामले में कोहना पुलिस ने आदित्य नारायण उर्फ राघव को आरोपी बनाया था। उसके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी। सुनवाई के लिए एडीजे 21 की कोर्ट में सभी गवाह पेश कर दिए गए हैं। अब फाइनल बहस बची है।

राम आएंगे | भाजपा ने शहर के मंदिरों में चलाया सफाई अभियान

मंदिरों में सफाई, लाभार्थी संपर्क पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने मंदिरों, देवालयों में स्वच्छता अभियान चलाया। श्याम नगर के हरिहर धाम, मुक्तेश्वर मंदिर, विंध्यवासिनी माता मंदिर, राम जानकी मंदिर सी ब्लॉक, हनुमान मंदिर, एलआईसी पार्क मंदिर, रक्षा विहार बंद गेट मंदिर, हनुमान मंदिर मंगला विहार, काली मठिया मंदिर रामपुरम, शिवशक्ति मंदिर गिरजा नगर, संकट मोचन मंदिर पीएसी मोड़, त्रिमूर्ति मंदिर गांधीग्राम, बाबा भारणनाथ मंदिर, ब्रह्मदेव मंदिर, जारदेवी मंदिर सहित 37 मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया।

सांसद सत्यदेव पचौरी ने श्याम नगर के मुक्तेश्वर धाम और रायपुरवा के संतोषी माता मंदिर एवं विधायक महेश त्रिवेदी ने केंद्रांचल कालोनी के सामने हनुमान मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया। राम बहादुर यादव, नरेश कठेरिया, रमाकांत शर्मा, अर्जुन बेरिया, बद्री चरण शुक्ला आदि मौजूद थे।

सफाई अभियान में हिस्सा लेते सांसद सत्यदेव पचौरी। अमृत विचार

लाभार्थी संपर्क अभियान की बनाई भूमिका

उत्तर के जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने कल्याणपुर विधानसभा में मुक्तेश्वर मंदिर मंडल अध्यक्ष एवं सभी कार्यकर्ताओं के साथ सफाई अभियान का कार्यक्रम किया। सह मीडिया प्रभारी अंकित बाजपेई, गौरव पांडे, पार्षद आकर्ष बाजपेई के साथ पूरे मंदिर की धुलाई व सफाई करके मंदिर में लगी मूर्तियों की भी साफ सफाई की। विधायक सुरेंद्र मैथानी ने गुरुद्वा रा साध संगत दादा नगर में साफ सफाई करके स्वच्छता का कार्यक्रम किया। दीपू पांडेय ने नवीन मार्केट कार्यालय में लाभार्थी संपर्क अभियान की बैठक की। इस दौरान तय किया गया कि संयोजक जगदीश तिवारी और उनके साथ आनंद मिश्रा रहेंगे। विधानसभाओं के विधानसभा संयोजकों के साथ बैठक में प्रमोद विश्वकर्मा ने तय किया कि लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत गुरुवार से घर-घर लाभार्थियों से संपर्क शुरू किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी भी दी। दीपू पांडेय ने बताया कि घर-घर संपर्क करके प्रति वार्ड में सूची तैयार होगी। उसके बाद लाभ पहुंचाया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से सतेंद्र नाथ पांडे, इंद्रजीत खन्ना, रवि पांडे, धीरज वाल्मीकि, अनुराग त्रिपाठी, चंद्रभूषण यादव रहे।

बनखंडेश्वर मंदिर में महापौर ने की सफाई: महापौर प्रमिला पांडेय ने बुधवार सुबह पी रोड स्थित बनखंडेश्वर मंदिर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सफाई अभियान चलाया। इस दौरान पूरे मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर धुलाई की गई।

कार्यालय ग्राम पंचायत पारा प्रतापपुर विकास खण्ड चौबेपुर, कानपुर नगर

पत्रांकः– मेमो / पंचम / पन्द्रहवां वित्त / मनरेगा योजनान्तर्गत / सचिव / 2023–24 / दिनांक– 16.01.2024

अल्प कालीन निविदा आमन्त्रण सूचना

महामहिम राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा ग्राम पंचायत पारा प्रतापपुर विकास खण्ड चौबेपुर के जी0एस0टी0 धारक ईट, ईट गिट्टी 40एम0एस0 एंव अन्य जी0एस0टी0 धारक सामग्री विक्रेताओ से सीमेन्ट, बालू, मौरंग, पत्थर गिट्टी 20 एम0एम0, इण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग / मनरेगा के अन्तर्गत कराये जाने वाले निम्न कार्यो के कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 23.01.2024 को अपरान्ह 1.00 बजे तक निविदायें आमन्त्रित की जाती है । विक्रित निविदाये निविदा बादक्स में निधारित समय के अन्दर डाली जायेगी। निर्धारित समय सीमा के उपरान्त निविदाये स्वीकार नहीं की जायेगी । निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत पारा प्रतापपुर के कार्यालय से दिनांक 17.01. 2024 से दिनांक 23.01.2024 तक प्रत्येक कार्य दिवस में मु0 100.00 नगद जमा कर प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 23.01.2024 को अपरान्ह तीन बजे कार्यालय ग्राम पंचायत पारा प्रतापपुर विकास खण्ड चौबेपुर कानपुर नगर के कक्ष में उपस्थित सामग्री आपूर्तिकर्ताओ की उपस्थिति में ग्राम पंचायत सचिव द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। ग्राम पंचायत सचिव को यह अधिकार होगा किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।

कार्यो का विवरण निम्नवत् हैः–

क्र. सं.	कार्य व कार्य स्थल का नाम	पंचम / पन्द्रहवां वित्त आयोग	कार्य पूर्ण होने की अवधि
1	नन्हू के घर से तालाब तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	प्राक्कलन के अनुसार	25 दिन
2.	राम बाबू के घर से देवी माता मन्दिर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	प्राक्कलन के अनुसार	25 दिन
3.	नन्हू के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य	प्राक्कलन के अनुसार	15 दिन
4.	राम बाबू के घर से देवी माता मन्दिर तक नाली निर्माण कार्य	प्राक्कलन के अनुसार	15 दिन
5.	आर0 आर0 सी0 सेन्टर में अतिरक्त कार्य	प्राक्कलन के अनुसार	1 दिन

शिव प्रताप सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत– पारा प्रतापपुर
विकास खण्ड– चौबेपुर कानपुर नगर

पूजा पाण्डेय
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत– पारा प्रतापपुर
विकास खण्ड– चौबेपुर कानपुर नगर

कार्यालय ग्राम पंचायत तातरपुर विकास खण्ड चौबेपुर, कानपुर नगर

पत्रांकः– मेमो / पंचम / पन्द्रहवां वित्त / मनरेगा योजनान्तर्गत / सचिव / 2023–24 / दिनांक– 16.01.2024

अल्प कालीन निविदा आमन्त्रण सूचना

महामहिम राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा ग्राम पंचायत तातरपुर विकास खण्ड चौबेपुर के जी0एस0टी0 धारक ईट, ईट गिट्टी 40एम0एस0 एंव अन्य जी0एस0टी0 धारक सामग्री विक्रेताओ से सीमेन्ट, बालू, मौरंग, पत्थर गिट्टी 20 एम0एम0, इण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग / मनरेगा के अन्तर्गत कराये जाने वाले निम्न कार्यो के कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 23.01.2024 को अपरान्ह 1.00 बजे तक निविदायें आमन्त्रित की जाती है । विक्रित निविदाये निविदा बादक्स में निधारित समय के अन्दर डाली जायेगी। निर्धारित समय सीमा के उपरान्त निविदाये स्वीकार नहीं की जायेगी । निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत पारा प्रतापपुर के कार्यालय से दिनांक 17.01. 2024 से दिनांक 23.01.2024 तक प्रत्येक कार्य दिवस में मु0 100.00 नगद जमा कर प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 23.01.2024 को अपरान्ह तीन बजे कार्यालय ग्राम पंचायत तातरपुर विकास खण्ड चौबेपुर, कानपुर नगर के कक्ष में उपस्थित सामग्री आपूर्तिकर्ताओ की उपस्थिति में ग्राम पंचायत सचिव द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। ग्राम पंचायत सचिव को यह अधिकार होगा किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।

कार्यो का विवरण निम्नवत् हैः–

क्र. सं.	कार्य व कार्य स्थल का नाम	पंचम / पन्द्रहवां वित्त आयोग	कार्य पूर्ण होने की अवधि
1	प्राईमरी स्कूल से राजेश के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण	प्राक्कलन के अनुसार	25 दिन
2.	डामर रोड से रणधीर के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण	प्राक्कलन के अनुसार	25 दिन
3.	नाली निर्माण राघवेन्द्र के घर के पीछे से तालाब तक	प्राक्कलन के अनुसार	15 दिन
4.	गोपाल के घर से मौजी लाल के घर तक खडंजा निर्माण	प्राक्कलन के अनुसार	15 दिन
5.	पूर्व मा0 वि0 टोसवा मे बाउन्ड्रीवाल निर्माण	प्राक्कलन के अनुसार	1 दिन

आशा देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत– तातरपुर
विकास खण्ड– चौबेपुर कानपुर नगर

शिव प्रताप सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत– तातरपुर
विकास खण्ड– चौबेपुर कानपुर नगर

एक नजर

नाली में फेंका नवजात का शव, पुलिस जांच में जुटी

बिधनू। मझावन कस्बे में कल्लू प्रधान के घर के पास नाली में एक नवजात बच्ची का शव मिलने से सुरसुरी फैल गई। मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। कोई बिन ब्याही मां की औलाद बताता रहा तो कोई बेटे की चाह में बेटी का कत्ल कहा। फिलहाल मझावन पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसओ प्रेमचंद्र कनौजिया का कहना है कि नवजात की जांच की जा रही है।

समाजसेवी राजेंद्र सिंह के निधन पर शोक जताया

घाटमपुर। मूसानगर क्षेत्र के पुरंदर निवासी समाजसेवी राजेंद्र सिंह राजावत का निधन हो गया। उनके निधन पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम प्रधानों ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। भतीजे धर्मवीर सिंह राजावत ने बताया कि वह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। शोक व्यक्त करने वालों में राघवेंद्र सिंह भदौरिया उर्फ रिंकू, बलदेव सिंह, बलवान सिंह राजावत, बीके तिवारी, पंकज तिवारी, धीरू, अमित तिवारी, जीतू चौरसिया, शिवकुमार द्विवेदी, विमल सचान, धनविजय सिंह, शाहिद आदि ने शोक जताया है।

युवक की हत्या, सीतापुर में मिला शव

सात जनवरी को पार्टी के बहाने युवक को ले गए थे दोस्त, सख्ती के बाद दोस्तों ने कबूला हत्या का गुनाह

संवाददाता, शिवराजपुर

अमृत विचार: दस दिन पहले लापता हुए युवक की हत्या कर शव नदी में फेंक दिया गया। पार्टी के बहाने साथ ले गए दोस्तों से पुलिस ने सख्ती के साथ पूछताछ की तो हत्या का गुनाह कबूल किया। दोस्तों की निशानदेही पर पुलिस ने बुधवार को सीतापुर के अटरिया थाना क्षेत्र में नदी से शव बरामद कर लिया है।

शिवराजपुर थाना क्षेत्र के सुघरदेवा गांव के रहने वाले शिवनारायण तिवारी का पुत्र कुलदीप गांव में ही रहकर खेती-किसानी करता था। कुलदीप की मां सरस्वती के मुताबिक सात जनवरी को सीतापुर जनपद के सिंधौली थाना क्षेत्र के जलालाबाद गांव के रहने वाले दो युवक उनके बेटे कुलदीप को साथ ले गए थे। तब से बेटे का कोई पता नहीं चल रहा था। कहीं कोई सुराग नहीं लगने पर आखिर सरस्वती ने 13 जनवरी को शिवराजपुर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी और दोनों युवकों पर अपहरण कर हत्या करने की आशंका जताई थी।

कुलदीप तिवारी। अमृत विचार

आरोपी मुन्ना और प्रीत सिंह।

पुलिस गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन कर रही थी। पुलिस ने मां की आशंका के आधार पर दोनों दोस्तों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो दोनों ने सच कबूल दिया। दोनों ने बताया कि कुलदीप के साथ दोनों ने मिलकर शराब पार्टी की थी। इसी दौरान नशेबाजी में कुलदीप से झगड़ा हो गया था। गुस्से में उन्होंने कुलदीप की हत्या कर दी और फिर गाड़ी से शव को ले जाकर सीतापुर के सिंधौली क्षेत्र के फिरोजपुर और जलालाबाद के बीच सरायण नदी में फेंक दिया। हत्या की बात सामने आने के बाद शिवराजपुर थाने से पुलिस की एक टीम सीतापुर पहुंची, जहां छानबीन के दौरान पुलिस को अटरिया थाना क्षेत्र में नदी से कुलदीप का शव बरामद कर लिया।

मां के पूछताछ करने पर झगड़ा करते थे दोस्त

कुलदीप तिवारी की मां सरस्वती को पहले दिन से ही दोनों दोस्तों पर शक था। उसने गुमशुदगी की तहरीर देते समय पुलिस से भी इन्हीं दोनों पर अपहरण और हत्या का शक जाहिर किया था। मां सरस्वती ने बताया कि कुलदीप के गायब होने के बाद जब वह दोस्तों से उसके बारे में पूछती थी तो वे झगड़े पर उतारू हो जाते थे और अपशब्द बोलते थे। कुलदीप के बारे में वह इन्हीं दोस्तों से जानने की कोशिश कर रही थी, लेकिन वे खुलकर बात नहीं कर रहे थे और उसे गुमराह करने इधर-उधर की बातें कर झगड़े पर भी उतारू हो जाते थे।

गांव में पड़ोसी के रिश्तेदार हैं दोनों आरोपी

मां सरस्वती देवी ने बताया कि बेटे कुलदीप की हत्या करने वाले सीतापुर जनपद के सिंधौली थाना क्षेत्र के जलालाबाद गांव के रहने वाले मुन्ना सिंह और प्रीत सिंह सगे भाई हैं। दोनों गांव के एक पड़ोसी के रिश्तेदार हैं। दोनों अक्सर रिश्तेदार के घर पर छुट्टी बिताने आते थे। इस बीच भी यहां कई दिन रुके थे। इसी दौरान दोनों से कुलदीप की दोस्ती हो गई थी। कुलदीप उन्हें दोस्त मानकर विश्वास करने लगा था। दोस्ती के चक्कर में ही कुलदीप सात जनवरी को उनके साथ चला गया था, लेकिन दोनों ने विश्वास में दोस्ती का कत्ल कर दिया।

> कुलदीप का शव बरामद कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गुमशुदगी की रिपोर्ट को अपहरण एवं हत्या में तरमीम किया जाएगा। साक्ष्य संकलित किए जा रहे हैं।
>
> -अजय द्विवेदी, एसीपी बिल्हौर

सार-संक्षेप

सुंदरकांड पाठ में शामिल हुए सांसद देवेंद्र सिंह भोले। अमृत विचार

सांसद ने ब्रह्मदेव मंदिर में कराया सुंदरकांड का पाठ

सरसौल। अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व बुधवार को अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने रूमा के प्रसिद्ध ब्रह्मदेव मंदिर में सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन कराया। इससे पहले प्रभु श्रीराम की स्तुति की गई। सुन्दर काण्ड पाठ के दौरान शंभू हलचल जागरण पार्टी के भजन गायकों ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन हनुमान जी की झांकी के साथ हुआ। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर सांसद देवेंद्र सिंह भोले के अलावा उनके पुत्र विकास सिंह भोले, नर्वल उप जिलाधिकारी ऋषभ वर्मा, ब्लॉक प्रमुख विजयरत्ना सिंह तोमर, प्रधान संघ के अध्यक्ष रोहित तोमर, रमेश कुशवाहा, राणा नकुल सिंह, अजय प्रताप उर्फ चुक्कू सिंह, सुदीप शिवहरे, दीपू मिश्रा, अनिल द्विवेदी, रज्जन शुक्ला, विनय प्रताप सिंह, दिनेश सिंह, जितेंद्र सिंह, राजकुमार उर्फ देवेगौड़ा, उमाकांत पासवान, पुत्तन लाल मौजूद रहे।

बिल्हौर में घायल दुकानदार का हालचाल लेने पहुंचे सपा नेता। अमृत विचार

सांड़ों की लड़ाई में दुकानदार घायल, सपाई पहुंचे

बिल्हौर। नगर पालिका क्षेत्र में इन दिनों अन्ना मवेशियों की चहल-कदमी से आम आदमी परेशान हैं। मंगलवार की शाम रामलीला मैदान पर सांड़ों की लड़ाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने ट्वीट कर सरकार पर तंज कसा। बुधवार को सपा का प्रतिनिधिमंडल बिल्हौर पहुंचा और घायलों का हालचाल लिया। मंगलवार की देर शाम दो सांड़ों की लड़ाई में वहां खड़े एक व्यक्ति को चोट लग गई थी। साड़ों की लड़ाई का सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से वायरल हो गया तो सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने एक्स पर ट्वीट कर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने बुधवार को एक प्रतिनिधिमंडल भेजा और सांड़ों के हमले में घायल हुए दुकानदार का उपचार कराने के निर्देश दिए। बुधवार को सपा की विधानसभा प्रत्याशी रहीं रचना सिंह और बिल्हौर विधानसभा इकाई के अध्यक्ष विनय यादव यहां पहुंचे और रहमतपुर निवासी घायल दुकानदार रहमान का हालचाल लिया। दुकानदार से मुलाकात करने के बाद सपा नेताओं ने कहा कि गो आश्रय स्थलों पर व्यवस्था के नाम पर करोड़ों रुपये बहाए जा रहे हैं, जबकि जीटी रोड पर अन्ना मवेशियों का झुंड लोगों को चोट पहुंचा रहा है। नगर पालिका की ओर से संचालित अस्थाई गो आश्रय स्थल में महज खानापूरी की जा रही है।

बंद घर से जेवरात और सामान चोरी

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार: ककवन थाना क्षेत्र के गढ़ेवा गांव में मंगलवार की देर रात चोरों ने एक बंद कर घर को निशाना बनाया। घर में रखे जेवरात और कीमती सामान समेट ले गए। बुधवार सुबह घर के पीछे दीवार व दरवाजा टूटा मिलने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी अभिलाष मिश्रा और एसीपी अजय द्विवेदी ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की।

थाना प्रभारी अभिलाष मिश्रा ने बताया कि गढ़ेवा गांव के रहने वाले कमल नारायण त्रिपाठी परिवार सहित बारासिरोही कानपुर में रहते हैं। उनका घर काफी दिनों से बंद पड़ा है। घर से पीतल के बर्तन, एक सोने की जंजीर, दो सोने की अंगूठी, दो जोड़ी पायल चोरी हुए हैं। घटना के खुलासे के लिए फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वॉयड बुलाया गया। पुलिस ने खुलासे के लिए जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। कई संदिग्धों से पूछताछ की गई है। थाना प्रभारी अभिलाष कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस की टीम चोरी की घटना को खोलने के लिए प्रयासरत है। जल्दी खुलासा किया जाएगा। सभी बीट के सिपाहियों के साथ चौकीदारों को अलर्ट कर दिया गया है।

घर में फैला पड़ा सामान। अमृत विचार

- ककवन थाना क्षेत्र के गढ़ेवा गांव में मंगलवार रात चोरी
- बिल्हौर एसीपी मौके पर पहुंचे फोरेंसिक टीम बुलाई गई

घटना की जानकारी लेते एसीपी अजय द्विवेदी और एसओ। अमृत विचार

अफजलपुर में 40 हजार का सामान ले गए चोर

बिधनू। कानपुर-सागर हाईवे पर अफजलपुर गांव में नव निर्मित मकान पर देर रात चोरों ने धावा बोलकर 40 हजार का माल पार कर दिया। भुक्तभोगी श्रीपाल यादव के मुताबिक चोर घर का ताला तोड़कर इंन्वर्टर बैटरी पैनल, तबला आदि ले गए हैं। सूचना पर पुलिस जांच में जुटी है।

महिला ने युवक को डंडे से पीटा, हालत गंभीर

संवाददाता, घाटमपुर

- सजेती थाना क्षेत्र के असधना गांव में हुई वारदात
- घायल युवक को सीएचसी से हैलट रेफर किया गया

अमृत विचार: सजेती थाना क्षेत्र में एक महिला द्वारा युवक को लाठी से बेरहमी से पीटने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। सजेती पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए महिला के खिलाफ एनसीआर दर्ज की है। घायल युवक को मेडिकल जांच के लिए सीएचसी भेजा, जहां से डॉक्टर ने उसे कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया है।

मामला सजेती थाना क्षेत्र के असधना गांव का है। असधना गांव के नीरज सचान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने दरवाजे पर बैठा था। गांव के ही विजय शंकर सचान की पत्नी रानी और छोटू दरवाजे पर आए और लाठी से मारपीट की, जिससे उसके गंभीर चोटें आई हैं। सजेती थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने वीडियो वायरल होने के बाद घायल युवक को सीएचसी घाटमपुर भेजा, जहां से डॉक्टर ने उसे कानपुर रेफर कर दिया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। आरोपी महिला के खिलाफ एनसीआर दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

कानपुर टीम ने सीतापुर को हराया

संवाददाता, घाटमपुर

- पुरंदर गांव में 15 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू
- टूर्नामेंट में 16 टीमों के बीच होंगे रोमांचक मुकाबले

अमृत विचार: पुरंदर गांव में बुधवार को 15 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत हो गई। टूर्नामेंट की शुरुआत इंसपेक्टर दीपक सिंह ने फीता काटकर की। उद्घाटन मैच में कानपुर की टीम ने सीतापुर की टीम को 110 रनों से हराया। इस टूर्नामेंट में हमीरपुर, जयपुर, कानपुर, लखनऊ, सीतापुर, बांदा सहित 16 टीमों के बीच मुकाबले होंगे। फाइनल मैच 30 जनवरी को खेला जाएगा।

कानपुर देहात के पुरंदर गांव में क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर खेल प्रेमियों में खासा उत्साह है। इस टूर्नामेंट में विजेता टीम को पल्सर बाइक और उप विजेता टीम को प्लैटिना मोटरसाइकिल पुरस्कार के रूप में दी जाएगी। मैन ऑफ द सिरीज के रूप में एलईडी टीवी दी जाएगी। टूर्नामेंट के आयोजक धर्मवीर सिंह राजावत ने बताया कि इस टूर्नामेंट का हर साल आयोजन किया जाता है। टूर्नामेंट देखने के लिए क्रिकेट प्रेमियों की खासी भीड़ जुटती है।

टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच सीतापुर और कल्याणपुर (कानपुर) की टीमों के मध्य खेला गया, जिसमें कानपुर की टीम 110 रनों से मैच जीत लिया। सीतापुर टीम बुरी पराजय का सामना करना पड़ा। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शशांक को दिया गया। टूर्नामेंट के दौरान सोनू सिंह भदौरिया, बीके तिवारी, राघवेंद्र सिंह भदौरिया उर्फ रिंकू, पंकज तिवारी, मोहित सिंह परमार, शुभम तिवारी, आरिफ कुरैशी, राजकुमार संखवार आदि मौजूद रहे।

क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करते इंसपेक्टर दीपक सिंह। अमृत विचार

पट्टे की जमीन पर नहीं मिला कब्जा

शिवराजपुर। 20 साल पहले डेढ़ बीघा जमीन का पट्टा मिला था। उस पर भी गांव के दबंग ने कब्जा कर लिया। 15 साल से कब्जा खाली कराने के लिए पीड़ित अधिकारियों की चौखट पर दस्तक दे रहा है। पुलिस आयुक्त के निर्देश के बाद भी पीड़ित को न्याय नहीं मिल सका।

क्षेत्र के रामपुर सखरेज के मजरा बखरिया निवासी 80 वर्षीय लाला उर्फ रामप्रसाद को भूमिहीन होने पर वर्ष 2003 में डेढ़ बीघा जमीन का पट्टा मिला था। दो साल बाद पट्टे की जमीन पर गांव के ही कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया। पीड़ित का आरोप है कि तहसील से थाना समाधान दिवस में कई बार शिकायत दर्ज कराई, लेकिन किसी ने उसकी नहीं सुनी। यहां तक कि पुलिस कमिश्नर ने एसीपी बिल्हौर को जांच कर कब्जा दिलाने के निर्देश दिए थे, लेकिन कुछ नहीं हुआ। पीड़ित ने अब मुख्यमंत्री के दरबार में न्याय की गुहार लगाने की बात कही है।

आस्था की लहर | चौबेपुर क्षेत्र में जगह-जगह सजी दुकानें, हर तरफ दिख रहा गजब का उत्साह

राम की फोटो वाली पताका की बढ़ी मांग

संवाददाता, चौबेपुर

- प्राण प्रतिष्ठा की तिथि नजदीक आने से बढ़ रही डिमांड
- घर की छतों से लेकर दुकानों में लहराने लगीं पताकाएं
- 20 रुपये से लेकर 200 रुपये तक बिक रहे झंडे व पताका

अमृत विचार: अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्रीय लोगों में खासा उत्साह है। प्रभु श्रीराम के प्रति श्रद्धा भाव दर्शाने के लिए लोग घर की छतों व प्रतिष्ठानों पर झंडे व पताकाएं फहरा रहे हैं। जय श्री राम और प्रभु राम के चित्रों वाली पताकाओं व झंडों की तेजी से मांग बढ़ी है, जिसे देखते हुए कस्बे में जगह-जगह दुकानें सज गई हैं।

अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में उत्साह बढ़ता जा रहा है। एक ओर जहां अक्षत कलश यात्रा के माध्यम से घर-घर लोगों को निमंत्रण देने का सिलसिला चल रहा है, वहीं घरों, प्रतिष्ठानों व छोटी-बड़ी दुकानों में प्रभु श्रीराम व उनके अनन्य भक्त हनुमान जी के चित्रों वाले झंडे व पताकाएं बढ़ती जा रही हैं।

झंडों और पताकाओं की तेजी से मांग बढ़ने पर कस्बे में जीटी रोड और बिठूर रोड तिराहा से लेकर बंदी माता तिराहा व बेला मार्ग पर भगवा झंडों की दर्जन भर से अधिक दुकानें सज गई हैं।

दुकानदार अभिषेक शर्मा, रामजी चौरसिया, सोनू पटवा व प्रांशू आदि ने बताया कि भक्तों की मांग के अनुरूप उन्होंने 20 रुपये से लेकर 200 रुपये तक के झंडों का स्टॉक किया है। उन्होंने बताया कि जैसे जैसे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तिथि नजदीक आ रही है, भगवा झंडों की मांग बढ़ती जा रही है। घर की छतों, प्रतिष्ठानों व वाहनों में झंडा लगाने के लिए ग्राहक आ रहे हैं।

चौबेपुर कस्बे में जीटी रोड के किनारे सजीं झंडा और पताकाओं की दुकानें। अमृत विचार

पटाखों से भरे चलते ट्रक में आग लगने से मचा हड़कंप

जलते ट्रक से उठी ऊंची-ऊंची लपटें, चालक व क्लीनर ने भाग कर बचाई जान

संवाददाता पुरवा उन्नाव

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के खरगी खेड़ा गांव के पास पटाखों से लदे ट्रक में अचानक आग लग गई। आग से पटाखे धू-धूकर जलने लगे और ट्रक में छूटने लगे। चालक व क्लीनर ने ट्रक से कूदकर जान बचाई। इस दौरान घंटों तक पटाखे जलते रहे। इसमें ट्रक भी पूरी तरह जलकर राख हो गया। सूचना पर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान लोगों में दहशत का आलम देखा गया और हडंकंप की स्थिती बनी रही । पुलिस गहनता के साथ मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

मंगलवार देररात दही-पुरवा मार्ग पर खरगी खेड़ा गांव के पास एक ट्रक तमिलनाडु से पटाखे, अन्य सामान व फ़ोटो सीनरी आदि लादकर बहराइच जा रहा था। अचानक ट्रक में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई इससे मार्ग पर ही ट्रक धू-धूकर जलने लगा। ट्रक जलता देखकर और उसमें से पटाखे छूटने की आवाजों से ग्रामीणों में दहशत फैल गई और चारो ओर हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने आनन-फानन घटना की जानकारी पुरवा पुलिस को दी तो मौके पर दो दमकल वाहनों के साथ पुलिस व जिला अग्निशमन अधिकारी पहुंचे और करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान मार्ग पर जाम लगा रहा और सभी लोग अपनी गाड़ियों को पीछे की ओर ले जाते देखे गये। ट्रक में आग लगने से लगा जाम आग बुझने के बाद ही खुल सका। बुधवार सुबह जले हुए ट्रक व उसमें लदे पटाखों को देख राहगीरों समेत ग्रामीणों का तांता लग गया। वहीं बगल के एक खरगी खेड़ा गांव निवासी राकेश के घर में भी आग से नुकसान हुआ है। राकेश के मुताबिक घर की छत पर फैले कपड़े जल गए हैं। गनीमत यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। आग देख पूरा परिवार दहशत में था। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि जलते हुए ट्रक पर फायर ब्रिगेड के माध्यम से काबू पाया गया है। कोई जनहानि नहीं हुई हैं। लेकिन मामले की गहनता से जांच पड़ताल की जायेगी पता लगाया जायेगा कि पटाखे कहां से और किस तरह से आ रहे थे तथा कहां और कैसे जा रहे थे।

धू-धूकर जलता ट्रक और आग बुझाए जाने के बाद रोड किनारे खड़ा ट्रक। अमृत विचार

मंदिर में भगवा झंडा लगाने के विरोध से लोगों में आक्रोश

उन्नाव। असामाजिकतत्व गतिरोध उत्पन्न करने से बाज नहीं आ रहे हैं। आसीवन थानाक्षेत्र के कनिगांव स्थित एक मंदिर में भगवा झंडा लगाने के विरोध में एक संगठन के जिलाध्यक्ष की धमकी से लोगों में आक्रोश है। हालांकि पुलिस ने मंदिर में ऐहतिहातन सुरक्षा बढ़ा दी है।

आसीवन के कनिगांव गांव के ग्रामीणों ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि शीतला देवी नव निर्माण कमेटी द्वारा अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए गांव स्थिति मंदिर के बाहर भगवा ध्वज लगाये गये हैं। जिस पर भीम आर्मी जिलाध्यक्ष द्वारा फोन करके व मौखिक धमकी देकर झंडे हटाने का दबाव बनाया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, मंदिर समिति के कार्यकर्ताओं को धमकाने का प्रयास किया जा रहा है। फिर भी उस संगठन के विरुद्ध कार्रवाई न होने से लोगों में आक्रोश है। इस पर आसीवन एसओ ने दो सिपाहियों की ड्यूटी मंदिर परिसर में लगा दी है। एसओ असीवान ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि गांव में माहौल खराब न हो इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से दो पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं।

पति को आत्महत्या के लिए उकसाने पर रिपोर्ट

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- पत्नी सहित पांच ससुरालियों पर दर्ज हुआ मुकदमा
- पुरवा क्षेत्र में खेत में फंदे से लटका मिला था युवक का शव

अमृत विचार। पुरवा कोतवाली पुलिस ने पत्नी सहित पांच ससुरालियों पर युवक को आत्म हत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की है।12 जनवरी को युवक का शव पुरवा के बैंगाव गांव के बाहर खेत में खड़े पेड़ से लटका मिला था। युवक की जेब से सुसाइड लेटर मिला था। जिसमें पत्नी उसके मामा से पीड़ित होकर फांसी का जिक्र था।

पुरवा कोतवाली के बैगांव निवासी सुशील उर्फ बिंदा (25) पुत्र कमलेश लोध मुंबई में कपड़े की कटिंग का काम करता था। उसकी शादी एक मार्च-2023 को रायबरेली जिले के थाना खीरों क्षेत्र रामपुर जेरी निवासी लक्ष्मी के संग हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद वह पत्नी को लेकर मुंबई चला गया था। दीपावली के त्योहार पर वह पत्नी के साथ घर लौटा जिसके कुछ दिन बाद भाई पिंटू सहित पत्नी के अन्य परिजन उसे विदा करा ले गए थे। तबसे वह मायके में थी। मायके में थी। पति के कई बार कहने पर भी वह नहीं लौटी। आठ दिन पूर्व मां कुसमा अपने भतीजे के साथ बहु के मायके भी गई थी। आरोप है कि वहां उसकी मां के संग अभद्र व्यवहार करने के साथ लक्ष्मी के परिजनों दहेज में दी बाइक छीनकर बेटी को भेजने से इंकार कर दिया था। इसी से सुशील काफी तनाव में था और 11 जनवरी को बिना कुछ बताए घर से निकला और अगली सुबह उसका शव घर से करीब 500 मीटर दूर अपने ही खेत में खड़े आम के पेड़ में रस्सी के फंदे से लटका मिला। उसके पास सुसाइड लेटर मिला था। पुलिस ने उसके फोन और बरामद लेटर की जांच की। बुधवार को पिता कमलेश की तहरीर पर सुसाइड नोट के आधार पर मृतक की पत्नी लक्ष्मी, उसके भाई पिंटू, रिंकू, लक्ष्मी के मामा संतू और बुआ के बेटे अमित पर आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की। सुसाइड लेटर में पत्नी पर अन्य आरोप भी थे। एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया पिता की तहरीर पर पत्नी लक्ष्मी सहित 5 ससुरालियों पर आत्महत्या के लिये उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

कक्षा आठ तक के स्कूल 20 तक बंद

उन्नाव। लगातार चल रही शीत लहर और हाड़कंपाऊ ठंड को देखते हुए डीएम अपूर्वा दुबे के निर्देश पर कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों का अवकाश घोषित किया गया है। डीएम के निर्देश पर बीएसए संगीता सिंह ने इसकी सूचना जारी करते हुए बताया कि परिषदीय विद्यालयों समेत सभी बोर्ड द्वारा संचालित विद्यालयों में 20 जनवरी तक अवकाश रहेगा।

किराना दुकान से हजारों की चोरी

उन्नाव। हसनगंज कोतवाली अंतर्गत गजफ्फर नगर निवासी देशराज गांव की बाजार में परचून की दुकान चलाता है। मंगलवार देरशाम आठ बजे वह दुकान बंद कर घर लौट आया। रोज की तरह बुधवार को जब वह दुकान पहुंचा तो शटर का ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए। चोर दुकान में रखे बिक्री के 35 हजार रुपये व 40 हजार का सामान बटोर ले गए। दुकान स्वामी ने पुलिस को अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। एसएचओ राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

प्रदूषण एक प्रकार का धीमा जहर

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- बैठक में बताईं प्रदूषण से होने वाली समस्याएं
- ब्लाक परिसर में बैठक का आयोजन किया गया

अमृत विचार। प्रदूषण एक प्रकार का धीमा जहर है जो हवा, पानी, धूल आदि के माध्यम से न केवल मनुष्य बल्कि जीव, जंतुओं, पशु, पक्षियों, पेड़, पौधों और वनस्पतियों को भी सड़ा, गलाकर नष्ट कर देता है। इसके चलते ही मौजूदा समय में प्राणियों का अस्तित्व खतरे में है।

यह बातें पुरवा ब्लाक परिसर में हुई बैठक में कही गईं। कहा गया कि एलिस महिला प्रशिक्षण संस्थान द्वारा एक ऐसी मुहिम चलाई जा रही है। जिसमें यदि कोई व्यक्ति, संस्थान, प्रतिष्ठान या समूह कम से कम 100 लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक कर उनको शपथ दिलायेगा तो उसे इस योगदान के लिए चेंज मेकर्स ऑफ इंडिया अवार्ड से आगामी दिनों में सम्मानित किया जाएगा।

कार्यकर्म में बेहटा भवानी प्रधान योगेश मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने अपने गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लिया। इस मौक़े पर एलिस महिला प्रशिक्षण संस्थान की प्रबंधक श्रुति शर्मा, मनीष गुप्ता, राहुल, नसीम व अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन मुकेश सिंह ने किया।

प्रदूषण के बारे में जानकारी देते वक्ता।

पर्यावरणीय नुकसान कम करने की दी जानकारी

फतेहपुर चौरासी। विकासखंड की ग्राम पंचायत जाजमऊ गैर एहतमाली व जैतपुर में एक गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान रोशन व मंजू देवी की मौजूदगी में टाइम सेंटर फॉर लर्निंग संस्था के आपदा प्रशिक्षक आलोक मिश्रा द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक सुरक्षा योजना के तहत ग्रामीणों को आपदा जोखिमों में पर्याप्त रूप से कमी लाना जानमाल, आजीविका और सांस्कृतिक व पर्यावरणीय नुकसान को कम करने की जानकारी दी गई।

देवर ने लाठी मारकर भाभी का सिर फोड़ा

उन्नाव। सदर कोतवाली अंतर्गत हुसैन नगर गांव में पारिवारिक विवाद के चलते हुई कहासुनी के बाद देवर ने भाभी के सिर पर लाठी से हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अन्य पारिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां भर्ती दीपिका यादव पत्नी रामफली ने बताया कि उसका पति मुंबई में नौकरी करता है। वह घर में बच्चों के साथ अलग रहती है। बुधवार को वह बर्तन धो रही थी तभी उसके देवर राम विलास ने उसके सिर पर लाठी से वार कर दिया। रिश्तेदारों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उसका इलाज जारी है।

अस्पताल में भर्ती दीपिका।

अध्यक्ष पद पर पांच ने कराया नामांकन

बार चुनाव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। उन्नाव बार एसोसिएशन में सात बार अध्यक्ष रह चुके सतीश शुक्ला सहित पांच अधिवक्ताओं ने समर्थकों के साथ बार अध्यक्ष पद के लिए नामांकन कराया। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए भी बुधवार को पांच प्रत्याशियों ने पर्चे भरे।

उन्नाव बार एसोसिएशन के चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। बुधवार से नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत हो गई। अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व वरिष्ठ सदस्य पद के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन कराए। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन बाल कृष्ण बाजपेयी व चुनाव अधिकारी प्रकाश निगम ने बताया कि नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व वरिष्ठ सदस्य पद के लिए नामांकन होने थे। अध्यक्ष पद के लिए पूर्व बार अध्यक्ष सतीश शुक्ला, गिरीश मिश्रा व राम शंकर सिंह यादव सहित राम किशोर पाल व पूर्व महामंत्री राजेश सिंह ने नामांकन कराया। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर पंकज श्रीवास्तव, दिलीप शुक्ला, नवल किशोर मिश्रा, रजनीश सिंह व राजकुमार श्रीवास्तव ने नामांकन कराया। उपाध्यक्ष पद पर अतीक खान, ज्योत्सना गोयल, रेनू तिवारी और उमेश यादव सहित चार प्रत्याशियों ने नामांकन कराया। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर आलोक वर्मा, अमित सैनी, उदयवीर सिंह व विद्या शंकर मिश्रा ने नामांकन कराया। कोषाध्यक्ष पद पर अशोक यादव, कृष्ण कुमार लोधी, प्रदीप शुक्ला व रविंद्र पाल ने पर्चे भरे। वरिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी के लिए छह अधिवक्ताओं ने नामांकन कराया। इस दौरान सहायक चुनाव अधिकारी प्रेम सिंह गौड़, करण बहादुर सिंह, आशीष निगम, अनुराग बाजपेई, विकास दत्त दीक्षित, अमित रावत, मानवेंद्र सिंह, शशि प्रभा, कमलेश वर्मा संत सिंह, संजय शुक्ला मौजूद रहे। गुरुवार को महामंत्री, संयुक्त मंत्री प्रशासनिक संयुक्त मंत्री पुस्तकालय, संयुक्त मंत्री के नामांकन की तिथि निर्धारित है। बार एसोसिएशन चुनाव के लिए मतदान 30 जनवरी को सुबह नौ बजे से होगा। उधर, नामांकन को लेकर बुधवार सुबह से ही गहमागहमी रही। समर्थकों ने प्रत्याशियों को फूल-मालाओं से लाद दिया और नारेबाजी की। हालांकि नामांकन कक्ष में प्रत्याशियों के साथ सिर्फ प्रस्तावकों को जाने की अनुमति रही।

नामांकन पत्र दाखिल करते पूर्व अध्यक्ष सतीश शुक्ला।

समर्थकों के साथ मौजूद पूर्व अध्यक्ष गिरीश मिश्रा।

- वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए हुए पांच नामांकन

ठंड से आमजनमानस व मवेशी परेशान

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

अमृत विचार। लगातार पड़ रही ठंड से आम जनमानस के साथ मवेशी भी परेशान हैं। जहां आग मिलती है बेसहारा मवेशी वहीं खड़े होकर ठंड से बचाव करने लगते है।

नगर पंचायत नवाबगंज क्षेत्र में एक कान्हा गोशाला है और विकासखंड की 21 ग्राम पंचायतों में गोशालाएं चलाई जा रही हैं। जिनमें बेसहारा गोवंशों को रखा गया है। जिनकी देखरेख का दावा प्रधान व कर्मचारी करते हैं। शासन स्तर से ये आदेश है कि कहीं भी सड़क पर बेसहारा गोवंश नहीं दिखने चाहिये। लेकिन, धरातल पर यह आदेश कागजी ही साबित हो रहे हैं। राजमार्ग से लेकर पूरे क्षेत्र में बेसहारा गोवंश भटकते हुए देखे जा सकते हैं। लेकिन, ये जिम्मेदारों को नहीं दिख रहे हैं। हालात यह हैं कि जहां भी बेसहारा मवेशियों को आग जलती मिलती है वे ठंड से बचाव के लिये वहीं खड़े हो जाते हैं। कस्बे में बाईपास के पास एक स्थान पर अलाव जलता देख दो गौवंशिय वहां खड़े हो गये और ठंड से बचाव करते नजर आए। वहीं दूसरी ओर अजगैन गांव में कहीं भी अलाव की व्यवस्था न होने से गांव के लोगों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। आम जनमानस ठंड से बचाव करने के लिये परेशान है। सबसे ज्यादा परेशानी दैनिक मजदूरों को हो रही है।

अलाव के पास खड़े होकर ठंड से बचाव करते मवेशी। अमृत विचार

पूर्व चेयरमैन ने असहायों को बांटे कंबल

बांगरमऊ उन्नाव। इस भीषण सर्दी से राहत दिलाने के लिए पूर्व चेयरमैन इज़हार खान ने नगर में सैकड़ों जरूरत मंदों को कंबल वितरित किए। असहाय व कमजोर वर्ग को सर्दी से राहत दिलाने के उद्देश्य से पूर्व चेयरमैन व समाजसेवी इजहार खान गुड्डू ने मंगलवार रात नगर भ्रमण कर विभिन्न स्थानों पर सैकड़ों कंबल वितरित किए। उन्होंने कहा कि असहाय और कमजोर वर्ग को ठंड से बचाने के लिए यह एक छोटा कदम है। कहा कि कंबल वितरण आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने समर्थ लोगों से अपने क्षेत्र में सर्दी से राहत दिलाने के लिए जरूरतमंदों की सहायता करने की अपील की है। इस दौरान मौलाना मो. मासूम, हाफिज इस्लाम, हाफिज लाल मोहम्मद, सईद अहमद उर्फ बब्लू, महताब अंसारी, मुनारे प्रधान, अफसार कुरैशी चुरू, वकील, अजीम व बब्लू खां आदि मौजूद रहे।

कंबल बांटते पूर्व चेयरमैन इजहार खान।

अजगैन गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि इस हाड़कंपाऊ ठंड में प्रशासन द्वारा अजगैन में कहीं भी अलाव नहीं जलवाए गए हैं। संबंधित अधिकारी इसका संज्ञान लें और अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

पत्नी से विवाद के बाद युवक ने लगाई आग

सोहरामऊ। कस्बा निवासी जितेंद्र उर्फ भोपाली पुत्र रामचंद्र ने बीती रात खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली थी। जिसमें वह कमर के ऊपर गंभीर रूप से झुलस गया था। परिजन व पड़ोसी उसे गंभीर हालत में लखनऊ के सिविल अस्पताल ले गए।

जहां उसे भर्ती कर इलाज कराया जा रहा है। परिजनों के अनुसार, जितेंद्र घटना के समय घर में अकेले था। दो दिन पूर्व वह अपनी ससुराल गोडौरा लखनऊ गया था। जहां पत्नी से उसकी कुछ कहासुनी हुई थी। पत्नी ने इसके चलते ही उसे भगा दिया था। इसी से व्यथित हो कर उसने यह कदम उठाया है।

सार-संक्षेप

शोभायात्रा में शामिल भक्तगण। अमृत विचार

श्रीगणेश जी की मूर्ति की स्थापना कराई

फतेहपुर चौरासी उन्नाव। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र की नगर पंचायत ऊगू के मोहल्ला गढ़ी निवासी होरीलाल पुत्र स्व. रामसिंह ने कस्बे के माता शीतला मंदिर परिसर में बुधवार को भगवान श्रीगणेश की मूर्ति की स्थापना कराई। भगवान श्रीगणेश की मूर्ति की स्थापना वैदिक विधि से आचार्य रामू द्वारा कराई गई। मूर्ति स्थापना से पूर्व धूमधाम से शोभायात्रा निकालकर भगवान श्रीगणेश की मूर्ति को नगर के तमाम मंदिरों में भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर पूर्व सभासद मनोज कनौजिया, लालता, आदर्श राठौर, पूर्व सभासद प्रीती पांडेय समेत बड़ी संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

उत्सव की तैयारी | पीस कमेटी की बैठकों में पुलिस और प्रशासनिक अफसरों ने दिए निर्देश, लोगों के सुझाव भी सुने और की चर्चा

आपसी सद्भाव के साथ मनाया जाए प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रमों को लेकर जिले में भी उत्साह है। विभिन्न जगहों पर उत्सव को लेकर तैयारियां चल रही है। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से निपटे इसके लिए पुलिस और प्रशासन ने भी कमर कस ली। बुधवार को सदर कोतवाली में एडीएम वित्त सहित एएसपी और सिटी मजिस्ट्रेट पीस कमेटी की बैठक में पहुंचे और लोगों के सुझाव सुनने के साथ शांतिपूर्ण ढंग से प्राण प्रतिष्ठा समारोह मना कर एकता की मिशाल पेश करने कहा।

सदर कोतवाली परिसर में एडीएम वित्त राजस्व नरेंद्र सिंह, एएसपी अखिलेश सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट अरुण मणि त्रिपाठी ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। साथ ही शहर के मंदिर मठों में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी ली। सिटी मजिस्ट्रेट ने ग्रीन पटाखों के इस्तेमाल पर जोर दिया। साथ ही किसी को असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान देने की सलाह दी। बैठक में चेयरमैन प्रतिनिधि प्रवीण मिश्र भानु ने धार्मिक स्थलों में प्रकाश की व्यवस्था के संबंध में लोगों के सुझाव तत्काल व्यवस्था कराने का आश्वाशन दिया। इस दौरान सीओ सिटी विजय आनंद, एसएचओ पीके मिश्र सहित सभी धर्म गुरुओं व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के अलावा सभ्रांत लोग मौजूद है।

वहीं श्री राम मंदिर में प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को दृष्टिगत अजगैन कोतवाली में भी संभ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरुओं एवं डिजिटल वालंटियर्स के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई तथा आपसी सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु किसी भी तरह की भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न देने एवं इस संबन्ध में तत्काल प्रशासन को अवगतर कराने की अपील की गई। इस एसडीएम नवीन चंद्र,सीओ संतोष सिंह सहित एसएचओ मौजूद रहे।

पीस कमेटी की बैठक में मौजूद अधिकारी व आमजन।

जिला अस्पताल में लगाई गई झालरें

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य स्वरूप देने के लिए सरकारी इमारतों को भी जगमग करने के निर्देश है। जिला अस्पताल में को झालरों से जगमग करने का कार्य शुरू हो गया। महिला चिकित्सालय समेत इमरजेंसी ब्लाक सहित अन्य इमारतों में झालर डाली जा चुकी है

सीओ ने मातहतों को सतर्क रहने के दिये निर्देश

पुरवा। मंगलवार को एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने अपराध समीक्षा की थी। जिसमें मिले निर्देश के तहत सीओ सोनम सिंह ने पुरवा कोतवाली में मातहतों के साथ बैठक कर कहा कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के चलते विशेष सावधानी बरतें और मुस्तैद रहें। उन्होंने मातहतों को ठंड में रात में गश्त के साथ सर्तक रहने के निर्देश दिए। कहा कि बीट में तैनात दरोगा व सिपाही अपनी जिम्मेदारी समझें और दायित्वों का ठीक से निर्वहन करे। बीट में यदि कोई सूचना मिलती है तो फौरन कोतवाली प्रभारी को अवगत कराएं। कहा कि क्षेत्र में चौकसी बरतें और सर्तक रहें। कहीं भी दिक्कत होती है तो उन्हें अवगत कराएं। अपराधियों व हिस्ट्रीशीटरों के बारे में जानकारी रखें और बीटबुक पर अंकित करे। इस दौरान एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह, एसएसआई राजेश यादव, दरोगा जय नारायण मिश्र व हल्का बीट के सिपाही मौजूद रहे।

सती चरित्र की कथा सुन श्रोता हुए भाव विभोर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर चौरासी

अमृत विचार। झूलूमऊ गांव में हो रही राम कथा में मां भुवनेश्वरी मंदिर के पीठाधीश्वर नीरज स्वरूप ब्रह्मचारी ने तीसरे दिन सती चरित्र की कथा सुनाई।

कहा कि एक बार यज्ञ के आयोजन में प्रजापति दक्ष पहुंचे तो सभी देवताओं ने खड़े होकर स्वागत किया, वहीं भोलेनाथ खड़े नही हुए। जिससे दक्ष शिव से नाराज हो गये। जब दक्ष ने यज्ञ का आयोजन किया तो शिव को छोड़कर सभी देवों को निमंत्रित किया।पिता के इस व्यवहार से दुखी सती पति शिव के मना करने के बाद भी यज्ञ में शामिल होने मायके चली गयी। पिता द्वारा पति के प्रति अपमान जनक टिप्पणी करने से क्षुब्ध सती ने हवन कुण्ड में कूद कर आत्मदाह कर लिया। सती की मृत्यु से क्रोधित शिव ने यज्ञ को विध्वंस कर दिया। यज्ञाचार्य अरविन्द द्विवेदी, शिवम द्विवेदी ने पूजन किया। गुरुवार को सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार होंगे।

कथा सुनाते कथावाचक।

सड़क हादसों में युवक समेत चार की गई जान

हादसों का बुधवार: सदर कोतवाली, सोहरामऊ, बीघापुर और असोहा क्षेत्र में हुईं दुर्घटनाएं

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। अलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में युवक समेत चार लोगों की मौत हो गई। वहीं एक हादसे में महिला सहित दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। संबंधित थानों की पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। वहीं घायलों को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना की सूचना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

केस 01 सदर कोतवाली अंतर्गत ख्वाजगीपुर करोवन गांव निवासी बिंदा प्रसाद सोनकर (55) पुत्र स्व. मुन्ना कचहरी में अधिवक्ता विजय वर्मा के बस्ते पर मुंशी थे। बीती मंगलवार शाम वह कचहरी से काम निपटाकर बाइक से लौट रहे थे। तभी सदर कोतवाली क्षेत्र के चौरा रोड पर मैनीखेड़ा गांव के पास रात करीब आठ बजे अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। कोहरा अधिक होने से काफी देर तक वह सड़क किनारे पड़े रहे। लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची और उन्हें जिला अस्पताल लाई। जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके बेटे विनोद ने बताया कि वाहन का पता नहीं चला है। उनकी मौत से पत्नी बिट्टो देवी, बेटी सरिता व अन्य परिजन रो-रोकर बेहाल रहे। एसएचओ प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

संबंधित थानों की पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, परिजनों में मचा कोहराम

कमलेश वर्मा उर्फ गोले (45) पुत्र मंगल अचलगंज थानांतर्गत मानपुर गांव का निवासी था। बीते मंगलवार रात करीब आठ बजे वह गांव के रामलाल (40) के साथ बाइक से बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के मैकू तेली मार्ग स्थित शराब ठेका गए थे। बाइक कमलेश चला रहा था। लौटते समय उन्नाव-लालगंज हाईवे के सिकंदर पुर कस्बे के पास ई-रिक्शा ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें दोनों गंभीर घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने जांच के बाद कमलेश को मृत घोषित कर दिया। जबकि रामलाल का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। बाइक रामलाल के बेटे अंकित को तिलक में मिली थी। कमलेश खेती कर परिवार का पालन पोषण करता था। बेटे की मौत से मां नन्हकई, पिता मंगल, पत्नी सियादुलारी, बेटी गुड़िया और बेटा सचिन बेहाल हैं। घटना के बाद चालक रिक्शा छोड़कर भाग निकला। एसओ अखिलेश तिवारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

केस 02

असोहा थानाक्षेत्र के पुरवा-सोहरामऊ मार्ग पर गुरुबक्श खेड़ा गांव के पास खेत से लौट रहे गुरुबक्श खेड़ा गांव निवासी श्रीराम (63) को असावर गांव निवासी बाइक सवार जयशंकर चौरसिया ने टक्कर मार दी। घटना के वक्त श्रीराम पैदल सड़क पार कर रहा था। इसमें गंभीर घायल वृद्ध को परिजन सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। दिवंगत के भतीजे शिवकुमार ने बताया कि चाचा के कोई संतान नहीं थी। पति की मौत से पत्नी रामरती और अन्य परिजन बेहाल रहे। एसओ राजबहादुर ने बताया मृतक के भतीजे शिवकुमार की तहरीर पर बाइक सवार जयशंकर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

केस 03

सोहरामऊ थानांतर्गत बाल्हेमऊ गांव निवासी राज पासवान (19) पुत्र हरिराम मजदूरी करता था। मंगलवार को वह अपनी चाची रमाकांती (32) पत्नी स्व. विजय को बैंक से रुपये निकलवाने के लिए गया था। तभी लखनऊ-कानपुर हाईवे पर हिनौरा मोड़ के पास तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें राज और रमाकांती घायल हो गए। परिजन दोनों को नवाबगंज सीएचसी लाए। जहां राज को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं रमकांती की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन परिजन उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ ले गए। घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। दिवंगत दो भाईयों में बड़ा था। पिता खेती करते हैं। बेटे की मौत से मां मालती व अन्य परिजन बेहाल हैं। एसओ कमल दुबे ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

केस 04

अनियंत्रित कार नहर में गिरी, तीन घायल

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

अमृत विचार। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर-सफीपुर मार्ग पर गहोली गांव के पास बीती रात घने कोहरे की वजह से कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। इसमें कार सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों को ग्रामीणों ने सीएचसी सफीपुर पहुंचाया। जहां से डाक्टर ने उनका प्राथमिक इलाज किया और परिजनों को सूचना दी। हल्की चोटें होने के कारण परिजन उन्हें घर लेकर चले गए।

बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव शीतलगंज निवासी सरवर पुत्र नियाज व उसके पारिवारिक चाचा तालिब खां पुत्र आलमशेर खां, मयूर पुत्र मतीन कार से वैवाहिक कार्यक्रम में कानपुर गए थे। जहां देररात करीब एक बजे कानपुर से परियर-सफीपुर मार्ग होते हुए गांव लौट रहे थे। तभी कोतवाली क्षेत्र गहोली गांव के पास शारदा नहर ब्रांच से निकले नाले के खारजा पुलिया से टकराकर कार नहर में जा गिरी। कार गिरने की आवाज से जागे ग्रामीण वहां पहुंचे और कार का शीशा तोड़कर सवारों को बाहर निकाला और सभी को सीएचसी सफीपुर पहुंचाया। जहां घायलों का डाक्टर द्वारा इलाज करने के साथ ही उनके परिजनों को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे परिजन घायलों को लेकर घर चले गए। ग्रामीणों का कहना था कि पुलिया के पैराफिट टूटने व तीव्र मोड़ होने से आएदिन हादसे हो रहे हैं। प्रशासन द्वारा तत्काल इसकी मरम्मत कराई जानी चाहिये। प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि कार सवारों को मामूली चोटें होने के कारण इलाज के बाद उनकी छुट्टी कर दी गई।

नहर में गिरी पड़ी कार। अमृत विचार

साइकिल सवार को बचाने में फिसली बाइक, युवक गंभीर

बांगरमऊ उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव भिखारीपुर कस्बा निवासी वीरेंद्र पुत्र धनीराम बुधवार को जरूरी काम से बांगरमऊ आया था। घर लौटते समय देरशाम रास्ते में कल्याणी नदी पुल के पास अचानक सड़क पर आए साइकिल सवार को बचाने में तेज रफ्तार बाइक पलट गई। इसमें बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।

कोहरा और सर्द हवाओं से ठिठुरे लोग, धूप रही बेअसर

राजधानी मार्ग पर टायर जलाकर आग तापते लोग। अमृत विचार

सुबह के समय कोहरे में लाइट जलाकर निकलता वाहन सवार। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। बुधवार को सुबह से ही सर्दी ने इस कदर सितम ढाया कि हर कोई कंपकंपा गया। पूरे दिन शीत लहर चलने से हर कोई ठिठुर गया। दोपहर तक आसमान में कोहरा छाया रहा। बढ़ी सर्दी के कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अलाव तापते देखे गये। वहीं दोपहर के समय धूप निकली लेकिन वह भी बेअसर रही।

लकड़ी न मिलने पर लोगों ने टायर जलाकर आग तापते हुए दूर की सर्दी

इधर कई दिनों से पड़ रही कड़ाके की सर्दी और बर्फीली हवाओं ने हर किसी को कंपकंपा दिया है। बुधवार सुबह कोहरा इतना अधिक था कि पास खड़ा व्यक्ति नहीं दिख रहा था। वहीं दोपहर के समय धूप तो निकली लेकिन वह बेअसर रही। गलन बराबर जारी रही। शाम चार बजे से और ठंड बढ़ गई। हर कोई ठिठुरता नजर आया। शाम को गलन और भी बढ़ने पर लोग अपने काम निपटा कर जल्द घर की ओर भागते दिखे। सुबह के समय अधिक सर्दी होने के कारण बैराज मार्ग, आजाद मार्ग, फोरलेन के अलावा नवीन पुल से आने जाने वाले वाहन सवार अपने वाहनों की लाइटें जलाकर गुजरे। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में लोग पूरे दिन अलाव के पास बैठे रहे। इसके साथ ही शहर में लोग हीटर, ब्लोअर के सामने बैठे नजर आए।

फंदे से लटका मिला किशोरी का शव, मचा कोहराम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली के झब्बूपुरवा गांव में रहने वाली एक किशोरी का शव बुधवार दोपहर फांसी के फंदे पर लटकता उसके परिजनों ने देखा। फांसी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर विधिक कार्यवाही की है।

झब्बूपुरवा निवासी नन्हके उर्फ नान्हे बुधवार को पत्नी के साथ हाइवे स्थित कल्लूपुरवा के सामने अमरुद बेचने गया था। इस दौरान उसकी 14 वर्षीय बेटी अर्चना घर पर अकेले थी। तभी उसने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। कुछ देर बाद परिजन घर लौटे। जहां अर्चना का शव फंदे पर लटकता देख उनकी चीख निकल गई। चीख पुकार सुन आस पास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिये

उसका अंतिम संस्कार कराने जा रहे थे। इसी बीच कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने जांच पड़ताल करने के बाद शव को कब्जे में लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि परिजनों ने पूछताछ के दौरान बताया कि खेलने के दौरान दरवाजे के कुंडी में दुपट्टा फंस जाने के कारण फांसी लग गई हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत कारण पता चल सकेगा।

सार-संक्षेप

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र। अमृत विचार

शिशु मंदिर में हुआ श्रीराम चरित्र महोत्सव

शुक्लागंज उन्नाव। बुधवार को गोपीनाथपुरम स्थित सरोज सरस्वती शिशु मंदिर में बुधवार को श्रीराम चरित्र महोत्सव का आयोजन किया गया। जहां बच्चे राम, लक्ष्मण, सीता, भरत, शत्रुघन और हनुमान के वेश में पहुंचे। बच्चों ने भगवान राम पर कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। श्रीराम महोत्सव व रंग मंचीय कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह, सुरेश सिंह, प्रधानाचार्य दुर्गेश कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसके बाद स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे राम लक्ष्मण की वेश में जन्मे राम रघुरैया, राम केवट संवाद, शबरी के मीठे बेर, अयोध्या मंख दीपोत्सव, राम आयेंगे कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिसे देख वहां मौजूद लोगों ने तालियां बजाई। इस मौके पर केदारनाथ तिवारी, आर के सिंह, डा. महेश चंद्र शुक्ला, राकेश कुमार, सुरेन्द्र प्रसाद दीक्षित आदि मौजूद रहे।

मां गंगा की आरती करतीं पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे। अमृत विचार

दीपदान के साथ हुई मां गंगा की महाआरती

शुक्लागंज, उन्नाव। बुधवार को पालिका की ओर से आनंद घाट पर साफ सफाई कराई गई। जिसके बाद शाम के समय मां गंगा की आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान दीपदान भी किये गये। बुधवार शाम नगर पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे आनंद घाट पर पहुंची। जहां उन्होंने गंगा में दीप दान किये। दीपों की रोशनी से गंगा की धारा चमक उठी। जिसके बाद मां गंगा की आरती उतारी। आरती के दौरान घंटा घड़ियाल की आवाज से घाट गुंजायमान हो गये। जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर संदीप पांडे, गणेश शंकर मिश्रा, अनूप शुक्ला, शिल्पी दीक्षित, राजू पंडा के अलावा अन्य गंगा भक्तों ने भी मां गंगा की आरती की।

पति समेत पांच के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ऋषि नगर बाबा कुटी निवासी एक विवाहिता की छह दिन पहले मौत हो गई थी। मायके पक्ष के लोगों ने दहेज की मांग को लेकर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ दहेज हत्या की मुकदमा दर्ज किया है। माखी थाना क्षेत्र के शाहपुर रवीन्द्र प्रसाद ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि 28 फरवरी 2023 को उसने अपनी बेटी पूनम की शादी गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ऋषि नगर बाबा कुटी निवासी सत्यपाल के बेटे दिनेश रैदास से की थी। शादी में उसने दहेज में सभी वस्तुएं दी थी। इसके बावजूद ससुरालीजन बेटी से अतिरिक्त दहेज की मांग करते थे, न देने पर उसे प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि 12 जनवरी को उसकी हत्या कर दी। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति दिनेश, ससुर सत्यपाल, सास छेदाना, ननद रामा, जेठ सदानंद के खिलाफ दहेज हत्या की एफआईआर दर्ज की है।

सचल सुंदरकांड के साथ निकलेगी कलश यात्रा

धार्मिक अनुष्ठान की जानकारी देते समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर श्री राम प्राण प्रतिष्ठा उत्सव समारोह समिति गंगाघाट की ओर से एक दिन पूर्व सचल सुंदरकांड, कलश यात्रा, महाआरती और खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

यह जानकारी बुधवार को समिति के मनोज सिंह सेंगर ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा से एक दिन पहले गाजे बाजे के साथ सुबह ग्यारह बजे भव्य शोभा यात्रा, सचल सुंदरकांड एवं कलश यात्रा निकाली जायेगी। इसके लिए एक अस्थाई कमेटी गठित की गई। शोभा यात्रा राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन महावीर मंदिर से शुरू होकर कोतवाली गंगाघाट, प्राचीन दुर्गा मंदिर राजधानी मार्ग होते होते मरहला चौराहे पर पहुंचेगी। जहां से वापस महावीर मंदिर पर ख़त्म होगी।

शंकरपुर गांव में गोशाला का किया गया उद्घाटन

शुक्लागंज उन्नाव। अन्ना मवेशियों के लिये शंकरपुर गांव में गोशाला का निर्माण कराया गया। बुधवार को गोशाला का उद्घाटन हुआ। इस दौरान गोवंशों की पूजा अर्चना भी की गई।

विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के शंकरपुर सराय गांव में बने गोशाला का बुधवार को फीता काटकर उद्घाटन किया गया। जिसके बाद ग्राम प्रधान सर्वेश लोधी, सुभाष, रामबाबू, पृथ्वी पाल, शिवचंद, संतराम व एडीओ पंचायत विनोद वर्मा ने गोवंशों को गुड़ चना खिलाया। इसके साथ ही सभी गोवंशों को माला पहनाया गया। जिसके बाद उनकी विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।

तैयारी: मंदिरों की साफ-सफाई कर चूने का छिड़काव किया

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होनी हैं। जिसे लेकर नगर के मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिसकी तैयारी के लिए बुधवार को पालिका क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े मंदिरों में साफ सफाई कराई गई। जिसके बाद चूने का छिड़काव कराया गया।

शासन के पालिका क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े मंदिरों के परिसर में साफ सफाई और चूने का छिड़काव कराने का निर्देश दिये हैं। जिसे देखते हुये बुधवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर सफाई

- नगर के मंदिरों में आयोजित किये जायेंगे तमाम कार्यक्रम
- प्राण प्रतिष्ठा से पहले मंदिरों को सजाने का काम किया जायेगा

चंपापुरवा में मंदिर के बाहर चूना छिड़काव करता पालिका कर्मी। अमृत विचार

कर्मियों की टीम 28 वार्डों के सभी मंदिरों के बाहर पहुंची। जहां मंदिर परिसर में विशेष साफ सफाई की। ईओ ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन मंदिरों को सजाने का काम किया जायेगा। इसके साथ ही धार्मिक अनुष्ठान भी कराये जायेंगे।

विनोद हत्याकांड | बाजीगर मैं, बाजीगर गाना गाते हुये लोगों को रोककर करता था छिनैती और मारपीट

बाजीगर के शाहरुख का वेष रख कर लूट करता था काले खान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। शातिर अपराधी काले खां फिल्म स्टार शाहरुख खान की फिल्म बाजीगर वाले वेश में घोड़े पर बैठकर और काले कपड़े व काली गोल टोपी लगाकर लूटपाट करता था। बाजीगर मैं, बाजीगर गाना गाते हुये जुआ खेलने वालों के रुपये छीनकर भाग जाता था। दबंगई के चलते कोई उसका विरोध नहीं करता था।

यदि कोई विरोध करता भी था तो काले उसे पीटकर मरणासन्न कर देता था। दो दशकों से क्षेत्र में उसका आतंक था। मूलरूप से कासगंज के ढाई गांव में रहने वाला मो. हसन अपने परिवार के साथ दशकों पूर्व गंगाघाट क्षेत्र के गोताखोर मोहल्ले में रहने पहुंचा था। जहां झोपड़ी बनाकर वह परिवार के साथ रहने लगा। उसका बड़ा बेटा काले खान क्षेत्र में अपना वर्चस्व कायम करने के लिये 20 साल पहले क्षेत्र के कुछ युवकों को अपने साथ लेकर गैंग बना लिया। जिसके बाद घोड़े में बैठकर गंगा की रेती व आसपास होने वाले जुआ की फड़ पर जाकर लूटपाट शुरू की। इस दौरान कई बार विवाद भी हुआ। वर्ष-2013 में कोतवाली में तैनात एक दरोगा को उसने उठाकर पटक दिया। जिससे दरोगा का हाथ टूट गया। पुलिस ने उसके विरुद्ध गैंगस्टर, हिस्ट्रीशीटर समेत 15 गंभीर धाराओं में मामले दर्ज किये, लेकिन उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही नहीं की। जिस वजह से वह बड़े-बड़े अपराध करता चला गया। इसी क्रम में बीते दिनों उसने क्षेत्र के किसान नेता की जय श्री राम का नारा लगाने पर हत्या कर दी।

दहशत के साये में मृतक का परिवार

शुक्लागंज। भाकियू नेता विनोद की हत्या में काले खां के घर की महिलाएं भी शामिल थी। वह भी घर की छत से ईंट पत्थर चला रही थी। पुलिस ने आश्वासन दिया था कि उन पर भी कार्यवाही की जायेगी लेकिन चार दिन बीतने के बाद अभी तक किसी भी महिला की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इतना ही नहीं मृतक विनोद के साले को काले खा के करीबी धमकी भी दे रहे हैं। जिससे परिवार के सदस्यों में दहशत है। मोहल्ले वालों की माने तो पुलिस सुरक्षा हटते ही फिर कोई घटना हो सकती है। इसके अलावा जिस समय काले खां भाई को कमरे में बंद कर पीट रहा था, उस समय पत्नी प्रीती व अन्य महिलाएं थाने पहुंचकर पुलिस से घटना पर पहुंचने की गुहार लगाती रही लेकिन पुलिस प्रार्थनापत्र लिखकर शिकायत करने की बात कहती रही। इस दौरान विनोद की हत्या हो गई। ऐसे पुलिस कर्मियों पर भी अब तक कार्यवाही नहीं हुई है।

- घोड़े पर बैठकर और काले कपड़े पहन कर घूमता था
- 2013 में एक दरोगा को उठाकर पटक दिया था

दोषी पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर करने की मांग

शुक्लागंज उन्नाव। बुधवार को उन्नाव के निराला प्रेक्षागृह में भारतीय किसान यूनियन की पंचायत बुलाई गई। जहां भाकियू नेता की हत्या के मामले में शोक सभा की गई। जिसमें पदाधिकारियों ने दोषी पुलिस कर्मियों की तत्काल लाइन हाजिर करने के लिये एसपी से मांग की। जिलाध्यक्ष किरण सिंह पटेल ने कहा कि काले खां नामक हिस्ट्रीशीटर द्वारा घटना को अंजाम दिया उस पर सख्त कार्यवाही की जाये। मण्डल अध्यक्ष निधी शुक्ला, युवा अध्यक्ष राज श्रीवास्तव, जिलाउपाध्यक्ष मुरली प्रसाद वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष रामआसरे, तहसील अध्यक्ष रामलाल, नगर अध्यक्ष बबलू राठौर, छोटा, बाबू, सरला, मालती, सुखदेई, कल्पना आदि मौजूद रहीं।

पीड़ित परिवार से मिले स्वामी आत्मानंद, दिया आश्वासन

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। मंदिर में श्रंगार और भंडारा कराने के लिये चंदा मांगने के दौरान किसान नेता के भाई की विशेष समुदाय के हिस्ट्रीशीटर ने हत्या कर दी थी। घटना के चौथे दिन स्वामी आत्मानंद सरस्वती मृतक किसान नेता के घर पहुंचे। जहां उन्होंने मृतक की पत्नी से हत्या के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह 22 जनवरी को योगी से अयोध्या में मुलाकात कर पूरी वेदना बताउंगा।

स्वामी आत्मानंद सरस्वती ने मृतक की पत्नी प्रीती से मुलाकात की। जिसके बाद उन्होंने आश्वासन दिलाया कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।

मृतक विनोद की पत्नी को सांत्वना देते स्वामी आत्मानंद। अमृत विचार

जिसके बाद एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना को फोन किया। जहां उन्होंने कहा कि 22 जनवरी तक अपने स्तर से आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करे। जिसके बाद मृतक के भाई मन्ने और शैलेन्द्र से बात की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि योगी सरकार कार्यवाही करेगी, न गुंडे रहेंगे न गुंडे के घर रहेंगे। उत्तर प्रदेश के अंदर गुंडा का संरक्षण हो ही नहीं सकता है। मृतक की बहन भावना ने उनसे कहा कि पुलिस की लापरवाही से मेरे भाई की हत्या हो गई है। यदि समय से पुलिस पहुंच जाती तो भाई की जान बच जाती।

अकामान् कामयति य: कामयानान् परित्यजेत्।
बलवन्तं च यो द्वेष्टि तमाहुर्मूढचेतसम्॥

जो व्यक्ति अपने हितैषियों को त्याग देता है तथा अपने शत्रुओं को गले लगाता है और जो अपने से शक्तिशाली लोगों से शत्रुता रखता है, उसे महामूर्ख कहते हैं।

संपादकीय

विपक्ष की राह

अब चुनावी मुकाबले केवल जमीन पर ही नहीं, बल्कि दिमाग में भी लड़े जाते हैं। 2024 के आम चुनाव होने में कुछ ही महीने बचे हैं और राहुल गांधी एक बार फिर नागरिकों के लिए न्याय की मांग करते हुए सड़क पर हैं तो विपक्षी गठबंधन के भीतर से कांग्रेस के खिलाफ अन्याय की आवाजें उठ रही हैं। राजनीतिक दलों की लामबंदी, रणनीति, संगठन, गठबंधन का यह सबसे नाजुक दौर है। उसे लागू करने में भाजपा का कोई सानी नहीं है। चुनाव के इतने नजदीक हो रही यात्रा पर कांग्रेस का कहना है कि यह यात्रा चुनावी नहीं, बल्कि वैचारिक यात्रा है और इसका चुनावी राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। इससे पहले राहुल गांधी ने सितंबर 2022 से जनवरी 2023 तक कन्याकुमारी से कश्मीर तक 'भारत जोड़ो यात्रा' की थी। समय-समय पर गठबंधन में आने वाली दरारें और विरोधाभासी आवाजें राम मंदिर उद्घाटन के मामले में एकजुट प्रतिक्रिया की कमी, भाजपा के नजरिए से भी गठबंधन की उपयोगिता पर सवाल खड़ा कर देती है। अयोध्या राम मंदिर का 'चुनावी लाभ' उसे हर हाल में मिलेगा, यह खुद भाजपा कबूल कर रही है।

प्रतिस्पर्धी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के साथ-साथ परस्पर विरोधी राजनीतिक मैदानों पर प्रतिस्पर्धाएं बनी हुई हैं। उदाहरण के लिए, सुश्री ममता बनर्जी को बंगाल में वामपंथियों और कांग्रेस के साथ संबंध बनाने में कोई दिलचस्पी नहीं है, केरल, जहां वामपंथी और कांग्रेसी पारंपरिक दुश्मन हैं, एक और खाई बन गई है, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच दिल्ली में भले ही मुश्किलें आसान हों, लेकिन पंजाब में उन्हें मुश्किल हालात का सामना करना पड़ सकता है। इंडिया के गठन को छह माह से अधिक गुजर चुका है, लेकिन बुनियादी मुद्दे ही अनसुलझे हैं। हालांकि टुकड़ों-टुकड़ों में सीटों पर बातचीत होती रही है, लेकिन बेनतीजा ही रही हैं, क्योंकि असहमतियों का दबाव ज्यादा है। देखा गया है कि विपक्ष द्वारा बनाए गए गठबंधन में टकराव के कारण आम सहमति पर ग्रहण लग जाता है। 'इंडिया' के पास अपना घर व्यवस्थित करने के लिए समय भी पर्याप्त नहीं है। बेशक बेरोजगारी, महंगाई, अर्थव्यवस्था, सत्ता के एकाधिकार, महिला उत्पीड़न और आर्थिक विषमताएं आदि बेहद गंभीर और ज्वलंत मुद्दे हैं, लेकिन विडंबना है कि भारतीय लोकतंत्र में इन मुद्दों पर चुनावी जनादेश तय नहीं होते। ऐसे राजनीतिक परिदृश्य में विपक्षी एकजुटता की जरूरत बढ़ जाती है, लेकिन दुर्भाग्य है कि विपक्ष को अभी तक एहसास नहीं हो पाया है।

क्यूआर कोड टेक्नोलॉजी में बंधा हमारा आहार

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

फूड प्रोडक्शन, पैकिंग, गुणवत्ता मापन, मार्केटिंग, कस्टमर डीलिंग, स्टॉक-इनटेक और खुदरा सेल पॉइंट से लेकर ऑनलाइन आर्डर तक के मामले में टेक्नोलॉजी का हमारे आहार के क्षेत्र में दखल बढ़ा है और अगले 25 वर्षों में पैक्ड-आहार हमारी 80 प्रतिशत आबादी को लपेट ही लेगा ऐसा अनुमान है।

अंग्रेजों द्वारा सन 1834 के बाद 1925 तक हरेक जिले की जमाबंदी किए जाने, अर्बनाईजेशन और नव-बाजारवाद की वजह से पीढ़ी दर पीढ़ी पशुपालन के काम में लगे हुए लोगों के लिए चरागाहों और विचरण क्षेत्रों पर अधिकांश भूमिहीनों के लिए जंगल और शामलात जमीन पर से अधिकार खत्म कर दिया गया। अधिकार होने से दोनों में प्रवेश प्रतिबंध हो गया। उदाहरण के लिए हरियाणा में स्थानीय लोग अब जिला महेंद्रगढ़, भिवानी, दादरी, हिसार, पंचकुला, मेवात, गुड़गांव और रेवाड़ी के कुछेक क्षेत्र में ही जंगल और खुले में पशु चराने के लिए बाहर निकलते हैं। पंचकुला में शिवालिक पर्वत की तलहटी, मेवात और अन्य उक्त जिलों में अरावली की शाखाओं के उत्तरी विस्तार की वजह से सीमित क्षेत्र में जहां भी वन्य चरगाहें बची हुई हैं, चराण संभव है।

70-80 वर्ष पहले साफ नीयत के मेहनती ग्राम्यजन सर पर 'बारा' रखकर शहर आकर सेठ की दूकान पर रुपया सेर के भाव से घी दे जाया करते थे। घी रखने वाले मिट्टी के विशेष पात्र को 'बारा' कहा जाता है। आजकल उक्त किस्म की दूकानें बंद हो गई हैं, क्योंकि खुली बिक्री में मिलने वाले घी की शुद्धता का भरोसा नहीं रहा। वो जमाना बीते एक सदी होने को है जब ज्यादातर शहरी परिवार भी घर में गाय रखते थे और दूध, मक्खन, छाछ और घी घर में सुलभ था। शहर में रहने वाले जिन लोगों के घर में कच्चा दालान और पेड़ हुआ करते वे घर में पूरी सुविधा से गाय रख लेते थे। गांव के लोग शुद्ध देसी घी शहर के दुकानदारों को बेच जाया करते और भाव एक या डेढ़ रुपये का एक सेर अर्थात् 933.105 ग्राम, होता था।

सन् 1966 में हरियाणा में घी का भाव छह रुपये प्रति किलोग्राम था। भैंस के दूध से बनाए गए शुद्ध घी का भाव अब रु. 1000 और गाय के दूध से बनाए हुए का रु. 1500-1800 प्रति किलोग्राम है। मार्किट में प्रचलित विभिन्न ब्रांड या ऑनलाइन आर्डर से गाय के दूध से बना हुआ घी इन दिनों रु. 670 से रु. 925 प्रतिलीटर, अर्थात् रु. 740 और रु. 1020 प्रति किलोग्राम के हिसाब से मिलता है। घर में दही का मट्ठा बनाकर जिस लागत पर एक

बाज़ार में टिन-कंटेनर या टेट्रा पैक वाले घी को फूड स्टैंडर्ड एंड सेफ्टी अथॉरिटी वाले सर्टिफाई करते हैं जिसकी बिनाह पर बड़े औद्योगिक उत्पादक बाजार में उपलब्ध सभी प्रकार के देसी घी शुद्धता का दावा करते हैं। भरोसे के लिए पैक के ऊपर गाय की तस्वीर और एक ग्रामीण स्त्री को मिट्टी के पात्र में लकड़ी से बनाई गई रई दही बिलोते हुए तस्वीर प्रिंट करेंगे।

किलोग्राम घी तैयार होता है उससे करीब आधी कीमत पर मार्किट से 'देसी' और 'शुद्ध' घी सुलभ है। जंगल में चरने वाली गाय को अगर घर पर पोषक आहार और शुद्ध चारा दिया जाए तो भी इसके दूध का स्वाद हल्का खारा होता है। इस दूध और घी में रायबोफ्लेविन की मात्रा घर में ही बंधे हुए पशु के मुकाबले में अधिक हो सकती है। इसकी पहचान है दूध और घी में हल्की सी-पीले रंग की चमक जैसे कि सरसों के फूल की। ऐसे दूध से बनाए गए घी का दाम अगर 1500-1800 रुपये प्रतिकिलो रहे भी इसमें क्या एतराज है?

बाज़ार में टिन-कंटेनर या टेट्रा पैक वाले घी को फूड स्टैंडर्ड एंड सेफ्टी अथॉरिटी वाले सर्टिफाई करते हैं जिसकी बिनाह पर बड़े औद्योगिक उत्पादक बाजार में उपलब्ध सभी प्रकार के देसी घी शुद्धता का दावा करते हैं। भरोसे के लिए पैक के ऊपर गाय की तस्वीर और एक ग्रामीण स्त्री को मिट्टी के पात्र में लकड़ी से बनाई गई रई दही बिलोते हुए तस्वीर प्रिंट करेंगे। विज्ञापन के तागाजे चाहे कुछ भी हैं इसे लेकर एथिकल और नॉन-एथिकल इश्यूज को लेकर कोई, कैसी भी बहस करे, लेकिन आकर्षण और भरोसे के एक प्रतीक के प्रतीक के रूप में इनका इस्तेमाल तो किया ही जा रहा है। आहार जब पारंपरिक ज्ञान-विज्ञान के व्यावहारिक तरीके से दूर होकर बाजार और टेक्नोलॉजी के हवाले हो जाए तब प्रतीकात्मकता की आड़ में इसे जायज कैसे ठहराया जा सकता है? पैकेज्ड फूड के इन्ग्रेडीयनट्स की जांच से तो कुछ निकलने वाला नहीं है, क्योंकि केमिकल एनालिसिस की रिपोर्ट तो पैक में बंद प्रोडक्ट के सही होने के दावे के रूप में छाप दी जाती है। फूड-एडवरटाइज्मेंट्स और लेबलिंग सरकारी रूल्स ही फॉलो कर रहे हैं। इसलिए इस बाबत कानूनी मसला नहीं बन सकता। ज्यादातर मार्केटेबल फूड प्रोडक्ट पर हमें क्यूआर। (क्विक रिस्पांस) के रूप में भूल-भूलैया टाइप एक चौकोर प्रिंट भी दिखता है जिससे ग्राहक अपने एंड्राइड में मौजूद क्यूआर रीडर से स्कैन करके यह तसल्ली कर सके कि पैक्ड खाद्य पदार्थ सुरक्षित है।

विज्ञापन निर्माता एजेंसीज फूड प्रोडक्ट की मार्केटिंग के लिए चुनिंदा शब्दों का इस्तेमाल अस्पष्ट तरीके से करती हैं जिनके द्वारा उनका दावा संपूर्ण और सही प्रतीत हो सकता है और माननीय भी, क्योंकि क्यूआर कोड होने से ब्रांडेड फूड की मार्किट वैल्यू बढ़ती है, इस पर भरोसा करके और प्रयोग में लाने से ग्राहक को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी नहीं होगी, प्रोडक्ट में ग्राहक निष्ठा बढ़ेगी और 'ऑपरेशनल एफिशिएंसी' भी। फूड प्रोडक्ट निर्माता कंपनी के लिए 'ऑपरेशनल एफिशिएंसी' से क्या निहितार्थ हैं? यह शब्द-युग्म एक प्रभावशाली मुहावरा-भर नहीं है, बल्कि धंधे को आगे बढ़ाने का नुस्खा है। क्यूआर कोड से प्रोडक्ट के बारे में सभी तरह की कानूनन निर्धारित सूचनाएं सुलभ होती हैं जिससे प्रोडक्ट की ताजगी और इसकी कम्पोजीशन से लेकर जरूरी सूचना भी शामिल रहती है। यह भी कि प्रोडक्ट 'वेज़' है या 'नॉन-वेज़'। भारत में पैकेज्ड फूड की मांग पिछले एक दशक में बढ़ी है जिसकी इस्तेमाल से भारतीयों में तेजी से असंचारी रोग (डायबिटीज, ह्रदवाहिकीय विकार और कैंसर) से प्रभावित लोगों की संख्या में उछाल आया है। पैक्ड फूड का ग्लोबल मार्किट साइज सन् 2019 में 303.26 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर आंका गया था।

फूड प्रोडक्शन, पैकिंग, गुणवत्ता मापन, मार्केटिंग, कस्टमर डीलिंग, स्टॉक-इनटेक और खुदरा सेल पॉइंट से लेकर ऑनलाइन आर्डर तक के मामले में टेक्नोलॉजी का हमारे आहार के क्षेत्र में दखल बढ़ा है और अगले 25 वर्षों में पैक्ड-आहार हमारी 80 प्रतिशत आबादी को लपेट ही लेगा ऐसा अनुमान है। इस स्थिति में आबादी में निरक्षर और मामूली शिक्षित या घुमंतू समुदायों के लिए यह बड़ी मुश्किलें जरूर पैदा करेगा। फूड पैकेट्स और लेबलिंग पर प्रिंटेड सूचना के प्रति लापरवाह रवैय्या पढ़े-लिखे और टेक-सैव्वी वर्ग में भी आमतौर से व्यापक है। सन् 2020 में प्रस्तावित फूड लेबलिंग के नियम कठोर बनाए गए जिन्हें लागू कर दिया गया है, लेकिन इसके लिहाज से व्यापक अर्थ में 'ब्लेंडिंग' और 'फोर्टीफिकेशन' की क्या हम मिलावट से तुलना करने के लिए स्वतंत्र हैं? सुना है कि तैलीय इंडस्ट्रियल अपशिष्ट को खाद्य तेलों और शुद्ध कहकर बेचे जाने वाले घी निर्माण के समय मिलाया जाता है जिसे अब कानूनी रूप से चुनौती नहीं दी जा सकती। लेबल्स, फूड स्टैंडर्ड्स और सेफ्टी से जुड़े हुए मुद्दे संवेदनशील और महत्वपूर्ण इसलिए हैं कि फूड इंडस्ट्री और तेज गति वाली परिवहन व्यवस्था की सुलभता ने 'स्थानीय बने और स्थानीय तौर से ही खपे' वाली सनातन समझ को ध्वस्त कर दिया। साठेक साल पहले खाने-पीने की वस्तुओं की पैकेजिंग और ट्रांसपोर्ट की अधिक आवश्यकता न थी। कपड़ों की पोटली बांधकर और धातु के बर्तन में डालकर अर्द्ध-शुष्क खाद्य पदार्थ लाए-ले जाए जा सकते थे। जानकार लोगों से खाद्य सामग्री ली जाती थीं। मुहल्लेदारी के चलते दूकानदार घटिया या असुरक्षित खाद्य पदार्थ बेचने की हिम्मत नहीं कर सकता था।

पैक किया हुआ खाद्य-पदार्थ स्रोत औद्योगिक इकाई से 5000 किलोमीटर दूर ले जाकर भी बरता जाता है। संभव है यह बीस स्तरों से गुजरता हुआ ग्राहक तक पहुंचे। अगर कोई गड़बड़ इस बीच हुई है तो मालिक को पकड़ कर कानून की जद में लाया जा सकता है। इसीलिए पिछले दसेक साल से टेक्नोलॉजी और लेबलिंग की उन्नत प्रक्रियाओं को फूड प्रोडक्शन और सेफ्टी के मामले में अपनाया जाना जरूरी समझा गया है। एक तरह से यह 'प्रिमिटिव' जीवन-शैलियों से निकलकर हाइली इंडस्ट्रियलायिज्ड और अर्बनायिज्ड सोसाइटी की तरफ बढ़ने की कवायद तो जरूर प्रतीत होती है, परंतु इसे संबंधित कानून बारीकियों के लिहाज से अभी कदीमी ज्ञान-विज्ञान और परंपरा से हलके ही हैं। खासतौर से जब लेबल किया हुआ फूड प्रोडक्ट खुद ही सर्टिफाई किया हुआ है।

प्रसंगवश

आधुनिक अयोध्या के विक्रमादित्य

अयोध्या नगरी को कालचक्र ने कई बार खंडित किया है, परंतु आस्था के इस केंद्र को सनातनियों की आत्मा से कभी अलग नहीं कर पाए। 21 वीं सदी की अयोध्या अपनी विरासत को संजोते हुए विकास की नई राह पर गतिमान है, जहां महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट है, पुनर्विकसित अयोध्या धाम रेलवे जंक्शन है, कलेक्ट्रेट के निकट मल्टीलेवल पार्किंग है, श्रद्धालु भ्रमण पथ, भक्ति पथ, श्रीराम जन्म भूमि पथ, धर्म पथ, राम पथ जैसे भक्तिमय पथ है।

डॉ. शीलवंत सिंह
वरिष्ठ लेखक

इसके अतिरिक्त महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय की स्थापना, भारतीय मंदिर वास्तुकला संग्रहालय की स्थापना, अंतर्राष्ट्रीय अयोध्या रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान का निर्माण, मकर संक्रांति व बसंत पंचमी मेले का प्रांतीयकरण, पुराणों में उल्लिखित तीस कुंडों का विकास, 147 किमी लंबा राम वन गमन पथ, चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग का विकास जैसे अनगिनत ऐसे प्रयास है जिसने रामनगरी अयोध्या को विकास के क्षिजित पर दीप्तिमान कर दिया है। वर्तमान की अयोध्या हवाई-रेलवे-सड़क के साथ-साथ जल मार्ग से भी जुड़ रही है। सरयू नदी में जल पर्यटन हेतु जटायु व गरुड़ नामक क्रूज की व्यवस्था की गई है। द्रुत गति की वंदेभारत और अमृत भारत ट्रेने यहां के आवागमन के लिए सुलभ हो गई हैं। यहां प्रस्तावित ग्रीन फील्ड टाउनशिप पहली सौर ऊर्जा से संचालित उपनगरी है।

नई अयोध्या की बात हो और लता मंगेशकर चौक का जिक्र न हो तो कुछ अधूरा सा लगता है। अयोध्या नगर की साज-सज्जा के साथ ही सफाई-स्वच्छता के लिए सीवर लाइन, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, कूड़ा निस्तारण की इकाई जैसी परियोजनाओं को सफलतापूर्वक स्थापित किया जा चुका है।

साथ ही अयोध्या को औद्योनिक साज-सज्जा से जीवंत किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपेक्षित-तिरस्कृत अयोध्या को जिस प्रकार वैश्विक मानचित्र पर जो सम्मान दिलाया है, उसके लिए वे आधुनिक नगरी अयोध्या के विक्रमादित्य हैं।

बंदउं नाम राम रघुबर को

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

चारों युगों में, तीनों कालों में और तीनों लोकों में लोग नाम को जपकर शोकरहित हुए हैं। वेद पुराण और संतों का मत यही है कि समस्त पुण्यों का फल राम नाम में प्रेम होना है।

भगवान ने अवतार ग्रहण करके शिशु रूप धारण किया। नामकरण का अवसर आने पर मुनि वशिष्ठ ने विचार करके "जो आनंद सिंधु सुखराशी", जो आनंद के समुद्र और सुख की राशि हैं, ऐसे जिस समुद्र की एक बूंद से तीनों लोक सुखी होते हैं। दशरथ के उस सबसे बड़े पुत्र का नाम "राम" रखा, जो सुख का भवन और संपूर्ण लोकों को शांति देने वाला है।

तुलसीदास जी कहते हैं कि मेरी यह रचना रामचरित मानस सभी गुणों से रहित है, गुणहीन है। इसमें बस जगत प्रसिद्ध एक गुण है- वह यह कि इसमें श्री रघुनाथ जी का नाम है, जो मंगल भवन अमंगल हारी है, अत्यंत पवित्र वेद, पुराणों का सार है, जिसे पार्वती सहित भगवान शिव जी सदा जपते रहते हैं। सभी देवताओं, संत असंत आदि की वंदना के पश्चात तुलसीदास जी श्रीराम के चरित्र के वर्णन के पूर्व उनके नाम की वंदना करते हैं। रामनाम रूपी महामंत्र का जप भगवान शिव सहित सभी देवता करते हैं। आदि कवि वाल्मीकि उल्टा नाम जप करके भी इसी नाम के प्रताप से पवित्र हो गए। श्री रघुनाथजी की भक्तिरूपी वर्षा ऋतु के लिए राम नाम रूपी दो सुंदर अक्षर सावन भादों के महीनों के समान हैं।

दोनों अक्षर मधुर और मनोहर हैं। ये जीव और ब्रह्म के समान स्वभाव से ही साथ रहने वाले, सदा एकरस-एकरूप हैं। यह दोनों अक्षर नर-नारायण के समान सुंदर भाई हैं, जगत का पालन और विशेष रूप से भक्तों की रक्षा करने वाले हैं। जिह्वा रूपी यशोदा के लिए यह दोनों अक्षर श्री कृष्ण और बलराम जी के समान आनंद देने वाले हैं। तुलसीदास जी कहते हैं कि वैसे तो समझने के लिए नाम और नामी दोनों एक से है, किंतु दोनों परस्पर स्वामी और सेवक के समान हैं। जैसे स्वामी के पीछे सेवक चलता है, उसी प्रकार नाम के पीछे नामी चलते हैं। भगवान अपने नाम का ही अनुगमन करते हैं, नाम लेते ही वहां आ जाते हैं। यों तो चारों युगों मे नाम का प्रभाव है, परंतु कलियुग में विशेष रूप से नाम को छोड़कर दूसरा कोई उपाय है ही नहीं।

निर्गुण और सगुण-ब्रह्म के दो स्वरूप हैं, दोनों ही अकथनीय और अनुपम हैं। तुलसीदास जी कहते हैं कि मेरी समझ में "नाम" इन दोनों से बड़ा है जिसने अपने बल से दोनों को अपने वश में कर रखा है। निर्गुण और सगुण दोनों प्रकार के ब्रह्म का ज्ञान अग्नि के समान हैं। निर्गुण उस अप्रकट अग्नि के समान हैं, जो काठ के अंदर है, परंतु दिखती नहीं और सगुण उस प्रकट अग्नि के समान है, जो प्रत्यक्ष दिखती है। तत्वतः दोनों एक ही हैं, केवल प्रकट-अप्रकट के भेद से भिन्न मालूम होती है। इसी प्रकार निर्गुण और सगुण तत्व एक ही हैं।

दोनों ही जानने में बड़े कठिन हैं, परंतु नाम से दोनों सुगम हो जाते हैं। इसी से मैंने नाम को (निर्गुण) ब्रह्म और सगुण राम से बड़ा कहा है। इस प्रकार निर्गुण से नाम का प्रभाव अत्यंत बड़ा है, ब्रह्म व्यापक है, एक है, अविनाशी है, चैतन्य और आनंद की राशि है। नाम का श्रद्धापूर्वक जप करने से यही ब्रह्म ऐसे प्रकट हो जाता है, जैसे रत्न की पहचान से उसका मूल्य। तुलसीदास जी कहते हैं कि इस प्रकार निर्गुण से नाम का प्रभाव बड़ा है और नाम (सगुण) राम से भी बड़ा है। श्रीरामचंद्र जी ने भक्तों के हित के लिए मनुष्य शरीर धारण करके स्वयं कष्ट सहकर साधुओं को सुखी किया। श्रीराम ने एक अहल्या को तारा और ताड़का का वध किया, परंतु उनके नाम ने करोड़ों लोगों की बिगड़ी बुद्धि को सुधार दिया। श्रीराम ने राक्षसों के समूह को मारा, परंतु नाम तो कलियुग के सारे पापों की जड़ उखाड़ने वाला है। राम ने शबरी, जटायु आदि उत्तम सेवकों को ही मुक्ति दी, परंतु नाम ने अनगिनत दुष्टों का उद्धार किया।

श्रीराम ने सुग्रीव और विभीषण दोनों को ही अपनी शरण में रखा, परंतु नाम ने अनेकों गरीबों पर कृपा की है। श्रीराम ने कुटुंबसहित रावण को युद्ध में मारा, तब सीता सहित उन्होंने अपने नगर अयोध्या में प्रवेश किया- राजा हुए, परंतु सेवकगण भक्तिपूर्वक नाम के स्मरण मात्र से बिना परिश्रम किए मोह की प्रबल सेना को जीतकर प्रेम में मग्न हुए अपने ही सुख मे विचरते हैं। नाम के प्रसाद से उन्हें सपने में भी कोई चिंता नहीं सताती। नाम की बड़ाई कहां तक कही जाए, स्वयं श्रीराम भी नाम के गुणों को नहीं गा सकते।

चारों युगों में, तीनों कालों में और तीनों लोकों में लोग नाम को जपकर शोकरहित हुए हैं। वेद पुराण और संतों का मत यही है कि समस्त पुण्यों का फल राम नाम में प्रेम होना है। कराल कलियुग में तो नाम ही कल्पवृक्ष है, जो स्मरण करते ही संसार के सब जंजालों का नाश कर देने वाला है। कलियुग में न कर्म है, न भक्ति है, न ज्ञान ही है। राम नाम ही एकमात्र आधार है।

सोशल फोरम

ईश्वर एक सहज व्यवस्था

हर इंसान ईश्वर के रूप में पैदा होता है, लेकिन उम्र बढने के साथ-साथ उसे धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक प्राणी बनने की होड़ में झोंक दिया जाता है।

आलोक खरे
प्रोफेसर, बरेली कालेज बरेली।

तीर्थयात्रा करने वालों, धर्म स्थानों पर नियमित हाजिरी लगाने वालों, धार्मिक उत्सवों और आयोजनों में हिस्सा लेने वालों तथा धार्मिक कर्मकांडो को सम्पन्न करने वालों की तादाद लगातार बढ रही है। फिर भी ईश्वर इन्सानों के लिए अबूझ पहेली बनकर रह जाता है। ईश्वर की असंख्य व्याख्याएं खुद को इंसानी दिमाग पर थोपने की कोशिश में लगी हैं। सारे धर्म उदारता, संयम, सत्यनिष्ठा, सदाचार की दुहाई और सीख देते-देते खुद ही कट्टरता, असहनशीलता और हिंसा के कम या अधिक स्रोत बन जाते हैं। सारे दोष अंत में इंसानी स्वभाव के मत्थे मढ़ दिए जाते हैं। सारे इंसान निर्दोष और निरपेक्ष शिशु के रूप में पैदा होते हैं। सवाल यह उठता है कि एक नादान और मासूम बच्चा एक क्रूर, बेरहम, लालची, क्रोधी और निष्ठुर इंसान में कैसे तब्दील हो जाता है?

हर इंसान ईश्वर के रूप में पैदा होता है, लेकिन उम्र बढने के साथ-साथ उसे धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक प्राणी बनने की होड़ में झोंक दिया जाता है। इस रस्साकशी में हर इंसान का मूल ईश्वरत्व हाशिए पर चला जाता है। सभ्य और संस्कारी बनाने की कोशिशों का नतीजा ऐसे इंसानी यंत्रों के रूप में सामने आता है, जो खुद को सारे जीवों की तुलना में सबसे काबिल मानते हैं। ये इंसानी मशीनें धर्म, नस्ल, राष्ट्र और सभ्यता के नाम पर असंख्य इंसानों और जीवों का खून बहाने के बाद भी जगत के कल्याण का दावा करती हैं। ये सिलसिला तब तक चलता रहेगा, जब तक हर इंसान अपने ईश्वरत्व का अहसास न कर ले। ईश्वर तो धर्म, राष्ट्र, समाज या सभ्यता के बिना भी मौजूद था और इनके बिना भी वजूद में रहेगा, लेकिन कोई धर्म, राष्ट्र, समाज या सभ्यता ईश्वर की निरंतर उपेक्षा करके अपनी पूर्णता को प्राप्त नहीं कर सकती। क्योंकि ईश्वर एक सहज व्यवस्था है जबकि बाकी सब कृत्रिम हैं।

-फेसबुक वॉल से

अयोध्या और राजधानी के राम मंदिरों का रिश्ता

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के स्वागत में राजधानी के बिड़ला मंदिर, तुगलक रोड के सिद्ध हनुमान मंदिर और शेष सभी मंदिरों में में कीर्तन और भंडारे के कार्यक्रम चलेंगे।

श्रीराम जयराम जय-जयराम...' का पाठ आपको काफी दूर से सुनाई देने लगता है, जब आप राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के अशोक विहार क्षेत्र के राम मंदिर की तरफ बढ़ रहे होते हैं। आपको जानकार हैरानी हो सकती है कि इस श्रीराम मंदिर का अयोध्या के राम लला के मंदिर से करीब का संबंध है। इनका दोनों मंदिरों के आर्किटेक्ट सीबी सोमपुरा ही हैं। सोमपुरा जी को विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष अशोक सिंघल अयोध्या लेकर गए थे ताकि वे राम लला के मंदिर का डिजाइन बनाएं। इसकी मैनेजमेंट से जुड़े हुए अशोक बंसल बताते हैं कि फिर सोमपुरा जी ने ही अयोध्या के राम मंदिर का डिजाइन बनाया। हालांकि अशोक विहार के श्रीराम मंदिर की स्थापना तो 1975 में हो गई थी, पर इसका विस्तार आगे भी होता रहा। इसकी अयोध्या के राम मंदिर से एक समानता यह भी है कि यहां भी राजस्थान के बंसीपुर का लाल संगमरमर का गुलाबी पत्थर लगा है। हां, दोनों में सिर्फ इतना अंतर है कि अशोक विहार का श्रीराम मंदिर छोटा है। जब आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हो रहा होगा, तब अशोक विहार के श्रीराम मंदिर में सुबह से ही सुंदर कांड और भजन के कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। माना जा रहा है कि 22 जनवरी को यहां करीब एक लाख भक्त पहुंचेंगे। इस मंदिर मैनेजमेंट की इच्छा है कि भविष्य में यहां पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी पधारें। इस बीच अगर बात दिल्ली के सबसे प्राचीन राम मंदिर की करें तो यह चांदनी चौक में भगीरथ पैलेस साइकिल मार्केट में है। यह लगभग 150 साल पुराना बताया जाता है। यह कोई बहुत भव्य तो नहीं है, पर खाटी पुरानी दिल्ली वाले यहां कभी न कभी किसी पर्व या सत्यनारायण की कथा में भाग लेने अवश्य आए होते हैं। इसके महंत राम कृष्ण शर्मा बताते हैं कि हमारा परिवार रामलीला मैदान की रामलीला का भी महंत है। पुरानी दिल्ली में एक करीब सवा सौ साल पुराना राम मंदिर छिपीवाड़ा में भी है। इन दोनों में अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दीपोत्सव किया जाएगा। राजधानी में राम या श्रीराम मंदिर नाम से मंदिर कम ही हैं। कम से कम हनुमान या शिव मंदिरों की तुलना में। हालांकि श्रीराम परिवार की मूर्तियां तो हरेक मंदिर में मिलेंगी। हां, हरेक हनुमान मंदिर अपने आप में राम मंदिर ही है। राम के बिना हनुमान कहां और हनुमान के बिना राम कहा। 22 जनवरी को कश्मीरी गेट, जिसे दिल्ली मरघट वाले बाबा का मंदिर भी कहती है, में पूजा-अर्चना और भंडारे का कार्यक्रम रहेगा।

ईस्ट दिल्ली के विवेक विहार में श्रीराम मंदिर में भगवान राम की छह फीट ऊंची मूर्ति लंबे समय से भक्तों के आकर्षण का केन्द्र रही है। इधर भी राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन कीर्तन, राम कथा, सुंदर कांड और भंडारे के कार्यक्रम चलेंगे। माना जा सकता है कि यमुनापार का यह पहला श्रीराम मंदिर है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने विवेक विहार के लिए प्लाट काटकर देने की प्रक्रिया 1967 में चालू की थी। इसके बाद यहां पर लोगों ने अपने प्लाटों पर घर बनाने शुरू किए। एक बार घर बन गए तो उन्होंने श्रीराम मंदिर की स्थापना 1972 में की। फिर इसका विकास और विस्तार होता रहा। यहां पर राम दरबार, शिव परिवार, सरस्वती, हनुमान जी वगैरह की सुंदर मूर्तियां स्थापित हैं। विवेक विहार से सटे आनंद विहार में भी एक श्रीराम मंदिर हैं। इस बीच कनॉट प्लेस के प्राचीन मंदिर में 22 जनवरी को सुबह से रात तक सुंदर कांड का पाठ होगा। इधर 1 अगस्त, 1964 से 'श्रीराम जयराम जय-जयराम' मंत्र का जाप आरंभ हुआ था। इस बीच, कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर से तीन-चार किलोमीटर दूर करोल बाग और झंडेवालान मेट्रो स्टेशन के बीच में स्थित हनुमान मंदिर में 22 जनवरी को अखंड रामायण और हनुमान चालीसा समवेत स्वर में सुना जा सकता है। झंडेवालान मेट्रो स्टेशन के पास संकट मोचन की 108 फीट ऊंची प्रतिमा को मेट्रो में सफर करते हुए देखना अपने आप में एक रोमांचकारी अनुभव होता है।

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के स्वागत में राजधानी के बिड़ला मंदिर, तुगलक रोड के सिद्ध हनुमान मंदिर और शेष सभी मंदिरों में में कीर्तन और भंडारे के कार्यक्रम चलेंगे। अब आइए चलें साउथ दिल्ली के भीष्म पितामाह मार्ग। इसे राजधानी का दूसरा मंदिर मार्ग कह सकते हैं। पहला मंदिर मार्ग गोल मार्कट में है। इस सड़क का नाम भी मंदिर मार्ग होना चाहिए। अगर आप जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम की तरफ से आते हुए लोधी एस्टेट का रुख कर रहे हैं, तब आपको सबसे पहले शिरडी साईं मंदिर, नामदेव मंदिर, फिर श्री रामायण विद्यापीठ और अंत में श्रीराम मंदिर मिलेंगे। श्रीरामायण विद्यापीठ अपने आप में मंदिर के साथ-साथ रामायण तथा वेदों के गहन अध्ययन के केन्द्र के रूप में स्थापित है।

राम का ब्राह्मण प्रेम

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यों तो श्रीराम परात्पर ब्रह्म और भगवान विष्णु के सप्तम अवतार होकर यावत चराचर के स्वामी और हितैषी हैं, किंतु वर्ण व्यवस्था के अनुसार वे ब्राह्मण वर्ण को वरीयता देते रहे और विशेष हितैषी रहे। जब दो वर्गों के हितकारी कहे गए तब भी ब्राह्मण नहीं छूटे। अलबत्ता गऊ माता इसमें शामिल रहीं। राक्षसों से त्रस्त देवताओं द्वारा भगवान विष्णु से अवतार लेने हेतु प्रार्थना करने पर उन्हें "गो द्विज हितकारी जय असुरारी सिंधुसुता प्रिया कंता' कहा गया'। तब उन्होंने रामावतार लेने की घोषणा की। बाद में इस संवर्ग में देवता भी जुड़ गए, क्योंकि उन्हीं की प्रार्थना पर वे अवतरित हुए थे। तब वे 'जय सुर धेनु विप्र हितकारी' बने। चूंकि वे 'परित्राणाय साधूनां' भी आते हैं, अतःउनके कृपा पात्रों में चौथा नाम संतों का भी जुड़ा और वे 'विप्र धेनु सुर संत हित लीन मनुज अवतार' बखाने गए। तात्पर्य यह है कि विप्र कभी नहीं छूटे। उन्होंने स्वयं कहा कि यद्यपि सब मुझे प्रिय और मेरे द्वारा उत्पन्न किए गए हैं, किंतु मनुष्य ज्यादा प्रिय हैं। उनमें ब्राह्मण और ब्राह्मणों में वेदपाठी। 'सब मोहिं प्रिय सब मम उपजाये। सब ते अधिक मनुज मोहि भाये।। तिन मह द्विज द्विज मह स्रुतिधारी। तिन्ह मह निगम धरम अनुसारी'।। परशुराम जी से वार्ता करते समय भी उन्होंने साफ कहा कि 'देवता, ब्राह्मण, भगवान के भक्त और गाय पर हम पराक्रम नहीं दिखाते' उन्होंने आगे कहा कि 'मेरे पास तो एक गुण है, किंतु आपके पास पवित्र नौ गुण हैं। हम सब प्रकार आप से हारे हैं'। 'सब प्रकार हम तुम सन हारे। छमहु विप्र अपराध हमारे'। रामेश्वरम में शिवलिंग स्थापना का जब उन्होंने निश्चय किया और चाहा कि सबसे बड़े शिव भक्त ब्राह्मण से वे यह यह कार्य कराए तो उन्हें बताया गया कि ये शर्तें तो रावण पूरी करते हैं। 'इरामावतारम्' शीर्षक कंबन रामायण के अनुसार, तब उन्होंने जामवंत को भेजकर रावण को सादर आमंत्रित किया और उनसे स्थापना करवाई, जो द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक है। मालूम हो कि महापंडित रावण यह पौरोहित्य कार्य सविधि करने के लिए सीता जी को साथ लाए थे, क्योंकि विवाहित राम का धर्मानुष्ठान पत्नी के बिना अपूर्ण रहता। अंत में पुरोहित रावण ने यजमान राम को विजय का आशीर्वाद दिया और दक्षिणा स्वरूप मांगा कि 'जब मैं मृत्यु शैया पर होऊ तब यजमान हमारे सामने उपस्थित हों', जिसे राम ने स्वीकार किया। राम का राज तिलक भी पहले ब्रह्मर्षि बसिष्ठ ने किया, फिर अन्य ब्राह्मणों को वैसा ही करने को कहा।

युवाओं को सेमी कंडक्टर निर्माण की ट्रेनिंग दें

मुख्यमंत्री बोले, उद्योगों में स्मार्टफोन, कम्प्यूटर और चिकित्सा उपकरणों में दक्षता के लिए विनिर्माण महत्वपूर्ण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने सरकारी आवास पर उच्चस्तरीय बैठक की
- बैठक में प्रजेंटेशन देखने के बाद अफसरों को दिए निर्देश

बुधवार को अपने सरकारी आवास पर अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चिप सेक्टर में 500 बिलियन डॉलर से अधिक के निवेश का संज्ञान लेते हुए बुधवार को अपने सरकारी आवास पर उन्होंने एक उच्चस्तरीय बैठक में उप्र. की प्रस्तावित सेमीकंडक्टर नीति 2024 पर आधारित प्रेजेंटेशन देखा। इसके बाद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि उप्र. के अंदर मौजूद दो आईआईटी सहित सभी टेक्निकल इंस्टिट्यूट में युवाओं को सेमी कंडक्टर निर्माण की ट्रेनिंग दी जाए। साथ ही साथ सेमी कंडक्टर उद्योगों में सीएम इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को दो वर्ष की ट्रेनिंग की व्यवस्था की जाए।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, उद्योगों में आधुनिक प्रगति, स्मार्टफोन, कम्प्यूटर और चिकित्सा उपकरण जैसे उपकरणों में दक्षता विस्तार के लिए सेमीकण्डक्टर विनिर्माण महत्वपूर्ण है। यह आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और क्वांटम कम्प्यूटिंग में नवाचार को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक मजबूत सेमीकण्डक्टर विनिर्माण ईकोसिस्टम की स्थापना आवश्यक है, जो राज्य की आर्थिक वृद्धि और नवाचार को बढ़ावा देने, रोजगार के पर्याप्त अवसर उत्पन्न करने और सामरिक महत्व के क्षेत्रों में देश और प्रदेश की आत्मनिर्भरता को बढ़ाने के लिए जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चिप डिजाइन उद्यमों तथा स्टार्टअप्स को लक्षित करने पर ध्यान देने के साथ-साथ राज्य के भीतर एक सहायक फेबलेस ईकोसिस्टम का विकास किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशल प्रतिभाओं का पूल बनाने के लिए उद्योग और शिक्षा जगत के बीच मजबूत सम्बन्ध स्थापित किया जाए। विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों ने फैब इकाइयों के स्थापना की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने बताया कि, सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रोत्साहन परिव्यय दिए जाने का निर्णय लिया गया है।

जनप्रतिनिधि को आलोचना और प्रशंसा के लिए तैयार रहना होगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बुंदेलखण्ड क्षेत्र के विधायकों से संवाद किया।

अमृत विचार। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि को सम्मान और अपमान दोनो मिलता है। इसलिए उसे अपनी आलोचना और प्रशंसा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। इस क्षेत्र में समर्पण भाव से काम करने के साथ ही बहुत धैर्य की जरूरत होती है। विधायकों के साथ क्षेत्रवार चल रहे स्थानीय सेंट्रम होटल में आयोजित संवाद कार्यक्रम के तहत बुधवार को बुंदेलखण्ड क्षेत्र से आए विधायकों से उन्होंने कहा कि एक विधायक पूरे क्षेत्र का विधायक होता है। जनता को इस बात से कोई लेना देना नहीं होता है कि उनका विधायक सत्ता पक्ष का है अथवा विपक्ष का है। वह क्षेत्र की समस्याओं का समाधान चाहती है।

इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पाण्डे, अनुपमा जायसवाल, पलटू राम, विनोद चतुर्वेदी, रामफेरन पाण्डेय, सुभाष पांडेय ने भी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की प्रशंसा करते हुए अपने-अपने विचार रखे। इनके अलावा संवाद कार्यक्रम में विकास गुप्ता, बाबूराम पासवान, विनोद शंकर अवस्थी, विशम्भर सिंह यादव, मनीषा अनुरागी, लोकेन्द्र प्रताप सिंह, मूलचंद्र निरंजन, कैलाश नाथ शुक्ला, राकेश गोस्वामी, रामरतन कुशवाहा, साईदा खातून, कृष्णा पासवान, मनोज कुमार प्रजापति आदि ने भी बातें रखी। कार्यक्रम में मंत्री मनोहर लाल 'मन्नू कोरी', अनूप वाल्मीकि और संजय गंगवार भी मौजूद रहे। इस मौके पर प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे ने आभार व्यक्त किया।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पाबंदी लगाने के लिए याचिका

संवाददाता, प्रयागराज

- गाजियाबाद के रहने वाले भोलादास ने हाईकोर्ट में दाखिल की याचिका
- कहा, पूस के महीने में धार्मिक आयोजन सनातन धर्म के विरुद्ध

अमृत विचार: इलाहाबाद हाईकोर्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करने पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए एक जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में पूस का महीना और अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तर्क दिए गए हैं।

गाजियाबाद निवासी भोला दास ने उक्त याचिका दाखिल कर कहा कि हिंदू कैलेंडर के अनुसार, पूस के महीने के दौरान धार्मिक आयोजन नहीं होने चाहिए। पूर्णिमा तक सभी आयोजनों पर प्रतिबंध रहता है। याची ने आयोजन पर सनातन धर्म के अगुवा शंकराचार्यों द्वारा उठाई गई आपत्तियों का हवाला देते हुए कहा कि मंदिर अभी भी निर्माण की प्रक्रिया में है यानी मंदिर अभी भी अपूर्ण है और अपूर्ण मंदिर में देवी-देवता की मूर्ति स्थापित नहीं की जाती है। यह सनातनी परंपरा के विरुद्ध होगा।

इसके अलावा प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित होना संविधान के खिलाफ है, क्योंकि संविधान धर्मनिरपेक्षता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है। किसी धार्मिक आयोजन में मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री का शामिल होने से जनमानस की भावनाओं को ठेस पहुंचने की संभावना है।

इसके साथ ही याचिका में यह आरोप भी लगाया गया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राजनीतिक मकसद से इस कार्यक्रम का आयोजन कर रही है, जिसका उद्देश्य कथित तौर पर आगामी लोकसभा चुनाव में फायदा हासिल करना है। याची के अधिवक्ता अनिल कुमार बिंद ने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम पर रोक लगाने वाली याचिका कोर्ट में मंगलवार को दाखिल हो गई है। अब यह प्रयास होगा कि उच्च न्यायालय इस पर शीघ्र सुनवाई कर याचिका को स्वीकार कर ले और अपना फैसला सुनाए।

अखिलेश ने समाजवादी पीडीए यात्रा को किया रवाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यात्रा से पिछड़े, अल्पसंख्यकों व दलितों को जोड़ने की मुहिम
- पार्टी प्रदेश मुख्यालय से रवाना की गई पीडीए यात्रा

पीडीए यात्रा को रवाना करते सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव। अमृत विचार

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को यहां पार्टी प्रदेश मुख्यालय से समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल भारती के नेतृत्व में संविधान बचाओ- देश बचाओ समाजवादी पीडीए यात्रा को रवाना किया।

इस मौके पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राहुल भारती और उनके करीब 100 साथियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह यात्रा कई जिलों में जाकर लोगों को समाजवादी पार्टी से जोड़ने का काम करेगी। पीडीए यात्रा पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों और पीड़ित अगड़ो को जोड़ेगी और समाजवादी आंदोलन को मजबूत करेगी।

सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के मुताबिक, हम इंडिया गठबंधन को मजबूत कर रहे हैं। पीडीए यात्रा से पूरे प्रदेश में इंडिया गठबंधन मजबूत होगा और आगामी लोकसभा चुनाव में इसका भरपूर फायद मिलेगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की मजबूती के लिए जी जान से जुटने और जनता के बीच जाकर पार्टी की रीतियों और नीतियों का बखान करने का आह्वान किया।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए यात्रा में शामिल लोगों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में निश्चित रूप से उनकी मेहनत रंग लाएगी और पार्टी मजबूती से उभरकर सामने आएगी। पीडीए यात्रा में बृजलाल जाटव, कर्म सिंह, पुष्पेन्द्र रावत, कैलाश मालवीय, डॉ. सत्यपाल सिंह, कामरान, गौरव कुमार, शादाब, रिजवान, नितीन, नरेश, सागर धानुक, किशन सिंह जाटव, सुजीत कुमार गौतम, संदीप कुमार सैनी, कृष्ण कुमार, आशीष कुमार, उमेश यादव, राजेश कुमार, संदीप नागर, कैप्टन हरभजन सिंह आदि प्रमुख नेता शामिल रहे।

कल शाहजहांपुर, 22 को मुरादाबाद पहुंचेगी यात्रा

समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ से बुधवार को प्रारम्भ 'संविधान बचाओ-देश बचाओ, समाजवादी पीडीए यात्रा' 18 जनवरी को हरदोई, 19 जनवरी को शाहजहांपुर, 20 जनवरी को बदायूं, 21 जनवरी को सम्भल और 22 जनवरी को मुरादाबाद पहुंचेगी। यह यात्रा 23 जनवरी को बिजनौर, 24 जनवरी को वाया हरिद्वार होते हुए 25 जनवरी को सहारनपुर, 26 जनवरी को शामली, 27 जनवरी को मुजफ्फरनगर, 28 जनवरी को मेरठ, 29 जनवरी को गाजियाबाद पहुंचेगी।

न्याय यात्रा में अखिलेश के शामिल होने की संभावना नहीं

लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में उनके शामिल होने की संभावना नहीं है। यहां पार्टी कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में जब यादव से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'न तो कांग्रेस हमें अपने कार्यक्रमों में बुलाती है, न ही भाजपा। दरअसल, राहुल गांधी की यात्रा के 14 फरवरी को उत्तर प्रदेश पहुंचने की उम्मीद है। इस बीच अभी तक यह भी स्पष्ट नहीं है कि आम चुनाव के लिए उप्र में सपा का कांग्रेस के साथ गठबंधन होगा या नहीं।

रामनगरी में डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी ने देखे मरीज

अयोध्या कार्यालय

कैंप में इलाज करते डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी।

अमृत विचार : श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में देश-दुनिया से आने वाले भक्तों की सेवा करने के लिए बुधवार को बरेली के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी अयोध्या पहुंचे। उन्होंने शिविर में आए मरीजों का उपचार कर अपनी सेवाएं देनी शुरू कर दी है।

श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बीते दिनों देशभर के चिकित्सकों से प्राणप्रतिष्ठा समारोह में स्वेच्छा से अपनी सेवाएं देने के लिए गूगल फॉर्म से आवेदन मांगे थे। रामनगरी पहुंचे डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी ने अमृत विचार से हुई वार्ता में बताया कि वह तीन दिनों तक बाग बिगेसी स्थित तीर्थक्षेत्रपुरम में बनी टेंट सिटी के चिकित्सा शिविर में मरीजों का इलाज करेंगे। उन्होंने बताया कि वो इकलौते ऐसे चिकित्सक हैं, जिन्हें ब्रज प्रांत के लिए चुना गया है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के चिकित्सकों के लिए छह प्रांत बनाए गए हैं। जिसमें उनका चयन ब्रज प्रांत के लिए हुआ है। उन्होंने बुधवार को 32 मरीजों का इलाज किया। जिसमें सर्दी, डायरिया के मरीज शामिल थे। बताया कि गूगल फॉर्म के जरिए देश भर के 700 चिकित्सकों ने स्वेच्छा से अपनी सेवा देने की इच्छा जताई थी। यहां 15 जनवरी से 15 फरवरी तक चिकित्सक मरीजों का इलाज करेंगे। सेवा 19 जनवरी तक रहेगी।

पश्चिम उप्र में रालोद ने प्रभारी नियुक्त हुए

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह ने 2024 लोकसभा के चुनाव अभियान के लिए पश्चिमी उप्र. में प्रभारी और संयोजक नियुक्त कर दिये हैं। रालोद कार्यालय द्वारा पश्चिमी उप्र. में हस्तिनापुर, ब्रज और रुहेलखण्ड क्षेत्र के लिए प्रभारियों और संयोजकों की सूची बुधवार को जारी की गई है।

रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि हस्तिनापुर क्षेत्र में कुं. नरेन्द्र सिंह (मथुरा) को प्रभारी व पूर्व विधायक वीरपाल राठी को संयोजक तथा विधायक डॉ. सुभाष गर्ग को ब्रज क्षेत्र का प्रभारी व रामरस पाल पूनिया को संयोजक बनाया गया है। इसके अतिरिक्त रुहेलखण्ड क्षेत्र में अय्यूब अली एडवोकेट को प्रभारी व सचिन चौधरी को संयोजक नियुक्त किया है। इन सभी को लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी की मजबूती के लिए काम करने को कहा गया है।

यूपीडा और यूपीसीडा के क्षेत्रों का होगा विस्तार

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- औद्योगिक विकास मंत्री ने 2940 करोड़ के प्रस्ताव को दी स्वीकृति

अमृत विचार। यीडा, यूपीडा और यूपीसीडा के औद्योगिक क्षेत्रों के विस्तार के लिए 2940 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। देश का ग्रोथ इंजन बन चुके उप्र.में औद्योगिक क्षेत्रों के विस्तारीकरण और नए क्षेत्रों के विस्तार योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-2024 में आठ हजार करोड़ में से अब तक कुल 7042.67 करोड़ रुपये स्वीकृति हो चुके हैं।

औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने औद्योगिक प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान करते हुए कहा कि उद्यमियों के हितों के संरक्षण, सिंगल विंडो सिस्टम, त्वरित एवं जवाबदेह प्रक्रिया अपनाने से निवेशक आ रहे हैं। देश और दुनिया की नामी गिरामी कम्पनियां निवेश कर रही हैं।

औद्योगिक विकास मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-2024 में तीन हजार करोड़ रुपये नवगठित बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण को भूमि अधिग्रहण के लिए प्रदान किए जा चुके हैं। शेष पांच हजार करोड़ में एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को एक हजार करोड़, यमुना एक्सप्रेस-वे को डेढ़ हजार करोड़ एवं यूपीसीडा को 440 करोड़ रुपये स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। यीडा को 279 करोड़ और गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण को 823.67 करोड़ की धनराशि दी जा चुकी है। मेसर्स अपोलो लिमिटेड को प्रोत्साहन योजना के तहत 55 लाख रूपए के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की है।

भाजपाई गांव में 24 घंटे करेंगे प्रवास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश से लेकर बूथ तक के पदाधिकारी पहुंचेंगे गांव
- प्रदेश और सह संयोजकों को सौंपी गई कार्ययोजना

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बुधवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर आयोजित बैठक में विभागों के प्रदेश संयोजक एवं सहसंयोजको को संगठनात्मक कार्ययोजना सौंपीं। 4 फरवरी से 11 फरवरी के बीच चलने वाले गांव चलो अभियान में प्रदेश से लेकर बूथ तक के प्रत्येक पदाधिकारी गांवो में प्रवासी के रूप में जाएगें और 24 घंटे प्रवास करेगें।

प्रदेश महामंत्री धर्मपाल ने कहा कि चौपालों पर चर्चा, घर-घर सम्पर्क, अलाव के साथ चर्चा जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सम्पर्क व संवाद स्थापित करेंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं, ऐतिहासिक निर्णयों के साथ सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण का मंत्र लेकर ग्राम दर्शन के लिए पहुंचेगें।

प्रदेश महामंत्री धर्मपाल ने कहा कि पार्टी के प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता को नमो एप पर 100 विकसित भारत एम्बेसडर बनाने का कार्य करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी के मोर्चा, विभाग तथा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी स्थानीय स्तर पर बूथ सशक्तिकरण के लिए भी कार्य करेंगे और सक्रिय बूथ के लिए अपने क्षेत्रों में मन की बात कार्यक्रम से जुडेगें, पन्ना प्रमुख के रूप में अपने बूथ पर सक्रिय रहेगें। बूथ के व्हाट्सएप ग्रुप में सक्रिय रहेगें और बूथ के 6 संगठनात्मक कार्यक्रमों में सहभागी रहेगें। इसके साथ ही सभी को अपने-अपने बूथ पर प्रारम्भ हुए वॉल राइटिंग अभियान में भी सहयोग करना है। बैठक के दौरान पार्टी के प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह उपस्थित रहे। इस बैठक का संचालन विभागों के प्रदेश समन्वयक ओपी श्रीवास्तव ने किया।

आज संकल्प यात्रा में पीएम मोदी करेंगे संवाद

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को लाइव संवाद के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की गारन्टी को लेकर प्रदेश में चल रहे विकसित भारत संकल्प रथों तथा विभिन्न गांवों में एलईडी पर सीधे प्रसारण के माध्यम से प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक लखनऊ में लाइव प्रसारण के माध्य से लाभार्थियों के साथ सीधे जुड़ेंगे और योजनाओं की जानकारी देंगे।

अतीत के झरोखे से

पूर्व विधायक स्व. अशोक दुबे को जिला जेल में दी गई थी तन्हाई, चढ़ाया गया था बेलन

राम मंदिर आंदोलन में सक्रिय भागीदारी पर लगाई थी रासुका

कार्यालय संवाददाता, इटावा

पूर्व विधायक अशोक दुबे की पत्नी कुसुम दुबे एवं पुत्र अंशुल दुबे। अमृत विचार

- छोटे बच्चों के साथ इधर-उधर भागती थीं पत्नी
- 1990 में कानपुर देहात के रसूलाबाद से हुए थे गिरफ्तार

अमृत विचार। श्री राम मंदिर जन्म भूमि मुक्ति आंदोलन में बलिदान देने के साथ यातनाएं झेलने वाले आंदोलन कारियों का सपना अब सरकार होने जा रहा है। जिले से कई आंदोलनकारियों की इस आंदोलन में अपनी-अपनी भूमिका रही हैं। पूर्व विधायक स्व. अशोक दुबे का राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन में एक अहम योगदान रहा है।आंदोलन की खातिर जहां उन पर रासुका का लगाई गई थी। वहीं उन्हें जेल की तनहाई में रखकर उन पर बेलन भी चढ़ाया गया था । उनके इस योगदान को याद करते हुए लोगों की आज भी आंख नम हो जाती है। अशोक दुबे का निधन 13 फरवरी 2021 को हुआ था।

पूर्व विधायक अशोक दुबे ने कम उम्र से ही आम जनमानस मेंअपनी एक अलग छवि बनाई थी। उन्होंने 18 साल की उम्र में कोऑपरेटिव का चुनाव जीतकर डायरेक्टर भी बने थे। पूर्व विधायक की पत्नी कुसुम दुबे बताती हैं कि राम मंदिर आंदोलन के दौरान मुलायम सिंह यादव के शासनकाल में जिस तरह से उनके पति के साथ पुलिस ने बर्बरता की थी । आज भी उसे याद करते हुए उनकी रूह कांप जाती है।सिविल लाइन थाने के पूर्व थाना अध्यक्ष बीपी सिंह प्रतिदिन घर में दविश दिया करते थे और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए खूब तांडव भी मचाते थे। जिसके कारण वह अपने छोटे बच्चों को लेकर दूसरे घरों में रहती थी।रात के समय पुलिस सीढ़ी लगाकर घर में कूद आई थी और उनके पति के न मिलने पर उत्पात करती थी।

कुसुम दुबे ने बताया कि उनका बड़ा बेटा अंशुल उस समय 12 वर्ष का था और बेटी अभिलाषा व 5 वर्ष की रुचि थी। ऐसे में वह तीनों बच्चों को लेकर इधर-उधर रहने को मजबूर होती थीं। उन्होंने बताया कि उनके पति की वर्ष 1990 में कानपुर देहात के रसूलाबाद से गिरफ्तारी की गई थी। कुछ दिनों में कानपुर जेल में रखा गया और इसके बाद उन्हें इटावा जेल भेजा गया था। यहां पर भी उन्हें काफी यातनाएं दी गई । रासुका भी लगाई गई और तन्हाई में रखने के साथ उनके ऊपर बेलन भी चढ़ाया गया। जब कभी वह जेल में मुलाकात के लिए जाती थी तो उन्हें मिलने भी नहीं दिया जाता था। एक साल तक जेल में जिस तरह से उनके पति का उत्पीड़न किया गया उसे वह आज भी नहीं भूल पाती हैं। रामलला की खातिर उनका त्याग व समर्पण बेकार नहीं गया है आज अयोध्या में मंदिर में रामलला विराजने जा रहे हैं। वह जहां भी होंगे उनकी आत्मा अपार खुशी का अनुभव कर रही होगी।

व्यर्थ नहीं गई पिता की कुर्बानी

इटावा। पूर्व विधायक अशोक दुबे के पुत्र व भाजपा नेता अंशुल दुबे का कहना है कि उनके पिता की कुर्बानी व्यर्थ नहीं गई है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने भव्य राम मंदिर का निर्माण कराकर उनके पिता के सपने को पूरा किया है। भगवान राम हम सभी के आराध्य है और कण-कण में बसे हैं।आज मेरे पिता होते तो इटावा में 22 जनवरी को अभूतपूर्व कार्यक्रम आयोजित होता। प्राण प्रतिष्ठा के बाद वह अपनी मां व परिवार के अन्य सदस्यों को लेकर रामलला के दर्शन करने के लिए जाएंगे और वहां से राम मंदिर का मॉडल लाकर अपने घर में स्थापित करेंगे और अपने पिता की फोटो ले जाकर वह रामलला के दर्शन भी करायेगें।

मोबाइल पर बात करते-करते तमंचे से गोली मारकर दी जान

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

मौके पर लगी भीड़। अमृत विचार

- घटना के समय युवक की मां दूसरे कमरे में बैठ कर टीवी देख रही थी

अमृत विचार। कादरी गेट थाना क्षेत्र में बुधवार को युवक ने गोली मार कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

शिवम।

मोहल्ला गंगानगर के कबाड़ा वाली गली के रहने वाले शिवम (25) की मां गीता देवी कमरे में टीवी देख रही थी। उसका बेटा शिवम दूसरे कमरे में लेटा था। उसी समय शिवम ने तमंचे से गोली मार ली। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। गोली चलने की आबाज सुन कर मां भागती हुई शिवम के कमरे में पहुंची तो वहां वह खून से लथपथ पड़ा था। चीख पुकार सुन कर घटनास्थल पर भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस को शव के पास से तमंचा बरामद हुआ है। मौके पर पहुंची फ़िंगर प्रिंट टीम ने साक्ष्य एकत्रित किये। मृतक की मां गीता का कहना है कि शिवम किसी से फोन पर बात कर रहा था। फोन पर बात करते-करते उसने गोली मार ली। पुलिस ने शिवम का फोन कब्जे में ले लिया है। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि शिवम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

कुपोषण से लड़ना संभव, तंदुरुस्त हुए 1.33 लाख बच्चे

पिछले वर्ष जून माह में बेस लाइन सर्वे में चिह्नित हुए थे 2,48,531 अति कुपोषित बच्चे

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में 'सम्भव अभियान' से पिछले वर्ष जून में चयनित 2,48,531 अतिकुपोषित (सैम) बच्चों में 1,33,811 स्वस्थ होकर सामान्य श्रेणी में आए हैं। इस अभियान से अक्टूबर तक चले उपचार और फॉलोअप से 63 प्रतिशत बच्चों में तेजी से सुधार आया है। इससे बाल विकास पुष्टाहार विभाग को कुपोषण की लड़ाई में बल मिला है। इतना ही नहीं अतिकुपोषित 33,820 बच्चे कुपोषण श्रेणी में आए हैं और सामान्य के करीब हैं। जबकि कुछ जगह अभियान सफल न होने पर 34,059 बच्चों में कोई सुधार नहीं हुआ है तो 9,828 बच्चे फॉलोअप न होने के कारण कुपोषण की जंग से छूट गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के साथ इन्हें कुपोषण से बाहर लाने का प्रयास जारी है।

विशेष

▸▸ 63 प्रतिशत सामान्य श्रेणी में आए बच्चे, 9828 अभियान से छूटे

ये था अतिकुपोषित बच्चों का प्रतिशत

लड़के	58
लड़कियां	42
पांच माह तक के बच्चे	11
छह से 23 माह तक के बच्चे	41
24 से 59 माह तक	48

वजन, लंबाई और उम्र के आधार पर हुआ चयन

दरअसल, इस अभियान में बच्चों का चयन उम्र, लंबाई और वजन नाप कर किया गया। 100 प्रतिशत बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने का लक्ष्य देकर एनआरसी वार्ड में भर्ती कराया गया। वार्ड में जांच, दवा व नपा-तुला खाना देकर बच्चों की देखरेख की गई और डिस्चार्ज के बाद 14 के तीन फॉलोअप कर रिपोर्ट ली गई। जबकि इससे पहले उम्र और वजन के आधार पर चयन होता था। जबकि इससे पहले इन मानकों का पालन मनमाने तरीके से होता था।

> सम्भव अभियान पर जोर देकर विभाग काम कर रहा है। इससे कुपोषित बच्चों में निरंतर सुधार आया है। उपचार के साथ फालोअप जारी है। इससे अन्य बच्चे सामान्य श्रेणी में आएंगे।
> – सरनीत कौर ब्रोका, निदेशक, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग

1.94 लाख बच्चे और बढ़े

इधर, निरंतर प्रक्रिया में जुलाई से अक्टूबर तक प्रदेश में 1,94,609 अतिकुपोषित बच्चे बढ़े हैं। इन बच्चों में कुपोषण की रोकथाम के लिए चिकित्सीय प्रबंधन, सामुदायिक व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिए दोनों विभाग अभियान चला रहे हैं।

अब 20 तक त्रुटियां हो सकेंगी संशोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : पुलिस के 60 हजार से अधिक पदों पर भर्ती को लेकर हुए आवेदन की त्रुटि में सुधार और शुल्क समायोजन की तारीख बढ़ गई है।

बोर्ड की ओर से कहा गया है कि किसी अभ्यर्थी के आवेदन में अगर कोई त्रुटि हो गई है तो उसे दुरुस्त करने और शुल्क समोजन के लिए 17 से 20 जनवरी तक मौका दिया जाएगा। साथ ही अगर किसी अभ्यर्थी ने अभी तक अपने अभिलेख डिजिलॉकर माध्यम से अपलोड नहीं किया है, वह भी इस तारीख तक कर सकते हैं। पहले इसके लिए 17 और 18 जनवरी की तारीख निर्धारित थी।

पुलिस भर्ती आवेदन

▸▸ वेबसाइट पर ही ऑनलाइन खुद करना होगा संशोधित

▸▸ ई-मेल या पत्र से संशोधन स्वीकार्य नहीं करेगा बोर्ड

पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने कहा है कि उन त्रुटियों को ऑनलाइन ही दुरुस्त किया जा सकेगा। यह कार्य खुद अभ्यर्थी को ही करना होगा। ईमेल, पत्र या अन्य किसी माध्यम से संशोधन को बोर्ड स्वीकार्य नहीं करेगा। सिपाही के बहुप्रतीक्षित 60,244 पदों पर भर्ती के लिए 23 दिसम्बर को नोटिफिशन जारी किया गया था। इसके तहत 24,102 पद सामान्य वर्ग के लिए, जबकि ईडब्ल्यूएस के लिए 6,024, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 16,264, अनुसूचित जाति के लिए 12,650 तथा अनुसूचित जनजाति के लिए 1,204 पद आरक्षित हैं। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। 27 दिसम्बर से ऑनलाइन आवेदन और शुल्क जमा किए जाने की तारीख तय की गई। अंतिम तिथि 16 जनवरी 2024 तथा शुल्क समायोजन और आवेदन में संशोधन के लिए 17-18 जनवरी अंतिम तिथि घोषित की गई थी।

एक नजर

अयोध्या में कांग्रेसियों से अभद्रता पर किया प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. हिलाल अहमद नकवी ने बताया कि मकर संक्रांति के अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव अविनाश पाण्डेय, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधित्व मंडल श्रीरामलला के दर्शन हेतु जनपद अयोध्या गया था, जिस दौरान कांग्रेस के ध्वज प्रचारक अनोखे लाल तिवारी के साथ भाजपा एवं संघ के लोगों द्वारा अभद्रता की गई।

उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के सभी जनपदों में अराजक तत्वों की सद्बुद्धि के लिए कांग्रेसजनों द्वारा बुधवार को गांधी की प्रतिमा के समक्ष राम धुन को गाते हुए शांतिपूर्वक तरीके से विरोध-प्रदर्शन किया गया। उक्त प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, बृजेन्द्र सिंह, कैप्टन वंशीधर मिश्रा, पंकज तिवारी, आलोक सिंह रैकवार, सीमा चौधरी, अमित त्यागी, रुद्र दमन सिंह, तारिक सिद्दीकी, अंशू त्रिपाठी, राजेश जयसवाल, शैलेन्द्र दीक्षित सहित तमाम कांग्रेसजन शामिल रहे।

जल, थल, नभ के रास्ते पर्यटकों को राम नगरी तक लाने की है तैयारी

अयोध्या को दुनिया का सबसे प्रमुख पर्यटन गंतव्य बनाने की योजना

देसी-विदेशी पर्यटकों के लिए चार इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ एयर कनेक्टिविटी के लिहाज से भी उप्र. बना अहम राज्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : धार्मिक पर्यटन स्थली के रूप में विकसित की जा रही अयोध्या में जल, थल, नभ के रास्ते देश-दुनिया के पर्यटकों को लाने की तैयारी है। अयोध्या को दिल्ली और अहमदाबाद से जोड़ने के बाद बुधवार को बेंगलुरू और कोलकाता के साथ जोड़ा गया है। बीते मात्र 17 दिन में अयोध्या को हवाई मार्ग से देश के चारों कोनों से जोड़ दिया गया है। रामलला प्राण प्रतिष्ठा के दिन अयोध्या हवाई अड्डे पर दर्जनों चार्टर्ड उड़ानों के उतरने की उम्मीद है। हवाई मार्ग के अलावा सड़क और जलमार्ग से भी लोगों को लाने की योजना है।

रामनगरी अयोध्या के लिए पश्चिम बंगाल से रवाना हुआ इलेक्ट्रिक संचालित क्रूज व्हीकल कटमरैन 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले अयोध्या पहुंच जाएगा। कोलकाता में इनलैंड वॉटर डेवलपमेंट काउंसिल (आईडब्ल्यूडीसी) की पहली बैठक के बाद ये क्रूज अयोध्या और काशी के लिए रवाना किए गए हैं। वहीं, अंतर्राज्यीय परिवहन को विस्तार देते हुए अयोध्या में पर्यटकों और स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए हाल ही में ई बसों की सुविधा शुरु की गई है। रामपथ पर इसकी सर्वाधिक मांग हो रही है। ऐसे में राज्य सरकार की योजना यहां 500 ई बसें चलाने की है।

अपने सरकारी आवास पर कोलकाता से अयोध्या के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट की वर्चुअल माध्यम से शुरुआत करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व अन्य। अमृत विचार

मुख्यमंत्री ने की कोलकाता से अयोध्या के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट की शुरुआत

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कोलकाता से अयोध्या के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट की शुरुआत की। लखनऊ में अपने सरकारी आवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े योगी ने हरी झंडी दिखाकर इस सेवा को शुरु किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अयोध्या आने वाले समय में देश और दुनिया में पर्यटन गंतव्य के लिए सबसे प्रमुख शहर होने जा रहा है। अयोध्या वैसे भी स्थानीय श्रद्धालुओं की बहुत बड़ी संख्या है, लेकिन पूरे देश में जिस तरह की आतुरता है, उसे देखते हुए श्रद्धालुओं के यहां आवागमन को सुलभ बनाने का दायित्व हमने निभाया है। इसके लिए नागर विमानन मंत्रालय ने जो काम किया है वो सराहनीय है।

योगी के मुताबिक, बीते साढ़े 9 साल के अंदर चार इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ उत्तर प्रदेश एयर कनेक्टिविटी की नजर से एक अहम राज्य हो गया है। योगी ने कहा कि 30 दिसंबर को महर्षि बाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट के एयरपोर्ट के उद्घाटन के साथ ही दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद के साथ वायु सेवा के बाद अब कोलकाता और बेंगलुरू के लिए भी एयर इंडिया एक्सप्रेस की यह वायुसेवा प्रारंभ होने जा रही है। अयोध्या धाम को कोलकाता और बेंगलुरू से वायुसेवा से जोड़ने के इस कार्यक्रम में नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, राज्य मंत्री जनरल डॉ वीके सिंह, अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह, एयर इंडिया के चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर अंकुर गर्ग, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र एवं अपर मुख्य सचिव नागरिक उड्डयन एसपी गोयल समेत एयर इंडिया एक्सप्रेस और अयोध्या के गणमान्य लोग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मौजूद रहे।

साध्वी निरंजन ज्योति की कार लेकर भागने का प्रयास

संवाददाता, लखनऊ/सरोजनीनगर

▸▸ बंथरा थाना क्षेत्र के न्यू प्रधान ढाबा के समीप का मामला

अमृत विचार : बंथरा इलाके में केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति की निजी कार बिना अनुमति ले जाने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। कार में सवार सुरक्षा कर्मियों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। ड्राइवर ने बताया कि कार में केंद्रीय मंत्री नहीं थीं। आरोप लगाया कि आरोपी की मंशा कार चालू कर अगवा करने की ही थी। ड्राइवर की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। बाद में उसे जेल भेज दिया गया।

कानपुर देहात के मूसानगर निवासी चेतराम केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति की निजी कार के ड्राइवर हैं। उन्होंने बताया, मंगलवार को केंद्रीय मंत्री अमौसी एयरपोर्ट आ रहीं थीं। निजी कार से उन्हें एयरपोर्ट रिसीव करने जाना था। सुरक्षा कर्मी के संग तड़के वह घर से लखनऊ के लिए निकले थे। कड़ाके की सर्दी व कोहरा अधिक होने से सुबह करीब 5:30 बजे बंथरा स्थित न्यू प्रधान ढाबा पर गाड़ी खड़ी कर चाय पीने लगे। चेतराम गाड़ी से चाबी निकालना भूल गए थे। अचानक एक युवक ने कार स्टार्ट कर भगाने का प्रयास किया। जिसे अंदर बैठे सुरक्षाकर्मी ने दबोच लिया। चेतराम ने पुलिस को दी तहरीर में केंद्रीय मंत्री को अगवा करने की मंशा से आरोपी द्वारा घटना अंजाम देने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर बंथरा हेमंत कुमार राघव ने बताया कि पूछताछ में आरोपी की पहचान दीपक निवासी मथुरा के रूप में हुई। उसने भूलवश कार में बैठने की बात कही। आरोपी के खिलाफ धारा 447, 504 और 506 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

श्रद्धालुओं को अयोध्या लाने के लिए परिवहन विभाग बनाएगा ग्रीन कॉरिडोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सरकार ने की बड़ी तैयारी, प्रमुख सचिव परिवहन ने की तैयारी की समीक्षा

अमृत विचार : 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रद्धालुओं को अयोध्या लाने के लिए प्रदेश सरकार ने विभिन्न शहरों से ग्रीन कॉरिडोर बनाने का निर्णय लिया है। उप्र. परिवहन निगम की और से ये ग्रीन कॉरिडोर गोरखपुर-अयोध्या, प्रयागराज-अयोध्या, वाराणसी-अयोध्या और लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर बनाया जाएगा। यह निर्णय प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में परिवहन निगम के सभागार कक्ष में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी के संबंध में हुई समीक्षा बैठक में लिया गया।

उन्होंने कहा कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं, यात्रियों को आवागमन में समस्या न हो, इसी के मद्देनजर दो माह के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया है। आवश्यकतानुसार इसे आगे भी बढ़ाया जाएगा। रेलवे से अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आस्था एक्सप्रेसवे का संचालन कर रहा है।

भविष्य में अयोध्या बनेगा देश का सबसे प्रमुख विमान दल : सिंधिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि कहा कि एक दीवाली हमने पिछले वर्ष मनाई थी, दूसरी दीवाली हाल ही में तीन राज्यों के चुनाव नतीजों के समय मनाई गई थी और अब तीसरी दीवाली 22 जनवरी को मनाई जाने वाली है। पूरे विश्व की 800 करोड़ जनता में जितने भी रामभक्त हैं 22 जनवरी उनके जीवन का सबसे स्मरणीय दिन होगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में अयोध्या पूरे भारत का सबसे प्रमुख विमान दल बनेगा। कनेक्टिविटी की बात करें तो योगी ने अयोध्या का कायाकल्प किया है।

आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर बढ़ेंगी टेलीमेडिसिन सुविधाएं

प्रमुख सचिव स्वास्थ्य ने नोडल अफसरों व सीएचओ को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) पर मरीजों को एक जैसी सेवाएं नहीं मिल रही हैं। वाराणसी जैसे कई जिलों में कई आरोग्य मंदिरों में बेहतर काम हो रहा है, वहीं अन्य में मरीजों को कामचलाऊ सुविधाएं मिल रही हैं। यह स्थिति ठीक नहीं हैं, सभी आरोग्य मंदिरों को दुरुस्त होना है, ताकि मरीजों को बेहतर इलाज के साथ ही टेली कंसल्टेशन मिल सके। साथ ही कोशिश करें कि इस साल 50 फीसदी वेलनेस सेंटर्स, नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस) से प्रमाणित हो जाएं।

यह निर्देश बुधवार को परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा निजी होटल में दो दिवसीय कार्यशाला के पहले दिन उद्घाटन अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 10 बिंदुओं पर सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सुविधाएं को लेकर निर्देश दिए। कार्यशाला में एनएचएम की मिशन निदेशक डॉ.पिंकी जोएल बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन के उप निदेशक डॉ. देवेंद्र खंडैत, जपाइगो के डॉ. सोमेश और संजय त्रिपाठी, महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ.शैलेश श्रीवास्तव, डीजी प्रशिक्षण डॉ.नरेंद्र अग्रवाल, जीएम कम्युनिटी प्रोसेस ऊषा गंगवार समेत तमाम अधिकारी मौजूद थे।

कार्यशाला के दौरान एनक्यूएएस अवार्ड दिलवाने में अहम भूमिका निभाने वाली सीएचओ और एएनएम को सम्मानित करते प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन।

आरोग्य मंदिरों का होगा औचक निरीक्षण

पार्थ सारथी सेन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कर्मचारियों की उपस्थिति जांचने को आरोग्य मंदिरों का औचक निरीक्षण करें। साथ ही ध्यान दें कि अगर किसी आयुष्मान मंदिर में बहुत दिनों से दवाएं नहीं मंगाई गईं हैं तो समझिए कि सेंटर सक्रिय नहीं हैं। देखें कि खून की जांचों की सुविधा मिल रही है या नहीं।

सम्मानित हुए सीएचओ व एएनएम

विभिन्न जिलों के 52 आयुष्मान आरोग्य मंदिर को एनक्यूएएस अवार्ड दिलवाने वाले सीएचओ और एएनएम को सम्मानित भी किया।

वर्ग पहेली-316

बाएं से दाएं

1.1. निगोड़ा का स्त्रीवाची रूप 2. एक गाली के रूप में प्रयुक्त।

5.1. बादल, मेघ 2. वह वंशज जो पितरों को जल देकर तृप्त करता है।

8. घरों में पानी भरने वाला और इससे प्राप्त पारिश्रमिक से जीविका चलाने वाला सेवक, पनहरा।

10.1. मुद्राचलन, प्रचलित मुद्रा, सिक्का 2. किसी देश विशेष में प्रचलित मुद्रा या धन व्यवस्था।

11.1. पुराने समय में बच्चों को पहनाई जाने वाली एक प्रकार की टोपी जिसमें चार तनियां या बंद लगे होते थे 2. अंगिया, चोली।

ऊपर से नीचे

2. एक प्रकार की पीली मिट्टी जिसका तिलक प्राय: वैष्णव लोग लगाते हैं।

3. राक्षस, असुर, दानव।

4.1. आंख का एक रोग जिसमें अधिक प्रकाश के कारण आंखें चौंधिया जाती हैं और कभी अंधेरा

6.1. आटे का पतला हलवा, लपटा 2. लेई 3. गाढ़ा तरल पदार्थ।

7.1. समाप्त होना, बाकी न रहना 2. अदा कर दिया जाना।

9.1. (रामायण) कैकेयी के गर्भ से उत्पन्न राजा दशरथ के पुत्र 2. दुष्यंत और शकुंतला का पुत्र भरत जिसके नाम पर इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा 3. एक प्रसिद्ध मुनि जो नाट्यशास्त्र के प्रधान आचार्य माने जाते हैं 4. लवा या भारद्वाज पक्षी।



वर्ग पहेली - 315 का हल

1 धों		2 अ		3 थे
धा	4 अ	नु	रा	ग
5 नि		भ		ली
6 शि	ला	व	त	
		ही		7 म
8 ज्	ञा	न	यो	ग
		ता		ही

सुडोकू -33

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		2		7	5			4
			1			8		
9			3	8		5		6
		6		2			3	
	4		8		1		7	
	5			9		1		
6		1		5	8			9
		7			4			
4			7	3		2		

सुडोकू - 32 का हल

8	7	4	9	5	1	6	3	2
6	5	2	4	3	8	9	1	7
3	9	1	6	7	2	8	4	5
5	1	7	8	4	9	2	6	3
9	8	3	5	2	6	4	7	1
4	2	6	3	1	7	5	8	9
7	4	8	1	9	5	3	2	6
2	6	5	7	8	3	1	9	4
1	3	9	2	6	4	7	5	8

आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 जनवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष,पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-अष्टमी 20.44 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-11.55-12.38 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-10.30-11.13, 14.46-15.29 तक।
दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 19 जनवरी 02.58 तक तत्पश्चात भरणी।

मेष — आज राजनीति से जुड़े लोगों को महत्वपूर्ण कार्यभार मिल सकता है। व्यापार में आपको पार्टनरशिप करनी पड़ सकती है। जीवनसाथी की सलाह आपके लिए काफी लाभप्रद सिद्ध होने वाली है। दिखावे के चक्कर में आपका नुकसान हो सकता है।

वृष — आज व्यवसाय में हुए नुकसान की भरपाई कर सकते हैं। कोई बड़ा कार्य करने से पहले आपको उसकी प्लानिंग अच्छी तरह से कर लेनी चाहिए। अधीनस्थ कर्मचारियों के प्रदर्शन से आप नाखुश रहेंगे। धन की उधारी करने से बचना चाहिए।

मिथुन — आज सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। यदि किसी इंटरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं तो आपको शानदार सफलता मिल सकती है। आपका सामाजिक वर्चस्व बढ़ने की संभावना बन रही है। विदेश में रह रहे अप्रवासियों के लिए दिन शानदार है।

कर्क — आज आपको बोलते समय शब्दों पर नियंत्रण रखना चाहिए। अपनी व्यावसायिक नीतियों में बदलाव ला सकते हैं। आपकी योजना सफल होगी। वैवाहिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। जॉब में आपको मान-सम्मान प्राप्त होगा।

सिंह — आज आपको अपेक्षा के अनुसार व्यवसाय में परिणाम मिलने में कठिनाई होगी। धन संबंधित मामलों को लेकर चिंता हो सकती है। अनजान लोगों को धन उधार देने से बचें। अति आत्मविश्वास के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं।

कन्या — आज उच्च अधिकारी आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ा सकते हैं, लेकिन आप चतुराई से आप अपना काम निकाल लेंगे। कानूनी विवादों के उलझने की संभावना बन रही है। छात्रों को पढ़ाई में काफी ध्यान रखने की आवश्यकता है।

तुला — आज आपके जनसंपर्क का दायरा विस्तृत होगा। घर में मेहमानों की आवाजाही रहेगी। योग और मेडिटेशन को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करें। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। संपत्ति को लेकर रुके हुए प्रोजेक्ट दोबारा शुरू हो सकते हैं।

वृश्चिक — आज गलतफहमी को लेकर रिश्तों में अनबन हो सकती है। भावनाओं में बहकर महत्वपूर्ण बातों को सभी के सामने शेयर न करें। कारोबार को लेकर आपको बड़े बदलाव करने से बचना चाहिए। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है।

धनु — आज सरकारी जॉब कर रहे लोग छुट्टी के लिए विचार कर सकते हैं। पैतृक संपत्ति को लेकर मामले अटकने की संभावना है। स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से बाहर आ सकते हैं। अपने लक्ष्यों को लेकर एकाग्र रहेंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

मकर — आज घर के किसी सदस्य के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। युवाओं को अपने करियर की चिंता रहेगी। किसी दोस्त के घर मिलने जा सकते हैं। सर्वाइकल के दर्द से जूझना पड़ सकता है।

कुंभ — आज व्यवसाय में लाभ तो होगा,लेकिन तनाव भी बढ़ेगा। कानूनी मामलों में लापरवाही न करें। अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिये। आपको अपनी प्रतिष्ठा की काफी चिंता रहेगी। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

मीन — आज आपके द्वारा लिए गए निर्णयों की प्रशंसा होगी। प्रतिद्वंदी आपके सामने कमजोर पड़ेंगे। धार्मिक कार्यों में आप काफी रुचि लेंगे। सीनियर्स से आपको काफी अच्छा सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक जीवन थोड़ा तनावपूर्ण हो सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जमाना दीवाना — सुबह : 11.00
- मेला — रात : 07.00

SONY PIX
- जुमांजी — सुबह : 11.06
- जर्नी 2 — रात : 09.00

SONY SMAX
- क्रिश 3 — सुबह : 10.32
- साला खड़ूस — रात : 09.06

ZEE CINEMA
- प्रोवोक्ड — सुबह : 10.30
- वेलकम बैक — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- भागम भाग — सुबह : 10.00
- द रिटर्न ऑफ रेबल — रात : 07.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- सुनो जी, जब हमारी नई-नई शादी हुई थी। तब मैं खाना बनाकर लाती थी तो तुम खुद कम खाते थे, मुझे ज्यादा खिलाते थे।
पति- तो?
पत्नी- तो अब ऐसा क्यों नहीं करते हो?
पति- क्योंकि अब तुम अच्छा खाना बनाना सीख गई हो।

पत्नी- पूजा किया कीजिए
पति- क्यों ?
पत्नी- बालाएं टल जाती हैं।
पति- तुम्हारे पिता ने तो खूब की होगी तभी तो उनकी टल गई और मेरे पल्ले आ पड़ गई।

जब ढांचे के गुंबद पर बांध दिया था भगवा गमछा...

30 अक्टूबर 1990 में कारसेवकों में शामिल थे युवा कुलदीप

सुरेश दुबे, पूराबाजार, अयोध्या

अमृत विचार : मया ब्लॉक के दामोदरपुर के रहने वाले कुलदीप पांडेय ने मंदिर आन्दोलन के दौरान वह कर दिखाया जो विरले ही कर सकते हैं। महज 17 साल की आयु में ऐसा जज्बा और जुनून था कि कारसेवा के दौरान विवादित ढांचे के तीसरे गुंबद पर चढ़ कर भगवा लहरा दिया था। आज भी वह 90 के दशक को याद कर भाव विभोर हो जाते हैं। बोले - किशोर रहते हुए जो साधना शुरू की थी उसकी परिणित भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे रामलला के रूप में हो रही है।

कारसेवा के दौरान विवादित ढांचे के तीसरे गुंबद पर चढ़ कर लहराया था भगवा

आज भी सहेज कर रखा है चित्र।

▸▸ गोलियों की आवाज सुन झाड़ियों में कूद पड़े थे कुलदीप

कारसेवक कुलदीप पांडेय।

अयोध्या से 20 किलोमीटर दूरी पर स्थित बाकरगंज के दामोदरपुर निवासी कुलदीप पांडेय ने 'अमृत विचार ' को बुधवार को बताया कि आंध्र प्रदेश से 22 कारसेवक महीनों से क्षेत्र में टिके थे। उन्हीं के साथ ही कारसेवा करने गए थे। 30 अक्टूबर 1990 को कारसेवक के दौरान राम जन्मभूमि पर बने ढांचे पर एक-दूसरे के कंधों का सहारा लेकर तीसरी गुंबद पर चढ़े थे। गुम्बद पर लगे चांद को लोहे की रॉड से तोड़ कर निकाल लिया था। चारों ओर धूल का गुबार उड़ रहा था तो लोग उतरने के लिए चिल्ला रहे थे लेकिन वह तब तक नहीं माने जब तक रामनामी गमछा नहीं लपेट दिया। उन्होंने बताया कि इसी दौरान गोली चलने की आवाज सुनाई पड़ी तो दक्षिण तरफ झाड़ियों में कुदकर भाग निकले। कारसेवा के दौरान उनके साथ कोठारी बंधु भी थे। उन्होंने बताया कि विहिप अध्यक्ष अशोक सिंघल के नेतृत्व में मणिराम छावनी से हम लोग निकले थे। आज भव्य मंदिर देख अपार खुशी हो रही है। जीते जी भगवान का मंदिर बनकर तैयार हुआ। ऐसा सपने में सोचता था जो अब साकार हो गया। बताया प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिला तो जरूर जायेंगे।

गांव के लोग बोले कुलदीप ने तो कमाल कर दिया था

गांव के रामसूरत पांडेय, बजरंग पांडेय, महेश चंद और पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक सिंह ने बताया कि हम लोगों के साथ ही कुलदीप कारसेवा के लिए निकले थे। कारसेवा के दौरान यह आगे निकल गए और गुम्बद पर चढ़ गए थे। उन्होंने जो कर दिखाया उसके लिए आज भी गर्व महसूस करते हैं।

अब आस्था की नगरी में गूंज रहा श्रद्धा का अनहद...

दीवारों पर उकेरी गई कलाकृतियां करा रहीं हैं त्रेतायुग का आभास।

नाद के स्वर में चहुंओर बधाइयों के साथ बज रही रामधुन | आराध्य के विराजने की व्याकुलता के बीच दिख रहा उल्लास और उत्साह

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : आराध्य की अयोध्या..., मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की अयोध्या... 500 वर्षों की प्रतीक्षा सहज भाव से पूरी हुई लेकिन अब... व्याकुलता चरम पर है। एक - एक पल काटना भारी पड़ रहा है। संपूर्ण विश्व को 22 जनवरी का इंतजार, सरयू की हर लहर तक व्याकुल। इन सबके बीच गूंज रहा आस्था की नगरी में श्रद्धा का अनहद। चहुंओर लहराती केसरिया पताकाएं। जय श्री राम की गूंज। चारों दिशाओं से अयोध्या धाम में प्रवेश करने वाले यह उत्सव और उल्लास देख न केवल ठिठक जा रहे हैं वरन अलौकिक आभा से अभिभूत हो रहे हैं।

राम आ रहे हैं, अयोध्या अब आतुर है अपने रामलला के लिए, देश ही नहीं विदेशों से लोग जन्मभूमि की धरा पर पहुंच रहे हैं। राम को निहारने और उनकी अगवानी के लिए। ऐसा लग रहा है मानों जड़वत अहिल्या का फिर उद्धार होने जा रहा हो। सरयू घाट पर उगते सूरज और ढलती सांझ दोनों अब ऐसी सुहानी लगने लगी है जैसे नवयुग का प्रारम्भ हो रहा हो। रामराज्य की परिकल्पना अब केवल कल्पना नहीं साकार रुप लेती दिखाई दे रही। गाइडों से रामपथ, धर्मपथ और भक्तिपथ जैसे उच्चारण सुन यहां आने वाले आश्चर्य से भर जाते हैं। सहादतगंज से आए या नाका से या फिर बाईपास के रास्ते, लहराती केसरिया पताकाएं ऐसा आभास करा रही मानों राम फिर वनवास से राज्याभिषेक के लिए आ रहे हों। रामलला के दर्शनों के लिए नित्य हजारों की संख्या में लोग विभिन्न प्रांतों से पहुंच रहे हैं। दो दिन पहले ही श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने बताया था कि रोज करीब 35 हजार श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर रहे हैं। यह दीगर बात है कि प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर 20 और 21 जनवरी को दर्शन बंद करने की बात कही है।

यहां महाराष्ट्र नासिक से बुधवार को आए सेवानिवृत्त रेलकर्मी अशोक गुलाटे ने बताया कि वह दो दिन पूर्व यहां आए। प्रभु का दुर्लभ दर्शन कर लिए। अब वापस जाकर 26 जनवरी के बाद परिवार के साथ फिर आएंगे। तुलसी उद्यान में उज्जैन के नवीन जिंदल मिले, बोले यहां बरसों राम लला टैंट में रहे। अब भव्य मंदिर बन गया है तो त्रेतायुग का आरम्भ ही मानिए। हनुमानगढ़ी पर परिवार के साथ दर्शन के लिए पहुंचे रामकृष्ण पांडेय ने कहा कि प्रभु के स्वागत की ऐसी तैयारी तो त्रेता युग में भी नहीं हुई होगी। कहा कि सब हनुमंत लला का प्रताप है कि रघुवंशमणि 22 जनवरी को पधार रहे हैं।

भाव-विभोर कर रहा है ट्रस्ट द्वारा जारी ' हम सब यहीं हैं' का चित्र

उत्सव के बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से जारी अयोध्या में अभिनंदन है - हम सब यहीं है चित्र सबको भाव-विभोर कर रहा है। अयोध्या धाम में विभिन्न स्थानों पर इसे प्रदर्शित किया गया है। इसमें गोलोकवासी पूज्य देवरहा बाबा जी महाराज, हनुमानगढ़ी के महंत अभिरामदास, श्री स्वामी शतानंद महराज, स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी महराज, स्वामी शिवरामाचार्य जी महाराज समेत कुल नौ विभूतियों के चित्र के साथ लिखा हम सब यहीं हैं। विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि इन विशिष्ट विभूतियों के आशीर्वाद से ही आज यह दिन आया है। ट्रस्ट की ओर से इनके प्रति श्रद्धा निवेदित की गई है।

रामनगरी में महिलाओं ने निकाली 'जल कलश यात्रा'

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से पहले बुधवार को महिलाओं ने 'जल कलश यात्रा' निकाली। यात्रा में करीब पांच सौ महिलाएं शामिल रहीं। रामनगरी में महिलाओं ने बुधवार सुबह सरयू तट से यात्रा का शुभारंभ किया। श्रीराम की पताका फहराते सिर पर कलश में भरा मां सरयू का जल लेकर महिलाएं राम धुन पर झूमते व राम की जयकार करते निकलीं। यात्रा महापौर गिरीश पति त्रिपाठी के संयोजकत्व में निकाली गई। इसका नेतृत्व महापौर की धर्मपत्नी रामलक्ष्मी त्रिपाठी ने किया। यात्रा में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की धर्मपत्नी नम्रता पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह समेत करीब पांच सौ महिलाएं शामिल रहीं।

रामलला जिन-जिन मार्गों से गुजरे, खाली हो गए रास्ते

परिसर में विग्रह के प्रवेश कराने से पहले ड्रोन से कराई गई निगरानी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामसेवकपुरम से जन्मभूमि तक श्रीरामलला के पांच वर्षीय बाल रूपी नूतन विग्रह को लाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस दौरान विग्रह जिन-जिन मार्गों से गुजरा उन मार्गों को पुलिस ने पूरी तरह खाली करा दिया गया। दुकानों के आगे मोटे-मोटे रस्से से एक लाइन खींचकर पुलिस कर्मी तैनात कर दिए गए। संदिग्धों पर नजर रखने के लिए सादी वर्दी में पुलिस के जवान तैनात किए गए थे। उधर, जन्मभूमि परिसर में भी घंटों ड्रोन से निगरानी कराई गई।

▸▸ डीसीएम के आगे-पीछे एटीएस के दस्ते

▸▸ मंडलायुक्त, आईजी समेत जिले के पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी भी रहे शामिल

भव्य राम मंदिर में रामलला का नूतन विग्रह ले जाते समय धर्मपथ को पूरी तरह खाली करा लिया गया।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ धर्मपथ से ले जाया गया नूतन विग्रह।

अयोध्या धाम में बुधवार शाम सात बजे के लगभग सारी दुकानों के सामने मोटे-मोटे रस्से लगा दिए गए। पुलिस फोर्स हरकत में आ गई। रास्ता खाली कराया जाने लगा। सड़क किनारे खड़ी सभी गाड़ियों को जल्द से जल्द हटाया जाने लगा। भक्ति पथ की सड़कों से दर्शनार्थियों को हटाया जाने लगा। किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था। क्या हो गया। लगभग 7 :30 बजे एक डीसीएम सुरक्षा के घेरे में आगे बढ़ते हुए दिखाई दी। सबसे आगे एक सफेद गाड़ी में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय थे। इसके पीछे सुरक्षा दस्ता, उसके पीछे डीसीएम, इसके पीछे मंडलायुक्त गौरव दयाल और पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार के वाहन और उसके बाद फिर भारी संख्या में पुलिस बल था। डीसीएम के आगे-पीछे और साथ में एटीएस के कमांडो भी चल रहे थे। ये नजारा देख कुछ लोगों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाने शुरू कर दिए। जैसे ही लोगों को पता चला कि डीसीएम में रामलला का विग्रह जन्मभूमि जा रहा है तो खुद-ब खुद रास्ते खाली करते चले गए। उल्लास में लोगों ने गगनभेदी जय श्रीराम के जयकारे भी लगाए। रामलला का विग्रह मंदिर परिसर में पहुंचते ही लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई।

धर्मपथ की खूबसूरती में चार चांद लगाएंगी कोलकाता की घास

▸▸ 1400 मीटर में बिछाने को आईं 70 हजार स्क्वायर फीट घास

▸▸ लगाए जा रहे बोगनबेलिया के तीन हजार व टाबेबिया रोजिया के तीन सौ पौधे

डिवाइडर पर घास बिछाते वन विभाग के कर्मचारी।

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामनगरी आने वाले श्रद्धालुओं को अयोध्या में त्रेता युग की झलक दिखाई पड़ेगी। इसके लिए सभी प्रवेश मार्गों को सजाया और संवारा जा रहा है। खास तौर पर धर्मपथ की खूबसूरती और आकर्षक बढ़ाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। अब धर्मपथ के चौड़े-चौड़े डिवाइडर पर कोलकाता से आई घास लगाई जा रही है। 1400 मीटर में घास लगाने के लिए 70 हजार स्क्वायर फीट घास मंगाई गई है। इसके अलावा सफेद, गुलाबी और बैगनी रंग के फूलों वाले बोगनबेलिया व टाबेबिया रोजिया के पौधे भी लगाए जा रहे हैं।

साकेत पेट्रोल पंप के निकट धर्मपथ पथ के प्रवेश द्वार पर सूर्य देव की अद्भुत प्रतिमाएं लगाई गई हैं। इसके अलावा पथ पर लगे आकर्षक स्तंभ व भित्ती चित्र उसकी शोभा बढ़ा रहे हैं। अब पथ पर हरियाली बढ़ाने के लिए वन व उद्यान विभाग की टीम ने कार्य शुरू कर दिया है। दो मीटर चौड़े डिवाइडर के दोनों किनारों पर बोगनबेलिया के तीन हजार पौधे लगाए जा रहे हैं। 90-90 सेमी. पर लग रहे तीन किस्म के इन पौधों में अलग-अलग रंगों के फूल निकलेंगे। इसके अलावा बीच में टाबेबिया रोजिया के तीन सौ पौधे लगाए जा रहे हैं। यह पांच-पांच मीटर की दूरी पर लगाए जा रहे हैं। यह 60 फीट तक बढ़ सकते हैं। देखने में सुलभ होने के साथ ही छायादार भी होंगे। मया रेंज के रेंजर अरुण कुमार मौर्य ने बुधवार को बताया कि पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड भी लगाए जा रहे हैं। विभाग के 50 से भी अधिक कर्मी लगाए गए हैं। 19 जनवरी तक कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

22 के बाद जन्मभूमि पथ पर शुरू होगा काम

श्रीराम जन्मभूमि पथ पर भी हरियाली बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए वन विभाग की ओर से व्यापक योजना बनाई गई है। 22 जनवरी के बाद से जन्मभूमि पथ पर पौधे लगाने का कार्य किया जाएगा।

रामप्यारी ने अर्पित किया था रामलला को पान का बीड़ा

अंकित सेन, अयोध्या

अमृत विचार : राम मंदिर के इतिहास ने बहुत कुछ बदलाव देखा है। बीते दशकों में इतिहास ही नहीं बदला बल्कि भूगोल भी बदल गया है, हालांकि नहीं बदली हैं तो कई पुरानी रवायतें। चार दशक पूर्व रामजन्मभूमि परिसर के पास पान की दुकान चला अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाली रामप्यारी देवी ने रामलला के प्रति आस्था में भोग के लिए पान का बीड़ा दिया था। अब उन्हीं के परिवार की तीसरी पीढ़ी को प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 551 बीड़ा पान का ऑर्डर दिया है। वहीं परिवार ने अपनी आस्था से 501 बीड़ा पान भेंट करने की तैयारी की है।

पान व्यावसायी दीपक कुमार चौरसिया ने बुधवार को बताया कि लगभग 16 वर्ष तक रामजन्मभूमि परिसर स्थित उनकी दुकान से यह पान का बीड़ा रामलला के राग-भोग के लिए जाता रहा है। सन् 1999 में दुकान भले ही परिसर से हटकर हनुमानगढ़ी के पास आ गई। उसके बाद भी परिवार पान का बीड़ा तैयार कर दे रहा है। उन्होंने बताया कि उनकी दादी रामप्यारी देवी ने ही रामलला के राग-भोग के लिए पान का पहला बीड़ा अर्पित किया था। उसके बाद रामलला की सेवा का मौका हमारे ही परिवार को ही मिल रहा है। दादी के बाद यह काम हमारे पिता स्व. अमरीष प्रसाद चौरसिया करते थे और अब हम लोग कर रहे हैं। हम सौभाग्यशाली हैं कि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए ट्रस्ट की ओर से हमें ही 551 पान का बीड़ा तैयार करने का अवसर मिला है। कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के लिए हम अपनी आस्था से 501 पान का बीड़ा रामलला की सेवा में भेंट करेंगे। इससे पहले भूमिपूजन के दौरान भी रामलला के राग-भोग के लिए 151 पान का बीड़ा तैयार किया गया था।

अब तीसरी पीढ़ी भेंट करेगी 501 बीड़ा पान

हनुमानगढ़ी के पास है दीपक चौरसिया की पान की दुकान।

हनुमानगढ़ी सहित प्रमुख मठ-मंदिरों में जाता है पान का बीड़ा

दीपक कुमार चौरसिया ने बताया कि राग-भोग के लिए केवल जन्मभूमि ही नहीं बल्कि अन्य प्रमुख मठ-मंदिरों में भी उन्हीं की दुकान से पान का बीड़ा जाता है। उन्होंने बताया कि दशरथ महल, हनुमानगढ़ी, कनक भवन, मानस भवन, छोटी देवकाली व सीता रसोई सभी जगह हमारा ही पान जाता है।

यह होगी पान की खासियत

रामलला के राग-भोग के लिए लगने वाला पान का बीड़ा बहुत ही विशेष होगा। पान व्यवसायी का कहना है कि बनारसी पत्ते के पान का मीठा बीड़ा तैयार होगा। पान में इस्तेमाल की जाने वाली सारी सामग्री विशेष तौर पर वाराणसी से मंगाई गई है। पान में गुलकंद, इत्र, गुलाबजल सहित चांदी का वर्क लगाया जाएगा। यह सभी 551 पान एक दिन में ही तैयार हो जाएंगे।

अयोध्या कैंट स्टेशन पर पार्सल यातायात पर अस्थाई प्रतिबंध

अयोध्या। अमृत विचार: सुरक्षा इंतजामों और भीड़भाड़ प्रबंधन के मद्देनजर अयोध्या छावनी स्टेशन पर 20 से 31 जनवरी तक सभी प्रकार के पार्सल आवागमन (लीज सहित) पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पार्सल गोदाम और प्लेटफॉर्म पार्सल पैकेजों/पैकिंग से मुक्त रहेंगे। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि अयोध्या कैंट से सभी स्टेशनों पर दिनांक 18 से 31 जनवरी तक एसएलआर, एजीसी व वीपीएस सहित सभी इनवर्ड और आउटवर्ड यातायात प्रतिबंधित रहेगा।

प्राण प्रतिष्ठा : संतों और पदाधिकारियों का आगमन शुरू

अयोध्या, अमृत विचार : प्राण-प्रतिष्ठा समारोह और इसके मद्देनजर रामनगरी में आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत के लिए मकर संक्रांति पर्व संपन्न होने के बाद संत-धर्माचार्यों और व्यवस्था में लगाए गए विश्व हिन्दू परिषद समेत विभिन्न आनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारियों ने डेरा डालना शुरू कर दिया है। इसको लेकर ट्रस्ट और विहिप की ओर से भोजन, आवास, परिवहन, स्वास्थ्य समेत अन्य व्यवस्थाओं के प्रभारी और उनकी टीम सक्रिय हो गई है। समारोह से लेकर विभिन्न गतिविधियों को सकुशल संपन्न कराने के लिए श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने विश्व हिन्दू परिषद और पुलिस-प्रशासन से समन्वय कर व्यापक योजना बनाई है। व्यवस्था का जिम्मा प्रमुख रूप से विश्व हिन्दू परिषद को दिया गया है। पल-पल की निगरानी और समीक्षा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी कर रहे हैं। साधु-संतों के लिए विशेष रूप से मणि पर्वत के बगल बनवाई गई टीन शेड सिटी और चिन्हित विभिन्न मठ-मंदिर 26 आबाद होने लगे है। विहिप के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में व्यवस्था के निमित्त दो दर्जन से ज्यादा विभाग का गठन किया गया है और सभी को अलग-अलग व्यवस्था का जिम्मा सौंपा गया है। प्रभारियों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें कर व्यवस्थाओं का सुचारु ढंग से अनुपालन कराया जा रहा है।

प्राण प्रतिष्ठा देखने किष्किंधा से बालरूप में पहुंचे हनुमानजी

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से पहले जन्मस्थली किष्किंधा से हनुमानजी रामनगरी पहुंच गए हैं। राम की पैड़ी पर उनके 21 फीट लंबे रथ के स्वागत के लिए रेड कारपेट बिछाई गई हैं। सुनहरे रंग के रथ में छह द्वार हैं। रथ को देखने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लग गया। श्री हनुमद् जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीश्रीश्री गोविंदानंद सरस्वती महाराज ने बताया कि रथ में हनुमानजी बाल रूप में हैं और वह यह देखने आए हैं कि समारोह में चल रहीं तैयारियों में कोई कसर तो नहीं है। कहा कि कर्नाटक के कोप्पल विजयनगर जिले में स्थित किष्किंधा हनुमान जी की जन्म स्थली है। वहां पर भी मंदिर बनाने के लिए शिला पूजन हो गया है। वहां भी बालरूप में ही हनुमान जी की मूर्ति स्थापित कराई जाएगी। उनके साथ माता अंजनी भी रहेंगी। इसके अलावा रथ के मुख्य द्वार में हनुमानजी, माता सीता और राम-लक्ष्मण की अष्टधातु की मूर्तियां भी हैं। यह रथ 12 वर्षों से धार्मिक स्थलों पर यात्रा कर रहा है। यहां समारोह के बाद सरयू का जल लेकर 25 जनवरी को रथ सीतामढ़ी को रवाना होगा। वहां हनुमानजी माता सीता का आशीर्वाद लेंगे और उसके बाद किष्किंधा में उनकी जन्मस्थली पर मंदिर निर्माण शुरू कराया जाएगा।

▸▸ 21 फीट लंबे रथ पर पहुंचे रामनगरी, सरयू जल लेकर यहां से जाएंगे

इतिहास के झरोखे से : मंदिर आंदोलन में बनी थी सेना, तैनात हुए थे सेनापति

प्रमोद पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार : राममंदिर आंदोलन का इतिहास तमाम उतार-चढ़ाव और पड़ाव का गवाह रहा है। जिसका महत्वपूर्ण पड़ाव ढांचा ध्वंस अर्थात 1992 की कारसेवा है। घोषणा के बाद से ही देश के विभिन्न प्रांतों से कारसेवकों का हुजूम अयोध्या पहुंचने लगा था। एक तरफ आंदोलन परवान चढ़ रहा था तो आंदोलन के नीति-निर्धारक नित नए-नए संगठन के गठन में जुटे थे। इसी दौरान महिलाओं की दुर्गा वाहिनी और युवकों की सेना भी गठित हुई थी।

सेना की कमान विहिप कार्यकर्ता के पुत्र उस समय साकेत कॉलेज के छात्र और बाद में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से छात्र संघ के पदाधिकारी बने मृदुल शुक्ल को सौंपी गई थी। नयाघाट स्थित मणिरामदास छावनी से शोभायात्रा निकाल क्षीरेश्वरनाथ पर इन सैनिकों और कमांडर को सकंल्प भी दिलाया गया था। बाद में इसी सेना ने वर्ष 1994 में जब प्रदेश की तत्कालीन समाजवादी पार्टी की सरकार ने अयोध्या में मक्का खुर्द के निर्माण की कोशिश शुरू की तो इस्लामीकरण विरोधी सेना के कमांडर मृदुल शुक्ला वर्ष 1994 से 97 तक तीन वर्षों तक मंदिर और सनातन की नगरी के विरोधियों को ललकारने का कार्य किया। इस सेना की ओर से नगरी की गलियों में प्रतिदिन शोभायात्रा निकाली और शंखनाद किया। तत्कालीन सरकार को पैर पीछे खींचने पर मजबूर कर दिया। सेना का गठन उस समय आंदोलन और विहिप का कार्य देख रहे चंपत राय, महेश नारायण, अवध नारायण सिंह, चंद्र प्रकाश, अशोक सिंघल, महंत अवैद्यनाथ, महंत परमहंस दास, महंत राम विलास दास वेदांती से विचार-विमर्श कर किया गया था। साकेत छात्रनेता जटाशंकर सिंह, राणा विजेंद्र बहादुर सिंह को भी पद सौंपा गया था।

सेना के कमांडर रहे वर्तमान में पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. मृदुल शुक्ल का कहना है कि श्री राम जन्मभूमि न्यास के तत्कालीन अध्यक्ष परमहंस रामचंद्र दास, महंत नृत्य गोपाल दास, राम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति के अध्यक्ष गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ, तत्कालीन विधायक लल्लू सिंह के नेतृत्व में अयोध्या की धरती से सेना ने ललकारा है, "खून बहेगा सडको पर" के नारे के बीच निकली शोभायात्रा में युवा तरुणाई के साथ संतों व रामभक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा था। दिगंबर अखाड़ा में संकल्प यज्ञ भी आयोजित हुआ था जिसमें राम जन्मभूमि के प्रस्तावित मॉडल का पूजन हुआ। बाबा अवधेश शुक्ला और अन्य की ओर से पांच बार हनुमान चालीसा का पाठ कराया जाता था। राष्ट्रधर्म पत्रिका के अक्टूबर 1994 में प्रकाशित लेख में परमहंस रामचंद्र दास ने सेना के निर्माण के उद्देश्य के बारे में कहा था कि अयोध्या की शास्त्रीय सीमा के भीतर इस्लामीकरण को रोकना इस संगठन का मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए 84 कोसी परिक्रमा पर पड़ने वाले सभी पड़ाव पर एक दिवसीय संकल्प यज्ञ करवाया गया तथा सीमा रक्षक चौकिया भी बनाई गई। दिल्ली के तत्कालीन सांसद बैकुण्ठ लाल शर्मा प्रेमजी ने एक कार्यक्रम में ललकारते हुए कहा था कि आक्रमणकारी ही हिंदू राष्ट्र की सभी समस्याओं की जड़ रहे हैं।

सेना के जवानों को संबोधित करते मृदुल (फ़ाइल फोटो)

क्षीरेश्वरनाथ पर सैनिकों ने लिया था संकल्प

अब विज्ञान के प्रचार-प्रसार में जुटे

छात्रसंघ की राजनीति के साथ मंदिर आंदोलन में सक्रिय भूमिका के बाद अब और डॉ. मृदुल विज्ञान के प्रचार-प्रसार में जुटे हैं। विज्ञान भारती अवध प्रान्त के पूर्व सचिव, विज्ञान भारती एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया (विभा वाणी) के प्रदेश चीफ कोऑर्डिनेटर रहे और अब जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से गांव-गांव जाकर लोगों को सरल हिंदी भाषा में विज्ञान को समझाने की कवायद में जुटे हैं। युवा वैज्ञानिक समेत कई पुरस्कार हासिल सीएसआईआर-एनबीआरआई, लखनऊ मे वैज्ञानिक के पद पर तैनात डॉ. शुक्ल ने पेड़ पौधों द्वारा गंगा नदी प्रदूषण का प्रबंधन पुस्तक लिखी है।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 1000 फ्लैग 1115 डीएमओ 815 बोल्ड 1150, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1175 डीएमओ 905।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)–

गेहूंदड़ा	2525–2550
आरआर 21	2700–2750
गेहूंफ़ारम	2800–2850
जौ	2000 –2100
ज्वार	2600 –4000
बाजरा	2125–2175
मकाई	2000 –2200

दलहन (प्रति क्वि.)

लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5200 –5400
अरहर	7500 –8000
मसूर	5500 –5600
मटर	4400 –4500
उड़दहरा	10000 –10200
उड़दकाला	6000 –8000
मूंग	8500 –8800

दाल (प्रति क्वि.)

अरहरफूल	14100–14300
अरहरस्पेशल1	12000–12200
चनादाल	6750–6850
मटरदाल	5450–5500
मसूरमलका	7000–7100
मसूरदाल	7000–7100
उड़ददाल	9000– 12000
उड़द धोवा	10500– 13000
मूँगदाल	8800 –10300
मूँग धोवा	9800–11500

चावल (प्रति क्वि.)

अरवा	2000 – 2300
बासमती नं.1	8500 – 10000
सेला	2500 – 3000
बासमती नं.2	6500 – 7500

आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.)

आटा	1490–1550
मैदा	1475–1520
सूजी	1500–1550

चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)

शाहपसंद	1430–1475

तिलहन (प्रति क्वि.)

लाही	5050–5100
अलसी	4500 –4600 रुपये।

अमीर किसानों पर आयकर लगाने के बारे में सोच सकती है सरकार: आशिमा

मौद्रिक नीति समिति की सदस्य बोलीं-कराधान ढांचे में निष्पक्षता लाने के लिए है जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने कहा है कि गरीब किसानों के खातों में पैसे भेजकर उनकी देखभाल करने के बाद सरकार कराधान ढांचे में 'निष्पक्षता' लाने के लिए अमीर किसानों पर आयकर लगाने के बारे में सोच सकती है। यह कदम किसानों के हित में लिए जाने के विषय में ही है।

गोयल ने कहा-किसानों को सरकार से धन का हस्तांतरण एक नकारात्मक आयकर की तरह है। इसके साथ ही अमीर किसानों के लिए एक सकारात्मक आयकर लागू किया जा सकता है जो कम कर-दरों और न्यूनतम छूट वाली डेटा-समृद्ध प्रणाली की तरफ बढ़ने का हिस्सा है।'' उन्होंने भारत में कृषि आय पर कर लगाए जाने के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। प्रख्यात अर्थशास्त्री ने आर्थिक वृद्धि के लिहाज से गठबंधन सरकारों या एक-दलीय शासन में से बेहतर प्रदर्शन के बारे में पूछे जाने पर कहा-वृद्धि दर कई चीजों पर निर्भर करती है, लेकिन किसी सरकार के आकलन में देखना होता है कि उन्हें विरासत में किस तरह की वृद्धि दर मिली और वह देश के लिए क्या छोड़कर गई। कहा-गठबंधन सरकारों को आम सहमति बनाने की दिशा में काम करना होता है जो एक अच्छी बात है।

आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में 7% रहने का अनुमान

दावोस। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अगले वित्त वर्ष 2024–25 में 7 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। साथ ही महंगाई में नरमी जारी रहने की उम्मीद है। दास ने कहा कि हाल के वर्षों में सरकार ने जो संरचनात्मक सुधार किए, उनसे भारतीय अर्थव्यवस्था की मध्यम, दीर्घकालिक वृद्धि संभावनाओं को बल मिला। चुनौतीपूर्ण वैश्विक व्यापक आर्थिक माहौल के बीच, भारत वृद्धि और स्थिरता की मिसाल पेश कर रहा है। उन्होंने विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के दौरान 'उच्च वृद्धि, कम जोखिम: भारत की कहानी' विषय पर आयोजित सीआईआई सत्र में कहा कि वैश्विक आर्थिक मोर्चे पर मुद्रास्फीति में गिरावट हुई है, लेकिन वृद्धि दर कम बनी हुई है। दास ने कहा कि बाजारों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है, हालांकि अंतरराष्ट्रीय जोखिम और जलवायु जोखिम बने हुए हैं।

किसान संगठनों का 16 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल का आह्वान

नई दिल्ली। श्रमिक संगठनों और किसान संगठनों के एक संयुक्त मंच ने केंद्र सरकार की 'मजदूर, किसान एवं देश-विरोधी नीतियों के खिलाफ' 16 फरवरी को देशव्यापी आम हड़ताल और 'ग्रामीण बंद' का आह्वान किया है। संयुक्त मंच फसलों के उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), श्रमिकों को 26,000 रुपये की न्यूनतम मासिक मजदूरी, चार श्रम संहिताओं को निरस्त करने, आईपीसी एवं सीआरपीसी में किए गए संशोधनों को निरस्त करने और रोजगार गारंटी को मौलिक अधिकार बनाने की मांग कर रहा है। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) और केंद्रीय श्रम संगठनों (सीटीयू) एवं महासंघों के मंच ने एक संयुक्त बयान में इन मांगों को लेकर 16 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल और ग्रामीण बंद बुलाने का आह्वान किया है।

यूपीआई भुगतान के सीमापार विस्तार के लिए गूगल पे ने किया करार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **भारतीय यात्री अब अन्य देशों में भी कर सकेंगे भुगतान**



गूगल इंडिया डिजिटल सर्विसेज और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने यूपीआई भुगतान का भारत के बाहर विस्तार करने के लिए एक समझौता किया है। समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत भारतीय यात्री अब अन्य देशों में गूगल पे के माध्यम से भुगतान कर सकेंगे। इस सुविधा से नकदी ले जाने या अंतर्राष्ट्रीय भुगतान गेटवे का सहारा लेने की जरूरत खत्म हो जाएगी।

गूगल पे ने बयान में कहा-एमओयू के तीन प्रमुख उद्देश्य हैं। सबसे पहले, यह भारत के बाहर यात्रियों के लिए यूपीआई भुगतान के उपयोग को व्यापक बनाना चाहता है, जिससे वे विदेश में आसानी से लेनदेन कर सकें। दूसरा, एमओयू का उद्देश्य अन्य देशों में यूपीआई जैसी डिजिटल भुगतान प्रणाली स्थापित करने में सहायता करना है, जो निर्बाध वित्तीय लेनदेन के लिए एक मॉडल प्रदान करेगा। अंत में, यह यूपीआई बुनियादी ढांचे का उपयोग करके देशों के बीच प्रेषण की प्रक्रिया को आसान बनाने पर ध्यान केंद्रित करता है, जिससे सीमापार वित्तीय लेनदेन सरल हो जाता है।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,250
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,875
गिन्नी (प्रति नग)	47,550–47,750

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,750
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,600
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,500
चांदी तैयार	73,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	63,400
सोना जेवरात गिन्नी	62,400
चांदी पक्की	729 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	63,650
चांदी आभूषण	73,250।

अब अडाणी समूह के पास आईएएनएस का पूर्ण नियंत्रण

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **समूह ने समाचार एजेंसी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा ली**

अरबपति उद्योगपति गौतम अडाणी के समूह ने मीडिया क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत करते हुए समाचार एजेंसी आईएएनएस इंडिया प्राइवेट लि. का पूर्ण नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है। अडाणी समूह ने आईएएनएस में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा ली है। समूह की ओर से शेयर बाजारों को भेजी गई सूचना के अनुसार, अडाणी समूह ने पिछले महीने आईएएनएस में 50.50 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी थी।

अब इस समाचार एजेंसी में समूह की हिस्सेदारी मतदान अधिकार के साथ 76 प्रतिशत हो गई है। वहीं बिना मतदान अधिकार के उसकी हिस्सेदारी 99.26 प्रतिशत हो गई है। समूह ने इस सौदे पर पांच करोड़ रुपये खर्च किए हैं। समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लि. ने कहा, 15 दिसंबर, 2023 की हमारी पिछली सूचना के क्रम में हम सूचित करना चाहेंगे कि कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी एएमजी मीडिया नेटवर्क्स लिमिटेड ने आईएएनएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा ली है।

सोने में 400 रुपये और चांदी में 600 रुपये की आई गिरावट

नई दिल्ली। कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 400 रुपये की गिरावट के साथ 63,050 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 600 रुपये के गिरावट के साथ 75,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। वैश्विक बाजारों में सोना गिरावट के साथ 2,024 डॉलर प्रति औंस जबकि चांदी का भाव भी नुकसान के साथ 22.70 डॉलर प्रति औंस पर रहा।

पीएलआई योजनाओं के तहत 4,415 करोड़ का वितरण

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **अधिकारी ने चालू वित्त वर्ष में अक्टूबर माह तक के बारे में किया खुलासा**

सरकार ने चालू वित्त वर्ष में अक्टूबर तक आठ क्षेत्रों को उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के तहत 4,415 करोड़ रुपये वितरित किए हैं। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में पीएलआई योजनाओं के तहत 2,900 करोड़ रुपये का वितरण किया गया था। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के अतिरिक्त सचिव राजीव सिंह ठाकुर ने यहां संवाददाताओं से कहा-इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, आईटी हार्डवेयर, थोक दवाएं, चिकित्सा उपकरण, फार्मास्युटिकल्स, दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पाद, खाद्य प्रसंस्करण और ड्रोन और ड्रोन कलपुर्जों सहित आठ क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजनाओं के तहत लगभग 4,415 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की गई है। सरकार ने 2021 में दूरसंचार, बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद, कपड़ा, चिकित्सा उपकरणों के विनिर्माण, वाहन, विशेष इस्पात, खाद्य उत्पाद, उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल, उन्नत रसायन विज्ञान सेल बैटरी, ड्रोन और फार्मा जैसे 14 क्षेत्रों के लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ पीएलआई योजनाओं की घोषणा की थी।

कर्नाटक ने 7 कंपनियों के साथ किया समझौता

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की दावोस में चल रही वार्षिक बैठक के दौरान सात कंपनियों के साथ 22,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को लेकर समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। कर्नाटक के बड़े और मझोले उद्योग तथा अवसंरचना विकास मंत्री एम बी पाटिल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मंगलवार को इन एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।

राष्ट्रीय

एक नजर

पांच लोगों की कार के खड्ड में गिरने से मौत

शिमला। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में रोड शो में शामिल होने जा रहे पांच लोगों की बुधवार को उस समय मौत हो गई जब उनकी कार 600 मीटर गहरे खड्ड में गिर गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा जिला मुख्यालय रिकांगपिओ से करीब पांच किलोमीटर दूर शिलटी रोड पर हुआ। पुलिस के मुताबिक अब तक दो शवों को बरामद कर लिया गया है और कार एवं अन्य शवों को खड्ड से निकालने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उसने बताया कि मृतकों की पहचान किन्नौर जिला निवासी अरुण सिंह, अभिषेक, उपेंद्र, तनुज कुमार और समीर के तौर पर की गई है।

हत्यारोपी निहंग को भेजा गया पुलिस रिमांड पर

फगवाड़ा (पंजाब)। यहां एक गुरुद्वारा परिसर में एक युवक की हत्या करने के आरोपी सिखों के निहंग संप्रदाय के एक व्यक्ति को स्थानीय अदालत ने बुधवार को एक सप्ताह के लिए पुलिस रिमांड पर भेज दिया। घटना के बाद निहंग रमनदीप सिंह ने दावा किया कि अज्ञात पीड़ित ऐतिहासिक गुरुद्वारा छेवीं पादशाही चौरा खूह में बेअदबी के कृत्य को अंजाम देने आया था। युवक के शव की अब तक किसी ने भी शिनाख्त नहीं की है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गुरुद्वारे में बेअदबी की कोई घटना नहीं हुई।

भारत ने कई विकसित देशों को पीछे छोड़ा: मोदी

प्रधानमंत्री ने केरल में 4,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया

कोच्चि, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि 10 वर्ष पहले तक जहाजों को बंदरगाहों पर काफी लंबा इंतजार करना पड़ता था और सामान उतारने में बहुत लंबा समय लगता था लेकिन आज स्थिति बदल गई है और जहाज 'टर्नअराउंड' समय के मामले में भारत ने कई विकसित देशों को पीछे छोड़ दिया है। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में प्रमुख रणनीतिक पहलों सहित 4,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने यह टिप्पणी की।

उन्होंने कहा कि इनसे देश के दक्षिणी क्षेत्र के विकास को गति देने में मदद मिलेगी। मोदी ने भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे के संबंध में किए गए समझौतों पर प्रकाश डालते हुए कहा-दुनिया वैश्विक व्यापार में भारत की क्षमता और स्थिति को पहचान रही है। उन्होंने कहा कि यह गलियारा भारत की तटीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देकर विकसित भारत के निर्माण को और मजबूत बनाएगा। अतीत को याद करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा-10 वर्ष पहले तक जहाजों को बंदरगाहों पर काफी लंबा इंतजार करना पड़ता था और सामान उतारने में बहुत लंबा समय लगता था। उन्होंने कहा-आज स्थिति बदल गई है और जहाज 'टर्नअराउंड' समय के मामले में भारत ने कई विकसित देशों को पीछे छोड़ दिया है।'' अमृत काल के दौरान भारत को 'विकसित राष्ट्र' बनाने की यात्रा में हर राज्य की भूमिका पर जोर देते हुए मोदी ने पहले के समय में भारत की समृद्धि में बंदरगाहों की भूमिका को याद किया और कहा कि आज भारत नए कदम उठा रहा है और वैश्विक व्यापार का एक प्रमुख केंद्र बन रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे में सरकार कोच्चि जैसे बंदरगाह शहरों की शक्ति को बेहतर बनाने में जुटी है। उन्होंने सागरमाला परियोजना के अंतर्गत बंदरगाह क्षमता में वृद्धि, अवसंरचना में निवेश और बंदरगाहों के बेहतर संपर्क का उल्लेख किया।

केरल(त्रिशूर) : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोडशो के दौरान अपने स्वागत के लिए एकत्र हुए लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। ● एजेंसी

लालू को सीट बंटवारे को लेकर नहीं कोई जल्दी

पटना, एजेंसी

▸▸ **राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष असहमति जताते हुए बोले-नहीं जाएंगे अयोध्या**

विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों के बीच सीट बंटवारा जल्द करने के जनत दल-यूनाइटेड (जदयू) के आग्रह के प्रति बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने असहमति जताई। सीट बंटवारे में देरी के सवाल पर उन्होंने कहा कि चीजें इतनी जल्दी नहीं होतीं।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जदयू के अध्यक्ष हैं। पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि उनकी अयोध्या जाने की इच्छा नहीं है जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में अगले सप्ताह राम मंदिर में 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह का आयोजन निर्धारित है। लालू प्रसाद ने मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान भाजपा के तत्कालीन कद्दावर नेता लाल कृष्ण आडवाणी को गिरफ्तार करवाकर 'राम रथ यात्रा' को रास्ते में ही रोक दिया था। पटना के 10 सर्कुलर रोड स्थित एक सरकारी बंगले में बीमार 70 वर्षीय राजद प्रमुख अपनी पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के साथ रहते हैं। इस बंगले पर पत्रकारों द्वारा 'इंडिया' के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर जद (यू) नेताओं द्वारा तेजी दिखाए जाने के सुझाव के बारे में पूछे जाने पर लालू ने कहा-क्या ये चीजें इतनी जल्दी हो जाती हैं? सब हो रहा है।

दूरी बनाने वालों का बहिष्कार कर सकते हैं लोग: ठाकुर

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से दूरी बनाने वाली कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के अन्य घटक दलों पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि लोग इस फैसले के कारण उनका फिर से बहिष्कार कर सकते हैं। ठाकुर ने अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'स्वच्छता सेवा' कार्यक्रम के तहत भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा के साथ यहां वाल्मीकि मंदिर परिसर की साफ–सफाई की।

सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने धन शोधन मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता सत्येन्द्र जैन की नियमित जमानत याचिका पर बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने जैन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। शीर्ष अदालत ने 14 दिसंबर 2023 को मामले में आप सरकार के पूर्व मंत्री जैन को चिकित्सा आधार पर दी गई अंतरिम जमानत आठ जनवरी तक बढ़ा दी थी। उच्चतम न्यायालय ने 26 मई, 2023 को चिकित्सा आधार पर जैन को अंतरिम जमानत दी थी।

शिंदे गुट की याचिका पर महाराष्ट्र विस अध्यक्ष को नोटिस जारी

मुंबई, एजेंसी

विधायक अयोग्यता मामला

बंबई उच्च न्यायालय ने विधायकों को अयोग्य नहीं ठहराने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के आदेश को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की याचिकाओं पर बुधवार को नार्वेकर और उद्धव ठाकरे समूह के 14 विधायकों को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदोश पूनीवाला की खंडपीठ ने महाराष्ट्र विधानमंडल सचिवालय को भी नोटिस जारी किया और सभी याचिका पर हलफनामे दाखिल करने का निर्देश दिया।

पीठ ने मामले की सुनवाई के लिए आठ फरवरी की तारीख निर्धारित कर दी। शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के मुख्य सचेतक भरत गोगावले द्वारा प्रतिद्वंद्वी खेमे के 14 विधायकों के खिलाफ दायर याचिकाओं में कहा गया है कि वह संबंधित अयोग्यता याचिकाओं को खारिज करने के नार्वेकर के 10 जनवरी के आदेश की वैधता, औचित्य और यथार्थता को चुनौती दे रहे हैं।

डीएम और एसपी सुनिश्चित करें कि रैलियों में नफरत भरे भाषण न दिए जाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ के अधिकारियों को दिए निर्देश**

उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के यवतमाल और छत्तीसगढ़ के रायपुर के जिला मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधीक्षकों को यह सुनिश्चित करने का बुधवार को निर्देश दिया कि उनके अधिकार क्षेत्रों में अगले सप्ताह होने वाली हिंदू जनजागृति समिति और भाजपा विधायक टी राजा सिंह की रैलियों के दौरान कोई नफरत भरा भाषण न दिया जाए।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने निर्धारित रैलियों पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि जिन पक्षकारों के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषण देने के आरोप लगाए गए हैं, वे अदालत के समक्ष मौजूद नहीं हैं। पीठ ने दोनों जिलों के जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) और पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि रैलियों के स्थल पर रिकॉर्डिंग सुविधाओं के साथ सीसीटीवी कैमरे लगे हों, ताकि यदि कोई नफरत फैलाने वाले भाषण देता है तो उसकी पहचान की जा सके। इसने शाहीन अब्दुल्ला की लंबित याचिका से जुड़ी एक अर्जी पर यह आदेश दिया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि नफरत फैलाने वाले भाषणों के कई मामले सामने आए हैं।

अर्जी में कहा गया कि यवतमाल जिले में 18 जनवरी को हिंदू जनजागृति समिति की रैली होने वाली है और इसमें नफरत भरे भाषण दिए जाने की आशंका है। इसमें कहा गया कि रायपुर जिले में सिंह की रैलियां 19 से 25 जनवरी तक निर्धारित हैं और इनमें भी नफरत भरे भाषण दिए जाने की आशंका है। याचिकाकर्ता ने रैलियां आयोजित करने के लिए दी गई अनुमति को रद्द किए जाने का अनुरोध किया, जिसे पीठ ने यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए इस अदालत ने इस संबंध में पहले से ही दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

सीबीआई ने मणिपुर में हथियार लूट मामले में आरोपपत्र किया दाखिल

नई दिल्ली, एजेंसी

मणिपुर में जातीय संघर्ष से संबंधित मामलों की जांच कर रहे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मई 2023 में पुलिस कर्मियों से हथियार और गोला-बारूद की लूट के मामले में पांच लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। सीबीआई के प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पिछले साल तीन मई को पर्वतीय जिलों में आयोजित 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के बाद मणिपुर में भड़की हिंसा में 180 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। मणिपुर की आबादी में मेइती लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं। वहीं, आदिवासी नगा और कुकी की आबादी 40 प्रतिशत है और वे ज्यादातर पर्वतीय जिलों में रहते हैं। सीबीआई ने कहा कि आरोपपत्र में जिन लोगों के नाम हैं, उनमें मणिपुर की प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) और कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (नोयोन) का पूर्व सदस्य मोइरांगथेम आनंद सिंह और कीशम जॉनसन, कोन्थौजम रोमोजीत मेइती, लौक्राकपम माइकल मंगांगचा और आठोकपम काजित शामिल हैं।

मोदी ने नगा राजनीतिक मुद्दे के लिए कुछ नहीं किया

▸▸ **राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान भाजपा सरकार पर बोला हमला**

कोहिमा, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला बोलते हुए उन पर 2015 में प्रारूप समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद नौ साल तक नगा राजनीतिक मुद्दे का समाधान निकालने के लिए कुछ नहीं करने का आरोप लगाया। नगालैंड के मोकोकचुंग शहर में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि नगा लोगों के विश्वास के बिना और उनके साथ चर्चा के बिना समस्या का समाधान नहीं निकाला जा सकता।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को नागालैंड के मोकोकचुंग जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान समर्थकों के साथ। ● एजेंसी

उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा-अगर आपके पास समाधान नहीं है तो आपको झूठ नहीं बोलना चाहिए और नहीं कहना चाहिए कि आपके पास समाधान है। आप कह सकते हैं कि हमें समाधान की दिशा में काम करना होगा और हम समाधान की दिशा में काम करेंगे लेकिन आपको नगा लोगों से झूठ नहीं बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समझती है कि मामला गंभीर है और इसका समाधान जरूरी है। प्रारूप समझौते का जिक्र करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा-प्रधानमंत्री ने नौ साल पहले जो वादा किया था वह नगा लोगों के लिए खोखला वादा था। चिफोबोजू में संवाददाता सम्मेलन के दौरान गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी दशकों पुराने नगा राजनीतिक मुद्दे के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। नगा विद्रोह 1947 में शुरू हुआ था। दशकों पुरानी समस्या का समाधान तलाशने के लिए, केंद्र 1997 से एनएससीएन-आईएम और 2017 से कम से कम सात समूहों के नगा नेशनल पॉलिटिकल ग्रुप (एनएनपीजी) की कार्य समिति के साथ अलग-अलग बातचीत कर रहा है।

प्रज्ञाननंदा ने विश्व चैंपियन लीरेन को हराया

आनंद को पीछे छोड़कर बने नंबर एक, विश्व चैंपियन को हराने वाले दूसरे भारतीय

नीदरलैंड, एजेंसी

भारत के युवा शतरंज सुपरस्टार आर प्रज्ञाननंदा ने टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लीरेन को हरा दिया है, जिससे वह विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़कर भारत के सर्वाधिक रेटिंग वाले खिलाड़ी बन गए है। मंगलवार रात दर्ज की गई इस जीत से 18 वर्षीय प्रज्ञाननंदा के 2748.3 रेटिंग अंक हो गए हैं, जो फिडे लाइव रेटिंग में पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद के 2748 अंकों से अधिक है। प्रज्ञाननंदा ने

काले मोहरों से खेलते हुए 62 चाल में जीत दर्ज की। वह आनंद के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने क्लासिकल शतरंज में मौजूदा विश्व चैंपियन को हराया।

प्रज्ञाननंदा पिछले साल भी हरा चुके हैं लीरेन को

प्रज्ञाननंदा ने इससे पहले 2023 में टाटा स्टील टूर्नामेंट में भी लीरेन हराया था। प्रज्ञाननंदा ने मैच के बाद कहा कि यह बहुत अच्छा एहसास है। वह शुरू से ही उस पर दबाव बना रहे थे। उन्होंने शुरू में ही एक प्यादा हासिल किया और बिना किसी जोखिम के आगे बढ़ते रहे जो काले मोहरों से खेलने का फायदा होता है। प्रज्ञाननंदा ने कहा कि अभी उनका ध्यान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर है। यह बेहद कड़ा टूर्नामेंट है। अमूमन कोई भी टूर्नामेंट नौ दौर का होता है लेकिन यह टूर्नामेंट 13 दौर का है इसलिए यह एक और टूर्नामेंट में खेलने जैसा है। वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं और देखते हैं कि आगे क्या होता है।

मास्टर्स ग्रुप अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचे

प्रज्ञाननंदा के मास्टर्स ग्रुप में अब 2.5 अंक हो गए हैं और वह तालिका में तीसरे स्थान पर हैं। यह युवा ग्रैंडमास्टर अभी अच्छी फॉर्म में है। उन्होंने पिछले साल विश्व कप में मैग्नस कार्लसन के बाद दूसरे नंबर पर रहते हुए अप्रैल में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया था। मास्टर्स ग्रुप में नीदरलैंड के अनीश गिरी 3.5 अंक लेकर पहले स्थान पर हैं। उन्होंने भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को हराया। अलीरेजा फिरोजा के तीन अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर हैं। भारत के विदित गुजराती ने जॉर्डन वान फॉरीस्ट के साथ बाजी ड्रॉ कराई। गुजराती के चार दौर के बाद दो अंक हैं।

आईसीसी की पहली महिला तटस्थ अंपायर बनीं रेडफर्न

दुबई, एजेंसी। आईसीसी ने ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच आगामी महिला टी-20 श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की सू रेडफर्न को महिला तटस्थ अंपायर नियुक्त किया है। सभी आईसीसी महिला चैंपियनशिप और टी-20 मैच के लिए एक तटस्थ अंपायर के फैसले के बाद उनकी नियुक्ति की गई है। वह आईसीसी द्वारा नियुक्त पहली महिला तटस्थ अंपायर बन गई हैं। आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान ने कहा कि तटस्थ नियुक्तियों से महिला अंपायरों को विभिन्न परिस्थितियों के बारे में अधिक जानकारी मिलेगी और उनके साथ अंपायरिंग करने वाली स्थानीय महिला अंपायरों को सीखने और विकास में मदद मिलेगी।

फिन एलन ने टी-20 में जड़े 16 छक्के

डुनेडिन, एजेंसी

न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने बुधवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तानी गेंदबाजों की जमकर धुनाई करते 62 गेंदों में 137 रन की शतकीय पारी में 16 छक्कों के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। एलन अब टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस पारी में 137 रन बनाते हुए ब्रेंडन मैकुलम के 123 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इसके साथ ही उन्होंने 16 छक्के जड़ते हुए एक पारी में सबसे अधिक छक्कों के विश्व रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली।

अफगानिस्तान के हजरतुल्लाह जजई ने 16 छक्कों के साथ शीर्ष पर हैं और अब फिन एलन भी उनकी बराबरी पर पहुंच गए हैं। हजरतुल्लाह जजई ने फरवरी 2019 में

पाकिस्तान के खिलाफ मैच में 62 गेंदों में 137 रन की धमाकेदार पारी खेली, विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की

आयरलैंड के खिलाफ मैच में 62 गेंद में 162 रन बनाए थे। इस पारी में उन्होंने 11 चौके और 16 छक्के लगाए थे। अब फिन एलन ने इतनी ही गेंदों में 137 रन बनाए हैं। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और 16 छक्के लगाए।

रोहित और रिंकू सिंह की तूफानी पारी, सुपर ओवर में जीता भारत

212 रन का स्कोर बराबर होने पर दूसरे सुपर ओवर में भारत ने 3-0 से जीती श्रृंखला

बेंगलुरु, एजेंसी

गुलबदीन नईब के नाबाद 55 रन, रहमानउल्लाह गुरबाज और कप्तान इब्राहिम जदरान की 50-50 रनों की पारी रोहित शर्मा के शतक पर भारी रही। अफगानिस्तान ने तीसरे टी-20 मैच में 212 बनाकर रोमांचक मुकाबले को टाई करा दिया। सुपर ओवर में दोनों टीमों की ओर से एक-एक विकेट पर 16-16 रन बनाए गए और यह भी टाई रहा। इसके बाद दूसरे सुपर ओवर में भारत ने अफगानिस्तान को हराकर टी-20 श्रृंखला 3-0 से जीत ली।

पहले बल्लेबाजी करने उतरे भारत ने 22 के स्कोर पर अपने 4 विकेट गंवा दिए। यशस्वी जायसवाल 4, विराट कोहली शून्य, शिवम दुबे एक और संजू सैमसन शून्य पर आउट हो गए। इसके बाद कप्तान रोहित शर्मा ने रिंकू सिंह के साथ पारी को संभाला और दोनों ने पांचवें विकेट के लिए

121 रन रोहित ने नाबाद बनाए 69 गेंदों पर

190 रन की साझेदारी की रोहित- रिंकू ने

190 रन की तूफानी साझेदारी की। रोहित ने 11 चौके और 8 छक्कों की मदद से 69 गेंदों में नाबाद 121 रन बनाए। रिंकू सिंह ने दो चौके और छह छक्कों की मदद से 39 गेंदों में नाबाद 69 रनों की पारी खेली। भारत ने 20 ओवरों में 212 का स्कोर खड़ा किया। अफगानिस्तान के फरीद अहमद ने 3 और अजमतउल्लाह उमरजई ने एक विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान के रहमानउल्लाह गुरबाज और कप्तान इब्राहिम जदरान ने पहले विकेट के लिए 93 रनों की साझेदारी की। दोनों ने 50-50 रन बनाए। इसके बाद कोई भी बल्लेबाज टिक कर नहीं खेल सका। गुलबदीन नईब 55 रन पर नाबाद रहे।

दूसरे सुपर ओवर में हुआ मैच का फैसला

पहले सुपर ओवर में मुकेश कुमार गेंदबाजी करने आए, जिसमें अफगानिस्तान ने एक विकेट पर 16 रन बनाए। भारत ने रोहित के दो छक्कों से एक विकेट गंवाकर 16 रन बना लिए और स्कोर फिर टाई हो गया, इससे फिर दूसरा सुपर ओवर खेला गया। इसमें रोहित पांचवीं गेंद पर रिटायर्ड हो गए। दूसरे सुपर ओवर में भारतीय टीम ने रोहित के एक छक्के और एक चौके से 5 गेंद में दो विकेट गंवाकर 11 रन बनाए। इसमें रोहित रन आउट हुए और फरीद अहमद ने रिंकू सिंह को आउट किया। रवि बिश्नोई दूसरा सुपर करने उतरे और उनकी 3 गेंद में अफगानिस्तान ने एक रन पर दो विकेट गंवा दिए, जिससे भारत मैच जीत गया।

जनत के एक ओवर में जड़े 36 रन

अफगानिस्तान के लिए 20वां ओवर डालने आए करीम जनत की रोहित और रिंकू सिंह ने जमकर पिटाई की। अंतिम ओवर में दोनों ने जनत की गेंदों पर 36 रन जड़े, इसमें पांच छक्के और एक चौका भी शामिल है।

अक्षर और यशस्वी आईसीसी टी-20 रैंकिंग में शीर्ष 10 में

दुबई, एजेंसी

अफगानिस्तान के खिलाफ चल रही श्रृंखला के शुरुआती दो मैच में अपने प्रदर्शन की बदौलत अक्षर पटेल बुधवार को ताजा जारी आईसीसी पुरुष टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अपने कॅरिअर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंच गए है, जबकि सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी छठे स्थान पर पहुंचने में सफल रहे।

भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में पहले दो टी-20 मैच में 6 विकेट से जीत हासिल की, जिसमें पटेल ने 23 रन देकर दो और 16 रन देकर दो विकेट लिए। इससे वह ऑलराउंडर खिलाड़ियों की सूची में दो पायदान के उछाल से 5वें स्थान पर पहुंच गए। जायसवाल ने पहले टी-20 में 34 गेंद में 68 रन की पारी खेली थी, जिससे उन्हें सात पायदान का फायदा हुआ और वह भी अपने कॅरिअर की सर्वश्रेष्ठ छठी रैंकिंग पर पहुंच गए। वहीं शिवम दूबे लगातार 60 और 63 रन की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 265वें स्थान से उछलकर 58वें स्थान पर काबिज हो गए। शुभमन गिल सात पायदान के लाभ से 60वें स्थान, जबकि तिलक वर्मा तीन पायदान के फायदे से संयुक्त 61वें स्थान पर बने हुए हैं।

अर्शदीप की रैंकिंग सुधरी

तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह चार पायदान के उछाल से 21वें स्थान पर पहुंच गए। अफगानिस्तान के नजीबुल्लाह जदरान (46) और मोहम्मद नबी (54) को बल्लेबाजी रैंकिंग में फायदा हुआ। न्यूजीलैंड के फिन एलन पाकिस्तान के खिलाफ 34 और 74 रन की पारियों से बल्लेबाजी रैंकिंग में 16वें स्थान पर पहुंच गए। उनके साथी टिम साउदी गेंदबाजी सूची में आठ पायदान के लाभ से 18वें नंबर पर पहुंचे। पाकिस्तान के बाबर आजम को न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार अर्धशतकों से एक पायदान का फायदा हुआ, जिससे वह चौथे स्थान पर काबिज हैं।

खेल डायरी

तदर्थ पैनल की चैंपियनशिप ही होगी मान्य

नई दिल्ली। राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने का अधिकार केवल राष्ट्रीय महासंघ के पास होने के निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ के दावे के एक दिन बाद तदर्थ पैनल ने कहा कि उसके द्वारा कराए जाने वाले टूर्नामेंट को ही वास्तविक माना जाएगा। तदर्थ पैनल ने यह भी स्पष्ट किया कि उसके द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता से ही पहलवानों को फायदा मिलेगा। डब्ल्यूएफआई ने चुनाव के बाद अपनी पहली कार्यकारी समिति की बैठक के बाद मंगलवार को घोषणा की थी कि वह 29 जनवरी से पुणे में राष्ट्रीय प्रतियोगिता कराएगा। डब्ल्यूएफआई ने कहा था कि उसके संविधान के अनुसार केवल महासंघ के पास ही राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजन का अधिकार है और तदर्थ पैनल के पास कोई अधिकार नहीं है। खेल मंत्रालय ने कहा कि डब्ल्यूएफआई द्वारा आयोजित टूर्नामेंट को मान्यता नहीं दी जाएगी।

अवनी शीर्ष 10 में, वरुण ने कट में जगह बनाई

मेलबर्न। भारत की गोल्फर अवनी प्रशांत ने बुधवार को दूसरे दौर में दो ओवर 75 का कार्ड खेलने के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप के शीर्ष 10 में अपना स्थान बरकरार रखा। भारत की हिना कांग ने सात ओवर 80 का निराशाजनक कार्ड खेला और वह कट से चूक गई। पुरुष वर्ग में वरुण मुथप्पा कीजबोरो कोर्स में कुल पांच ओवर 147 के स्कोर के साथ कट में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रहे। उन्होंने दूसरे दिन एक ओवर 73 का स्कोर किया। अवनी का दूसरे दिन का खेल उतार चढ़ाव भरा रहा, जिससे वह संयुक्त दसवें स्थान पर खिसक गई। वह संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही ऑस्ट्रेलिया की अमेलिया हैरिस और जापान की आइना फुजीमोटो से अभी पांच स्ट्रोक पीछे हैं।

महान खिलाड़ी अरांत्जा धोखाधड़ी की दोषी

बार्सिलोना (स्पेन)। स्पेन की महान टेनिस खिलाड़ी अरांत्जा सांचेज विकारियो और उनके पूर्व पति को धोखाधड़ी का दोषी पाया गया है। स्पेन की एक अदालत ने बुधवार को यह फैसला सुनाया। अदालत ने पाया कि अरांत्जा और उनके पूर्व पति ने कई मिलियन यूरो का कर्ज चुकाने से बचने के लिए अपनी संपत्ति छुपाई थी। चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता अरांत्जा को दो साल जेल की सजा सुनाई गई लेकिन वह जेल जाने से बच गईं क्योंकि अदालत ने उन्हें पहली बार अपराध करने के लिए उनकी सजा माफ कर दी। उनके पूर्व पति जोसफ सांटाकाना को तीन साल और तीन महीने जेल की सजा सुनाई गई। इन दोनों को 66 लाख यूरो (71 लाख डॉलर) का जुर्माना भी देना होगा।

ब्रिसन फर्नांडिज के गोल से गोवा की दूसरी जीत

भुवनेश्वर। ब्रिसन फर्नांडिज के इंजुरी टाइम में किए गए गोल की बदौलत एफसी गोवा ने बुधवार को सुपर कप के ग्रुप डी मैच में बेंगलुरु एफसी को 1-0 से शिकस्त देकर प्रतियोगिता में लगातार दूसरी जीत हासिल की। इस हार से पिछले सत्र के फाइनल में पहुंची बेंगलुरु की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई है, जबकि गोवा दो मैच में छह अंक से तालिका में मजबूत स्थिति में है।

इंग्लैंड ने पहले दिन 3 विकेट पर 382 रन बनाए

अहमदाबाद। इंग्लैंड लायंस ने सलामी बल्लेबाज कीटोन जेनिंग्स की अगुवाई में बाजबॉल तरीके से खेलते हुए भारत 'ए' के गेंदबाजों के खिलाफ टेस्ट के पहले दिन महज 82 ओवर में 3 विकेट पर 382 रन बना दिए। जेनिंग्स ने 188 गेंद में 20 चौके और दो छक्के की मदद से 154 रन जड़े और एलेक्स लीस 91 गेंद में 73 रन के साथ पहले विकेट के लिए 157 रन और फिर कप्तान जोश बोहानन (नाबाद 93 रन) के साथ 127 रन की भागीदारी निभाई। जेनिंग्स ने पांच साल पहले इंग्लैंड के लिए अंतिम टेस्ट मैच खेला था। उन्होंने भारत के घरेलू गेंदबाजों की बखिया उधेड़ी। नवदीप सैनी ने विकेट के दोनों ओर से रन गंवाए और नई गेंद के साथी गेंदबाज विद्वथ कावेरप्पा की मेहनत पर पानी भी फेर दिया। तीसरे तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे सबसे खर्चीले रहे। उन्होंने 14 ओवर में 79 रन लुटा दिए। स्पिनर सुथार ने 18 ओवर में 85 रन देकर तीन विकेट झटके। ऑफ स्पिनर नारंग ने 21 ओवर में 97 रन लुटाए। इन दोनों स्पिनरों ने 182 रन लुटाए और वे एक भी मेडन ओवर नहीं डाल सके।

सात्विक और चिराग जीते, अश्विनी-तनीषा हारे

नई दिल्ली, एजेंसी

सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने बुधवार को कड़े मुकाबले में जीत के साथ इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो को महिला युगल में शिकस्त झेलनी पड़ी।

एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन सात्विक और चिराग की जोड़ी को पहले दौर में फैंग चीह ली और फैंग जेन ली की चीनी ताइपे की दुनिया की 24वें नंबर की जोड़ी को एक घंटे और 18 मिनट में 21-15, 19-21, 21-16 से हराने में काफी पसीना बहाना पड़ा। दूसरे

इंडिया ओपन

दौर में भारतीय जोड़ी की भिड़ंत बेन लेन और सीन वैंडी की इंग्लैंड की जोड़ी तथा ल्यू चियांग याओ और यैंग पो हैन की चीनी ताइपे की जोड़ी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगी। अश्विनी और तनीषा की दुनिया की 20वें नंबर की जोड़ी को जोंगकोलफान किटिथराकुल और राविंडा प्राजोंजाई की थाईलैंड की दुनिया की 10वें नंबर की जोड़ी के खिलाफ 5-21, 21-18, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।

महिला युगल में अश्विनी भट के और शिखा गौतम की भारतीय जोड़ी को किम सो यिओंग और कोंग ही योंग की कोरिया की तीसरी वरीय जोड़ी के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में 12-21, 3-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। इसके साथ ही महिला युगल में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। कृष्ण प्रसाद गारगा और साई प्रतीक की जोड़ी को भी केन्या मित्सुहासी और हिरोकी ओकामुरा की जापान की जोड़ी ने सीधे गेम में 21-14, 21-11 से हराया।

कोको तीसरे दौर में, जाबेउर और वोज्नियाकी बाहर

मेलबर्न, एजेंसी

कोको गॉफ ने पहले सेट में संघर्ष करने के बाद शानदार वापसी करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई लेकिन छठी वरीयता प्राप्त ओन्स जाबेउर और विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलिन वोज्नियाकी बुधवार को रूस की दो युवा खिलाड़ियों से हारकर बाहर हो गईं।

गॉफ ने हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी कैरोलिन डोलेहाइड को 7-6 (6), 6-2 से हराया। उनका अगला मुकाबला अमेरिका की एक अन्य खिलाड़ी एलिसिया पार्क्स से होगा, जिन्होंने 32वीं रैंकिंग की

ऑस्ट्रेलियाई ओपन

खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज पर 7-5, 6-4 से जीत दर्ज करके पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया।सुबह बारिश के कारण बाहरी कोर्ट पर होने वाले कई मैच समय पर शुरू नहीं हो पाए। केवल उन्हीं कोर्ट पर मैच शुरू हो पाए जिनमें छत है।

पुरुष वर्ग में मार्गरेट कोर्ट एरेना में खेले गए मैच में चौथी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने जेस्पर डी जोंग को 6-2, 6-2, 6-2 से हराया। ऑस्ट्रेलिया के 10वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर ने माटेओ अर्नाल्डी को 6-3, 6-0, 6-3 से पराजित किया। डी मिनौर का अगला मुकाबला इटली के क्वालीफायर फ्लेवियो कोबोली से होगा, जिन्होंने पावेल कोटोव को 7-5, 6-3, 5-7, 6-2 से हराया। पुरुष वर्ग से तीसरे दौर में जगह बनाने वाले खिलाड़ियों में 12वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज भी शामिल हैं।

फिल्म दो और दो प्यार मार्च में होगी रिलीज

विद्या बालन की फिल्म दो और दो प्यार 29 मार्च को रिलीज होगी। इसमें विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डीक्रूज और सेंथिल राममूर्ति नजर आएंगे। इस फिल्म को शीर्ष गुहा ठाकुरता ने निर्देशित किया है। बतौर निर्देशक यह उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म होगी। एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के तहत बनी फिल्म दो और दो प्यार को अप्लॉज एंटरटेनमेंट प्रस्तुत कर रहा हैं।

79 साल के हुए शायर और गीतकार जावेद अख्तर



शायर और गीतकार जावेद अख्तर बुधवार को 79 वर्ष के हो गए। 17 जनवरी 1945 को शायर-गीतकार जां निसार अख्तर के घर जब एक लड़के ने जन्म लिया तो उसका नाम रखा गया जादू। यह नाम जां निसार अख्तर के ही एक शेर की एक पंक्ति लंबा लंबा किसी जादू का फसाना होगा से लिया गया है। बाद में जां निसार के यही पुत्र जादू जावेद अख्तर के नाम से फिल्म इंडस्ट्री में विख्यात हुए। बचपन से ही शायरी से जावेद अख्तर का गहरा रिश्ता रहा। उनके घर शेरो-शायरी की महफिलें सजा करती थी, जिन्हें वह बड़े चाव से सुना करते थे। उन्होंने जिंदगी के उतार-चढ़ाव को बहुत करीब से देखा था इसलिए उनकी शायरी में जिंदगी के फसाने को बड़ी शिद्दत से महसूस किया जा सकता है। जावेद अख्तर के गीतों की यह खूबी रही है कि वह अपनी बात बड़ी आसानी से दूसरों को समझाते हैं।

इंशाअल्लाह में सलमान की जगह शाहरुख खान की एंट्री

डायरेक्टर संजय लीला भंसाली अपनी अपकमिंग वेब सीरीज हीरामंडी से एक बार फिर लोगों के दिलों को जीतने की तैयारी कर रहे हैं। उनकी यह वेब सीरीज जल्द ही नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। इसी बीच वह अपनी एक पुरानी फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं। संजय लीला भंसाली और सलमान खान काफी समय से साथ में फिल्म इंशाअल्लाह को लाने की तैयारी कर रहे हैं। इस को लेकर अब तक कई अपडेट्स सामने आ चुके हैं। इसी बीच खबर आ रही है कि फिल्म इंशाअल्लाह से सलमान खान को रिप्लेस कर दिया है और उनकी जगह शाहरुख को फिल्म में लिया है। पहले इस फिल्म के साथ सलमान खान और आलिया भट्ट का नाम जोड़ा जा रहा है लेकिन इसी बीच स्टारकास्ट को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म की शूटिंग इसी साल से शुरू हो सकती है। इस फिल्म से सलमान खान का पत्ता कट गया है और शाहरुख खान की एंट्री हो सकती है। दरअसल काफी समय से संजय लीला भंसाली और सलमान खान के बीच मनमुटाव की खबरें भी सामने आ रही थी। इन खबरों के बाद इंशाअल्लाह के मेकर्स फाइनल स्टार कास्ट को लेकर कब खुलासा करते हैं।

सलमान के साथ फिल्म करने जा रहे अनुपम खेर

सलमान खान की साल 2023 में रिलीज हुई टाइगर 3 ने बॉक्स ऑफिस पर ठीकठाक कमाई की थी लेकिन फिल्म वो धमाका नहीं कर पाई जिसका फैंस को इंतजार था। टाइगर 3 के बाद से सलमान खान के फैंस उनकी अगली फिल्म का इंतजार में हैं। सलमान खान का नाम कई फिल्मों से जुड़ रहा है। इसी बीच सलमान खान की अनुपम खेर के साथ फोटो सामने आई है। इस फोटो को लेकर सोशल मीडिया पर जमकर चर्चा हो रही है। फैंस सलमान खान से उनकी अगली फिल्म को लेकर सवाल करते दिखे।



अनुपम खेर ने भी सलमान खान के साथ फोटो शेयर कर के सोशल मीडिया पर नई चर्चा शुरू कर दी है। सलमान खान और अनुपम खेर की तस्वीर देखने के बाद लोगों उनकी अगली फिल्म को लेकर कयासबाजी लगा रहे हैं लेकिन अधिकारिक तौर पर सलमान खान और अनुपम खेर की जोड़ी वाली फिल्म को लेकर कोई खबर नहीं आई है। अनुपम खेर ने इस तस्वीर को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

ट्विंकल खन्ना ने लंदन से हासिल की मास्टर्स डिग्री

अभिनेत्री ट्विंकल खन्ना ने लंदन की गोल्ड स्मिथ्स यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा किया है। ट्विंकल ने इंस्टाग्राम पर वीडियो और फोटो शेयर किया हैं, जिसमें उन्होंने लिखा है कि और यह रहा ग्रेजुएशन डे। गोल्ड स्मिथ्स में मेरा पहला दिन ऐसा लगता है जैसे कल या कई साल पहले की बात हो। ट्विंकल के पति अभिनेता अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर उनके साथ ग्रेजुएशन डे की एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा कि दो साल पहले जब आपने मुझसे कहा था कि आप फिर से पढ़ाई करना चाहती हैं तो मुझे आश्चर्य हुआ लेकिन जिस दिन आपको इतनी मेहनत करते और घर, कॅरिअर, अपने और बच्चों के साथ-साथ एक पूर्ण छात्र जीवन को मैनेज करते हुए देखा तो पता चला कि मैंने एक सुपर वुमन से शादी की है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

तारों के निर्माण की नई जानकारी सामने आई

ब्राइटेस्ट क्लस्टर गैलेक्सीज़ (बीसीजी) के अध्ययन में वैज्ञानिकों ने बताया

अमृत विचार, नैनीताल

तारे क्यों, कब और कैसे बनते हैं। नए अध्ययन में रोचक जानकारी सामने आई है। ब्राइटेस्ट क्लस्टर गैलेक्सीज़ (बीसीजी) के अध्ययन से इसका खुलासा हुआ है। ब्राइटेस्ट क्लस्टर गैलेक्सीज़ (बीसीजी) सबसे बड़े और सबसे चमकीले आकाशगंगा का एक समूह हैं। खास बात यह है कि हम आकाशगंगाओं के इस समूह को देख सकते हैं।

वैज्ञानिकों की एक टीम ने दक्षिणी ध्रुव टेलीस्कोप (एसपीटी) से पहचान कर इन गैलेक्सिज का अध्ययन किया है। दरअसल ब्रह्मांड की आयु 3.5 से 10 अरब साल की मानी जाती है। बीसीजी ब्रह्मांडीय समय का एक अच्छा हिस्सा है। इस आकाशगंगा समूह में समय के साथ किसी तारे का निर्माण के बदलने के समय का आसानी से पता लगाया जा सकता है। युवा अवस्था में रही इन आकाशगंगाओ के चारों ओर प्रचुर मात्रा में गैस और धूल भरी हुई थी।



बीसीजी आकाशगंगाओं के समूह की तस्वीर।

वैज्ञानिकों के अध्ययन से पता चला कि अकाशगंगा इन समूहों के भीतर अरबों वर्षों में तारों के निर्माण की उल्लेखनीय रूप से समुचित जानकारी मिलती है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह एक महत्वपूर्ण परिणाम सामने आया है, जो दर्शाता है कि किसी आकाशगंगा के भीतर कितनी गैस और धूल है, या क्या यह पर्याप्त ठंडे तापमान पर है, इसका पता लगाने के बजाय, हमें केवल आकाशगंगा की एन्ट्रापी को मापने की आवश्यकता है। जब वह एन्ट्रॉपी बिल्कुल सही होगी, तो नए सितारे चमकेंगे।

तारों के निर्माण की संपूर्ण जानकारी जरूरी

नैनीताल। इस शोध में शामिल नासा समेत कई वैज्ञानिकों का कहना है कि तारों की दुनिया का संसार रहस्यमय है। जिनका रहस्य समझने के लिए तारों की उत्पत्ति व निर्माण की संपूर्ण जानकारी बेहद जरूरी है। लिहाजा तारों के बारे में विस्तार से जानकारी बेहद जरूरी है।

हूतियों की वैश्विक आतंकवादियों के रूप में दोबारा सूची बनेगी

वाशिंगटन। बाइडन प्रशासन जल्द ही यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों को वैश्विक आतंकवादियों के रूप में दोबारा नामित करने के कदम की घोषणा करेगा। व्हाइट हाउस के निर्णय से परिचित दो लोगों और एक अमेरिकी अधिकारी ने यह जानकारी दी। हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में वाणिज्यिक जहाजों पर दर्जनों हमले किए जाने के बाद यह फैसला लिया गया है। विद्रोहियों के अनुसार, उन्होंने सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के बाद गाजा में इजराइल के सैन्य अभियानों के जवाब में जहाजों को निशाना बनाया। अधिकारी ने घोषणा से पहले अपना नाम गुप्त रखने का अनुरोध किया।

भारत सफलता की असाधारण गाथा : ब्लिंकन

दावोस, एजेंसी

▸▸ डब्ल्यूईएफ की वार्षिक बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री बोले- बाइडन-मोदी के रिश्ते बेहतरीन

भारत को सफलता की असाधारण गाथा बताते हुए अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियां एवं कार्यक्रम भारत के लोगों के लिए बहुत लाभप्रद रहे हैं।विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक, 2024 में यहां उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन एवं प्रधानमंत्री मोदी के बीच बेहतरीन रिश्ते हैं तथा उनकी बातचीत में भारत-अमेरिका संबंध समेत सभी पहलू शामिल होते हैं।

दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार की सराहना करते हुए ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका और भारत निरंतर संवाद में लगे रहते हैं तथा उसमें लोकतंत्र एवं मौलिक

अधिकारों समेत सभी पहलू शामिल रहते हैं।

उन्होंने कहा, सदैव हमारे बीच जो वास्तविक वार्ता होती रही है, यह उसी का हिस्सा है। वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि मोदी के शासन में भारत के तीव्र आर्थिक विकास एवं बुनियादी ढांचा विनिर्माण के बाद भी क्या हिंदू राष्ट्रवाद का उभार देश के लिए चिंताजनक है।

तेलंगाना सरकार ने किए अडानी समूह संग 36,500 करोड़ के समझौते

हैदराबाद। तेलंगाना सरकार ने दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में 36,500 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश को लेकर समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की उपस्थिति में राज्य सरकार के साथ अडाणी समूह और जेएसडब्ल्यू जैसे उद्योगपतियों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। प्रदेश सरकार के बयान के अनुसार, अडाणी समूह ने राज्य में सीमेंट मिश्रण इकाई अडाणी एयरोस्पेस और डिफेंस पार्क में पंप भंडारण आधारित पनबिजली परियोजना, डेटा सेंटर, ड्रोन प्रतिरोधी तंत्र और मिसाइल विकास और विनिर्माण केंद्र स्थापित करने के लिए 12,400 करोड़ के निवेश की घोषणा की है।

एक नजर

श्रीलंका ने 18 भारतीय मछुआरे किए गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंका की नौसेना ने उसकी समुद्री सीमा में मछली पकड़ने पर 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी नौकाएं जब्त कर ली। भारतीय मछुआरों को श्रीलंका की जलसीमा में मछली पकड़ने की वजह से गिरफ्तार करने की यह तीसरी घटना है। श्रीलंका की नौसेना ने यहां एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उत्तर पूर्व में मन्नार तट से सटे समुद्री क्षेत्र में मंगलवार को इन मछुआरों को गिरफ्तार किया गया और उनकी नौकाएं जब्त कर ली गई हैं।

पाकिस्तानी जत्थे ने दरगाह शरीफ में पेश की चादर

अजमेर। राजस्थान के अजमेर में चल रहे ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 812 वें सालाना उर्स के मौके पर पाकिस्तान से आए जायरीनों के जत्थे ने जुलूस के रूप गुरुवार को दरगाह शरीफ पहुंच कर गरीब नवाज की बारगाह में चादर पेश की एवं दोनों मुल्कों की बेहतरी तथा अच्छे सम्बंधों के लिये दुआ की। पाकिस्तानी हुकूमत की केसरिया-हरे रंग की मखमली सुनहरे काम की चादर लेकर पाकिस्तानी जत्था अपने समूह नेता परवेज इकबाल की अगुवाई में पुरानी मंडी स्थित सेंट्रल गर्ल्स स्कूल से चादरों के जुलूस के रूप में रवाना हुआ। इस जुलूस में हुकूमत की चादर के साथ कई निजी चादरे भी रहीं।

थाइलैंड : पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 23 लोगों की मौत

बैंकॉक। मध्य थाईलैंड स्थित एक पटाखा फैक्ट्री में बुधवार को हुए धमाकों में कम 23 लोगों की मौत हो गई है। बचाव कर्मियों ने यह जानकारी दी। सुमेरकुन सुफान बरी रेस्क्यू फाउंडेशन के क्रिट्सादा मैनी ने बताया कि बचाव कर्मी मृतकों की सटीक संख्या की पुष्टि करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन अनुमान है कि 15 से 17 लोगों की मौत हुई है। स्थानीय बचावकर्मियों द्वारा ऑनलाइन जारी तस्वीरों में दिख रहा है कि फैक्टरी ध्वस्त हो गई है।

कोकीन के साथ नाइजीरियाई महिला गिरफ्तार, केस दर्ज

पालघर। महाराष्ट्र के पालघर जिले में पुलिस ने 66 वर्षीय नाइजीरियाई महिला से लगभग 6.4 लाख रुपये का मादक पदार्थ जब्त किया। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तुलिंज पुलिस ने आरोपी केहिंदे बोलाजी बेलो के मीरा-भयंदर इलाके के प्रगति नगर स्थित मकान में छापा मारा। तुलिंज थाने के वरिष्ठ निरीक्षक शैलेंद्र नगरकर ने बताया कि पुलिस ने बेलो के पास से 56.2 ग्राम मादक पदार्थ एमडी और 7.5 ग्राम कोकीन जब्त की जिसकी कीमत करीब 6.4 लाख रुपये है। महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

इमरान के वकील ने कदाचार के मामले में भारतीय कोर्ट के फैसले की दी दलील

पाक के पूर्व प्रधानमंत्री के दो निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने के मामले की सुनवाई

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के वकील ने आठ फरवरी के आम चुनाव से पहले दो निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने के लिए खान के नामांकन पत्रों को खारिज किए जाने के खिलाफ सुनवाई में भारत की अदालत के एक फैसले का उल्लेख किया। वकील ने अदालत को बताया कि भारतीय अदालत नैतिक आचरण में कदाचार के मामलों को कब वित्तीय भ्रष्टाचार के रूप में वर्णित करती है।

डॉन अखबार की खबर के मुताबिक पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक खान का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील उजैर भंडारी ने यह तुलना तब की जब लाहौर उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ ने मंगलवार को खान के नामांकन पत्रों की अस्वीकृति के संबंध में दो याचिकाओं पर सुनवाई की। खबर में कहा गया है कि उच्च न्यायालय ने मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। कई मामलों का सामना कर रहे खान (71) जेल में बंद हैं। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग ने पंजाब प्रांत के लाहौर (एनए-122) और मियांवाली (एनए-89) निर्वाचन क्षेत्रों से खान के नामांकन पत्रों को खारिज कर दिया था।

डॉन के मुताबिक भंडारी ने तर्क दिया कि नैतिक कदाचार के आरोप में दोषसिद्धि अयोग्यता की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आती है। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता की सजा को भ्रष्टाचार या अवैध संपत्ति जमा करने के लिए सजा के बराबर नहीं माना जा सकता।

उन्होंने कहा कि भारत की एक अदालत ने वित्तीय भ्रष्टाचार से जुड़े अपराध की तुलना में नैतिक कदाचार के अपराध को निचले स्तर पर सूचीबद्ध किया है।

पीठ ने हालांकि कहा कि पाकिस्तान में नैतिकता के मानक अन्य क्षेत्रों से अलग हैं। भंडारी ने दलील दी कि निर्वाचन अधिकारी के पास नैतिक कदाचार की सजा के आधार पर आदेश पारित करने का कोई अधिकार नहीं था। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद उच्च न्यायालय पहले ही याचिकाकर्ता की सजा निलंबित कर चुका है। निर्वाचन आयोग के एक वकील ने दलील दी कि याचिकाकर्ता की दोषसिद्धि अब भी लागू है और उन्हें उच्च न्यायालय द्वारा बरी नहीं किया गया था।

बीसीजी आकाशगंगाओं के समूह की तस्वीर।

इसलिए खारिज हुए इमरान के नामांकन

निर्वाचन आयोग ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराए जाने के आधार पर इमरान खान के नामांकन पत्र को खारिज कर दिया था। एनए-122 से उनका नामांकन पत्र इस आधार पर खारिज कर दिया गया कि प्रस्तावक निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता नहीं है। तोशाखाना मामले में खान पर नियमों का उल्लंघन करके राष्ट्रीय खजाने से महंगे वाहन लेने का आरोप है। विदेशी नेताओं द्वारा पाकिस्तानी शीर्ष नेताओं को उनकी यात्राओं के दौरान दिए गए सभी उपहार तोशाखाने में रखे जाते हैं।

पाकिस्तान ने हवाई हमलों के बाद ईरान के साथ राजनयिक संबंध निलंबित किए

इस्लामाबाद, एजेंसी

▸▸ पाक विदेश मंत्रालय ने लगाया देश की संप्रभुता के उल्लंघन का आरोप, गंभीर परिणाम भुगतने की दी चेतावनी

ईरान द्वारा पाकिस्तान के अंदर एक आतंकवादी समूह के दो प्रमुख ठिकानों पर हवाई हमला किए जाने के बाद पाकिस्तान ने इसे अवैध कार्रवाई बताया और नाराजगी भरी प्रतिक्रिया देते हुए फारसी राष्ट्र के साथ सभी राजनयिक संबंधों को निलंबित करने की घोषणा की। साथ ही गंभीर परिणाम की चेतावनी दी।

ईरानी मीडिया ने कहा कि पाकिस्तान में आतंकवादी समूह जैश-अल-अदल के दो महत्वपूर्ण ठिकानों को मंगलवार रात मिसाइल और ड्रोन से नष्ट कर दिया गया। ईरान के प्रेस टीवी प्रसारक ने बताया कि ये हमले ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) द्वारा किए गए थे। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय (एफओ) ने इन हमलों के तुरंत बाद एक बयान जारी किया, जिसमें ईरान द्वारा उसके हवाई क्षेत्र के उल्लंघनकी निंदा की गई और कहा गया कि हमले में दो बच्चे मारे गए और तीन लड़कियां घायल हो गईं।

एफओ ने बुधवार को एक और बयान जारी कर कहा कि इस्लामाबाद देश की संप्रभुता के उल्लंघन के बाद तेहरान के साथ सभी उच्च-स्तरीय राजनयिक आदान-प्रदान को निलंबित कर देगा और घोषणा की कि पाकिस्तान में ईरानी दूत, जो वर्तमान में ईरान गए हुए को देश में वापस आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पाकिस्तान ने हमले की निंदा करते हुए इसे पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का अकारण उल्लंघन बताया और तेहरान को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी।

एफओ प्रवक्ता मुमताज ज़हरा बलूच ने कहा, यह अवैध कृत्य पूरी तरह से अस्वीकार्य है और इसका कोई औचित्य नहीं है। पाकिस्तान इस अवैध कृत्य पर प्रतिक्रिया देने का अधिकार रखता है और परिणामों की जिम्मेदारी पूरी तरह से ईरान की होगी। प्रवक्ता ने कहा, हमने ईरान सरकार को यह संदेश दे दिया है। हमने उन्हें यह भी सूचित किया है कि पाकिस्तान ने ईरान से अपने राजदूत को वापस बुलाने का फैसला किया है और पाकिस्तान में ईरानी राजदूत, जो वर्तमान में ईरान का दौरा कर रहे हैं, फिलहाल वापस नहीं आ सकते हैं।

आतंकी संगठन के पाकिस्तान में ठिकाने : तेहरान

पाकिस्तानी मीडिया आउटलेट द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार जैश-अल-अदल 2012 में स्थापित एक आतंकवादी समूह है और ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत से काम कर रहा है। तेहरान का आरोप है कि इस समूह के पास सीमा पार पाकिस्तान में भी ठिकाने हैं। अपनी स्थापना के बाद से समूह ने ईरान के सुरक्षा बलों के खिलाफ कई हमलों की जिम्मेदारी ली है। दिलचस्प बात यह है कि मिसाइल और ड्रोन हमले उस दिन शुरू किए गए थे, जिस दिन पाकिस्तान के प्रधान मंत्री अनवारुल हक काकर ने स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के मौके पर ईरानी विदेश मंत्री से मुलाकात की थी।

जल्लीकट्टू में दो दर्शकों की मौत, 150 घायल

शिवगंगा (तमिलनाडु), एजेंसी

तमिलनाडु में पोंगल उत्सव के हिस्से के रूप में आयोजित किए जाने वाले जल्लिकट्टू और मंजूविरट्टू (बैल दौड़) कार्यक्रमों में सांड़ों की चपेट में आने से एक 12 वर्षीय लड़के सहित दो दर्शकों की मौत हो गई जबकि दर्शकों तथा सांडों को काबू करने वालों सहित 150 से अधिक लोग घायल हो गए।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शिवगंगा के मंजुविरट्टू अखाड़े में आए सांडों में से एक ने लड़के की जान ले ली जिसकी पहचान के वलायपट्टी गांव के रहने वाले भास्करन (12) उर्फ राहुल के रूप में हुई है। एक अन्य व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 35 वर्ष है जिसकी पहचान अभी तक कायम नहीं की जा सकी है, उसकी मृत्यु उस समय हो गई जब वह वह कार्यक्रम देख रहा था और एक क्रूर बैल ने उसे मार डाला। मामूली रूप से घायल लोगों का इलाज विशेष चिकित्सा टीमों द्वारा किया गया, जबकि गंभीर रूप से घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मदुरै के अलंगनल्लूर में जल्लीकट्टू कार्यक्रम में बैल को नियंत्रित करने की कोशिश करता एक व्यक्ति।

गौरतलब है कि पोंगल उत्सव के हिस्से के रूप में हर साल सिरावायल में मंजुविरट्टू का आयोजन किया जा रहा था। इसके लिए 80 सांड़ों को काबू करने वालों और 275 सांडों को पंजीकृत किया गया था लेकिन कई अपंजीकृत सांड़ों को भी मैदान में उतारा गया था। कार्यक्रम को देखने के लिए गांव में 50,000 से अधिक दर्शक एकत्र हुए। इससे पहले, तमिलनाडु के सहकारिता मंत्री केआर पेरियाकरुप्पन ने कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई। नचियारपुरम पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

गणतंत्र दिवस की तैयारी...

नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड 2024 के लिए रिहर्सल के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की एक महिला टुकड़ी ने अपने हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों में देशभक्ति का जज्बा भरा। ● एजेंसी

मणिपुर में हथियार लूट मामले में सीबीआई ने आरोप पत्र दाखिल किया

नई दिल्ली। सीबीआई ने मई 2023 में मणिपुर पुलिस कर्मियों से हथियार और गोला-बारूद लूटे जाने के मामले में बुधवार को पांच लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बताया कि आरोप पत्र असम के गुवाहाटी में कामरूप (मेट्रोपॉलिटन) के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष दायर किया गया। सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि यह मामला चार मई, 2023 को मणिपुर पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज (एमपीटीसी) पांगेई परिसर में भीड़ के हमले और पूर्वोत्तर राज्य में एक जातीय संघर्ष के दौरान शस्त्रागार से भारी मात्रा में हथियार एवं गोला-बारूद लूटे जाने से जुड़ा है।

इराक ने की संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिसाइल हमले को लेकर शिकायत

बगदाद। इराकी विदेश मंत्रालय ने कुर्दिस्तान के अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र की राजधानी इरबिल पर मिसाइल हमले के बाद बुधवार को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ईरान के खिलाफ एक आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उसने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में इराक के स्थायी मिशन के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र के महासचिव और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष दोनों को दो समान पत्रों में शिकायत दर्ज की है। इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने इरबिल पर ईरानी मिसाइल हमले की आक्रामक कार्रवाई के रूप में मंगलवार को निंदा की, जो मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को कमजोर कर देगा। सुरक्षा परिषद ने सोमवार को कहा कि इरबिल में ईरानी मिसाइल हमले में चार लोग मारे गए।

नशीले पदार्थों और कलाशिनकोव ने पाकिस्तान को बर्बाद किया

इस्लामाबाद, एजेंसी

▸▸ पड़ोसी देश के प्रधान न्यायाधीश काजी फैज इसा ने कहा-खत्म होनी चाहिए यह संस्कृति

पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश काजी फैज इसा ने बुधवार अफसोस जताते हुए कहा कि नशीले पदार्थों और कलाशिनकोव ने पाकिस्तान को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने देश से कलाशिनकोव संस्कृति को खत्म करने पर जोर दिया। उच्चतम न्यायालय ने देश भर के कई अधिकारियों को नोटिस जारी कर प्रतिबंधित हथियारों के लिए जारी किए गए लाइसेंस के बारे में जानकारी भी मांगी है। देश के शीर्ष न्यायाधीश ने कहा, मादक पदार्थों और कलाशिनकोव ने पाकिस्तान को तबाह कर दिया है। दुनिया भर में कहीं भी कोई काले शीशे वाली बड़ी कारों में कलाशिनकोव लेकर नहीं घूमता। सीजेपी इसा ने कहा कि उन्हें भी कलाशिनकोव का लाइसेंस लेने की पेशकश की गई थी। कलाशिनकोव का मतलब एके राइफल से है।

द न्यूज इंटरनेशनल ने एक सुनवाई के दौरान न्यायाधीश की टिप्पणी के हवाले से कहा, सीजेपी (पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश) इसा ने कहा कि उन्हें

भी कलाशिनकोव का लाइसेंस लेने की पेशकश की गई है। प्रधान न्यायाधीश चोरी के आरोपी एक याचिकाकर्ता की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहे थे।

याचिकाकर्ता, काशिफ़ पर एक नागरिक के घर में डकैती के बाद चोरी के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। डकैती में हथियार भी चोरी हो गए थे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से विवरण मांगते हुए पूछा, पूरे देश में प्रतिबंधित हथियारों के कितने लाइसेंस जारी किए गए। सीजेपी ने इस बात पर अफसोस जताया कि पुलिस ने उस व्यक्ति से लाइसेंस नहीं मांगा जिसके हथियार चोरी हुए हैं।

मंदिर का निर्माण पूरा होने के बाद जाऊंगा अयोध्या: पवार

मुंबई, एजेंसी

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि वह मंदिर का निर्माण पूरा होने के बाद श्रीराम की पूजा करने के लिए अयोध्या जाएंगे। पवार ने 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय को लिखे एक पत्र में कहा कि वह 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए मिले निमंत्रण को लेकर आभारी हैं, लेकिन वह उस दिन इसमें शामिल नहीं हो सकेंगे।

उन्होंने कहा, मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम, आस्था और भक्ति के प्रतीक हैं। बड़ी संख्या में रामभक्त समारोह में शामिल होंगे और उनके जरिये आनंद मुझ तक भी पहुंचेगा। 22 जनवरी के बाद रामलला के दर्शन सुगम हो जाएंगे।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद परिवार के साथ जाऊंगा राम मंदिर

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि वह 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद सपरिवार अयोध्या जायेंगे और वहां राममंदिर में रामलला के दर्शन करेंगे। दिल्ली सरकार की तीर्थाटन योजना के तहत यहां द्वारकाधीश के लिए रवाना हो रहे वृद्धों से मिलने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में केजरीवाल ने कहा मैं अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ रामलला के दर्शन के लिए जाना चाहता हूं।

ईडी ने कुर्क की आतंकी मददगारों की पांच करोड़ की संपत्ति

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकवादियों के कुछ मददगारों की करीब पांच करोड़ रुपये की अचल संपत्ति और बैंक खातों में जमा राशि कुर्क कर ली है। केंद्रीय एजेंसी के मुताबिक ये मददगार धन का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों और पथराव के लिए करते थे।

ईडी ने बताया कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत सात अचल संपत्ति और दो बैंक खातों में जमा राशि को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। कुर्क संपत्ति अलगाववादी संगठन साल्वेशन फ्रंट के प्रमुख मोहम्मद अकबर भट, फातिमा शाह, काजी यासिर, मोहम्मद अब्दुल्लाह और इकबाल मीर की है। धनशोधन का मामला जम्मू-कश्मीर पुलिस की प्राथमिकी और आरोप पत्र के आधार पर दर्ज किया है।

तीन जापानी कंपनियों ने लाल सागर के रास्ते रोका जहाजों का परिवहन

टोक्यो, एजेंसी

जापानी शिपिंग कंपनियां निप्पॉन युसेन, मित्सुई ओएसके लाइन (एमओएल) और कावासाकी किसेन ने क्षेत्र में तनाव बढ़ने के बीच सभी मालवाहक जहाजों के लिए लाल सागर के माध्यम से अपने परिवहन मार्गों को निलंबित कर दिया है। जापानी मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। एनएचके ब्रॉडकास्टर ने बताया कि पहले केवल इजरायल से जुड़े जहाजों पर रोक अब सभी मालवाहक जहाजों पर विस्तारित कर दी गई है। कंपनियां दक्षिण अफ्रीका में केप ऑफ गुड होप के आसपास अपने जहाजों का मार्ग बदल रही हैं जिसका मतलब है अधिक कीमत पर लंबे मार्ग से शिपिंग।

नवंबर 2023 में यमन के विद्रोही अंसार अल्लाह आंदोलन यानी हूती विद्रोहियों ने गाजा पट्टी में अपनी सैन्य कार्रवाई बंद करने तक इजरायल से जुड़े किसी भी जहाज पर हमला करने की चेतावनी दी है। तब से कई शिपिंग कंपनियों ने लाल सागर और स्वेज नहर के माध्यम से अपने पारगमन को निलंबित करने की घोषणा की है।

बेल्जियम ने संभावित व्यवधानों की दी चेतावनी

ब्रसेल्स। बेल्जियम के तटीय शहर एंटवर्प स्थित यूरोप के दूसरे सबसे बड़े बंदरगाह ने कहा है कि भविष्य में लाल सागर में संकट के कारण जहाज में देरी और बंदरगाह संचालन में व्यवधान संभव है। हालांकि ऐसा अब तक ऐसा कुछ नहीं हुआ है। बंदरगाह ने आरआईए नोवोस्ती को बताया, आज तक कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ा है। जहाजरानी कंपनियां सात से 10 दिनों की देरी की रिपोर्ट कर रही हैं। कॉल की संख्या वही बनी हुई है।

समस्या | सांख्यिकी ब्यूरो ने बताया-देश की कुल जनसंख्या 1.4 अरब

जनसंख्या वृद्धि पर चीन को मिली चुनौती

बीजिंग, एजेंसी

चीन में कोविड-19 संबंधी प्रतिबंधों को हटाए जाने के बाद मृत्यु दर बढ़ने और जन्म दर कम होने के कारण 2023 में जनसंख्या 20 लाख कम हो गई। चीन की जनसंख्या 2023 के अंत तक साल-दर-साल 20.80 लाख से कम होकर 1.409 अरब रह गई है।

चीनी राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के आंकड़ों से बुधवार को यह जानकारी दी गई। ब्यूरो की विज्ञप्ति के अनुसार आधुनिक चीन गंभीर जनसांख्यिकीय चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिसमें लिंग असंतुलन और बढ़ती आबादी शामिल है, जो 1970 के दशक के अंत में शुरू की गई चीन की एक-परिवार-एक-बच्चा नीति द्वारा लाई गई थी। जिसके तहत शहरों में परिवारों को केवल एक बच्चा पैदा करने की अनुमति थी और गांवों में यदि पहला बच्चा लड़की हो तो दो।

ब्यूरो ने बताया कि 2013 में बीजिंग ने इस मुद्दे को हल करने के लिए प्रतिबंधों में ढील दी। उन जोड़ों को अनुमति दी, जहां परिवार में एकमात्र बच्चा है, उन्हें दूसरा बच्चा पैदा करने की अनुमति दी गई और संसोधन करते हुए 2016 में सभी जोड़ों को एक से अधिक बच्चे पैदा करने की अनुमति दी गई।

कई वर्षों में धीरे-धीरे कम हो रही मृत्यु दर

चीन में जन्म दर पिछले कई वर्षों में धीरे-धीरे कम हो रही है, 2016 में 1.77 करोड़, 2017 में 1.72 करोड़, 2018 में 1.52 करोड़, 2019 में 1.46 करोड़, 2020 में 1.2 करोड़, 2021 में 1.06 करोड़ और 2022 में 95.60 लाख दर्ज की गयी। चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने पहले कहा था कि चीन ने 2022 में रिकॉर्ड-कम संख्या में विवाह दर्ज किए, केवल 68.33 लाख जोड़ों ने अपने रिश्ते को औपचारिक रूप दिया, जो 37 वर्षों में सबसे कम है।